वर्ष-07 - अंक 277
पृष्ठ-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
मंगलवार ,14 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा





लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



एक्सप्रेस-वे किनारे बनेंगे औद्योगिक हब, यूपी में 57 हजार .......... 3
योगी सरकार में गन्ना किसानों के आर्थिक विकास को मिली ............... 4
पनकी धाम रेलवे स्टेशन : आस्था, आधुनिकता और सुगम रेल ....... 11


# 4200 करोड़ का लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे आज से जनता के लिए खुला

## 35-45 मिनट में तय होगी दूरी, हाई-स्पीड कॉरिडोर पर आज से टोल वसूली शुरू

**उन्नाव/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दो प्रमुख शहरों लखनऊ और कानपुर के बीच आवागमन को नई गति देने वाला 63 किलोमीटर लंबा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे मंगलवार, 14 जुलाई से आम जनता के लिए खोल दिया गया। करीब 4,200 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह छह लेन का अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं में शामिल है। इसके शुरू होने से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय लगभग आधा रह जाएगा और लाखों यात्रियों को रोजाना जाम से राहत मिलेगी। इस बहुप्रतीक्षित एक्सप्रेसवे का लोकार्पण सोमवार को उन्नाव के झाऊखेड़ा गांव में आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। लोकार्पण से पहले राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से आयोजित तकनीकी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने एक्सप्रेसवे के निर्माण में इस्तेमाल की गई आधुनिक 3डी



इंफ्रास्ट्रक्चर तकनीक, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों और भविष्य की विस्तार योजनाओं की जानकारी दी। एनएचएआई के अनुसार मंगलवार से एक्सप्रेसवे पर वाहनों का नियमित संचालन शुरू होने के साथ ही टोल वसूली भी लागू हो गई है। यह पूरी तरह कंट्रोल्ड एक्सेस हाई-स्पीड कॉरिडोर है, इसलिए सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई नियम लागू किए गए हैं। एक्सप्रेसवे पर केवल कार, जीप, बस, ट्रक और अन्य मोटर चालित वाणिज्यिक वाहनों को ही प्रवेश मिलेगा। बाइक, स्कूटर, ऑटो, ई-रिक्शा, साइकिल, ट्रैक्टर, पशु चालित वाहन और अन्य धीमी गति के वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। अब तक लखनऊ और कानपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर ट्रैफिक जाम के कारण सफर में डेढ़ से दो घंटे तक लग जाते थे। नए एक्सप्रेसवे के शुरू होने से यह दूरी अब मात्र 35 से 45 मिनट में पूरी की जा सकेगी। इससे एनएच-27 पर वाहनों का दबाव कम होगा और उन्नाव सहित आसपास के क्षेत्रों में लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक्सप्रेसवे प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई गति देगा। कानपुर के चमड़ा, वस्त्र और औद्योगिक क्षेत्र को लखनऊ के प्रशासनिक और आईटी हब से तेज संपर्क मिलने से माल ढुलाई की लागत घटेगी और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के लिए रोजाना लखनऊ-कानपुर के बीच यात्रा करने वाले हजारों लोगों को समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। सरकार का मानना है कि यह एक्सप्रेसवे प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों को भी नई दिशा देगा।

### उन्नाव को मिलेगा सबसे बड़ा लाभ

**इस परियोजना का सबसे अधिक लाभ उन्नाव जिले को मिलने की उम्मीद है। एक्सप्रेसवे को कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग और उन्नाव-लालगंज मार्ग से जोड़ा गया है। इसके अलावा गंगाघाट, करेर पतारी, कोरारी और अमरसस के पास आधुनिक इंटरचेंज बनाए गए हैं, जिससे उन्नाव, रायबरेली, कानपुर और लखनऊ के बीच आवागमन अधिक आसान और तेज होगा।**

# पॉक्सो पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी: '15-18 वर्ष प्रयोग की उम्र, झूठी शान में केस न कराएं'

## किशोरों के आपसी संबंधों में पॉसो के दुरुपयोग पर जताई चिंता

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने किशोरों के आपसी संबंधों में पॉक्सो कानून के इस्तेमाल पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि 15 से 18 वर्ष की आयु जीवन का संवेदनशील और प्रयोग करने का दौर होती है। ऐसे मामलों में माता-पिता अक्सर अपनी तथाकथित सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने के लिए आपराधिक मुकदमे दर्ज करा देते हैं, जबकि हर मामले को पॉक्सो के दायरे में नहीं रखा जा सकता। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरथना और आर. महादेवन की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि यदि 16 से 18 वर्ष के किशोर-किशोरी आपसी सहमति से साथ चले जाते हैं, तो राज्य ऐसे मामलों को पूरी तरह रोक नहीं सकता। अदालत ने कहा कि पॉक्सो कानून बच्चों को यौन शोषण और उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया है, इसलिए इसका उद्देश्य और दायरा स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए। यह मामला किशोरों के निजता के अधिकार से जुड़ा है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। दरअसल, कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान किशोर लड़कियों को रिश्तों को लेकर की गई टिप्पणी में 'दो मिनट के आनंद' जैसे शब्दों का प्रयोग किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अनुचित बताते हुए अस्वीकार कर दिया। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान ने अदालत को बताया कि जिस मामले से यह विवाद शुरू हुआ था, उसमें संबंधित नाबालिग युवती अब वयस्क हो चुकी है और अपने पति के साथ सुखद जीवन बिता रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में 17-18 वर्ष के लड़कों को जेल भेजे जाने से उनका भविष्य प्रभावित होता है। केंद्र सरकार की ओर से सुझाव दिया गया कि स्कूल स्तर पर ही बच्चों को पॉक्सो कानून और किशोर शिक्षा के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। हालांकि, मामलों की निगरानी के लिए ऑनलाइन डैशबोर्ड बनाने के सुझाव को सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि राज्यों और उच्च न्यायालयों की बाल अधिकार समितियां इस कार्य के लिए पर्याप्त हैं। इस महत्वपूर्ण मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।




**न्यायमूर्ति बी.वी. नागरथना और आर. महादेवन की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि यदि 16 से 18 वर्ष के किशोर-किशोरी आपसी सहमति से साथ चले जाते हैं, तो राज्य ऐसे मामलों को पूरी तरह रोक नहीं सकता। अदालत ने कहा कि पॉक्सो कानून बच्चों को यौन शोषण और उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया है, इसलिए इसका उद्देश्य और दायरा स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए। यह मामला किशोरों के निजता के अधिकार से जुड़ा है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है।**

## संक्षिप्त ख़बरें

### नगालैंड में असम राइफल्स पर आईईडी हमला

**कोहिमा।** नगालैंड के चुमौकेदिमा जिले में सोमवार को संदिग्ध आईईडी विस्फोट में असम राइफल्स का एक जवान बलिदान हो गया, जबकि चार अन्य घायल हो गए। रक्षा विभाग के पीआरओ कर्नल अमित शुक्ला ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान असम राइफल्स के वाहनों को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। घायलों का उपचार जारी है। फिलहाल हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है। इससे पहले मणिपुर के उखरूल जिले में भी असम राइफल्स के काफिले पर हुए हमले में दो जवान बलिदान हो गए थे।

### बंगाल राज्यसभा उपचुनाव: भाजपा के तीनों उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 24 जुलाई को होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के तीनों उम्मीदवारों ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। भाजपा प्रत्याशी सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक ने विधानसभा में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपने नामांकन पत्र जमा किए। अधिकारियों के अनुसार, विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की हार के बाद इन तीनों नेताओं ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर पार्टी छोड़ दी थी। इसके चलते राज्यसभा की तीन सीटें खाली हुई थीं। अब भाजपा के टिकट पर वे एक बार फिर संसद के उच्च सदन में वापसी की तैयारी में हैं।

### असऊपुरा में घर के बाहर बैठे अधेड़ पर हमला

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम असऊपुरा में पुरानी रंजिश को लेकर घर के बाहर बैठे एक व्यक्ति और उसके परिजनों पर लाठी-डंडों एवं कुल्हाड़ी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने पूरे परिवार पर हमला बोल दिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम असऊपुरा निवासी गोविन्ददास पुत्र राधेलाल अहिरवार ने कोतवाली तालबेहट में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि 11 जुलाई 2026 की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के बाहर बैठे थे।

## आईबी अधिकारी अंकित शर्मा हत्याकांड में ताहिर हुसैन दोषी करार

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में वर्ष 2020 के सांप्रदायिक दंगों के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के बहुचर्चित मामले में कड़कड़डूमा अदालत ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को हत्या और आपराधिक साजिश रचने का दोषी करार दिया है। मामले में अन्य सह-आरोपियों पर भी अदालत ने निर्णय सुनाया है, जबकि सजा की अवधि पर जल्द सुनवाई होगी। एडिशनल सेशंस जज प्रवीण कुमार की अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के आधार पर ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोप सिद्ध होते हैं। इस मामले में ताहिर हुसैन समेत कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया गया था। अदालत ने मार्च 2023 में सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या, दंगा, आपराधिक साजिश और धार्मिक विद्वेष फैलाने समेत विभिन्न धाराओं में आरोप तय किए थे। फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़के सांप्रदायिक दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा लापता हो गए थे। अगले दिन उनका शव चांद बाग पुलिया के पास स्थित खजूरी खास नाले से बरामद हुआ था।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनके शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान पाए गए थे। अंकित शर्मा के पिता रविंद्र कुमार की शिकायत पर दयालपुर थाने में ताहिर हुसैन और अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि दंगाइयों की भीड़ को उकसाने और हिंसा की साजिश में ताहिर हुसैन की प्रमुख भूमिका थी, जिसके परिणामस्वरूप अंकित शर्मा की हत्या हुई। अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद अब दोषियों की सजा तय करने के लिए अलग से सुनवाई होगी। इस फैसले को वर्ष 2020 के दिल्ली दंगा मामलों में एक महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णय माना जा रहा है।

### पेपर लीक पर सख्ती की मांग, सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर याचिका में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देने की मांग की गई है कि पेपर लीक मामलों की जांच और सुनवाई के लिए समय-सीमा तय करते हुए विशेष प्रक्रिया तैयार की जाए। याचिका में मांग की गई है कि पेपर लीक से जुड़े मामलों में भ्रष्टाचार विरोधी कानून, मनी लॉन्ड्रिंग, बेनामी संपत्ति और काले धन से संबंधित कानूनी प्रावधानों को लागू किया जाए। इसके अलावा पेपर लीक में शामिल आरोपियों और कथित रूप से जुड़े उनके परिवार के सदस्यों की चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने के लिए भी निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

## तृणमूल कांग्रेस में बढ़ा सियासी घमासान, ममता ने निर्वाचन आयोग से की त्वरित कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में संगठनात्मक विवाद गहराता जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट को अधिक समय न दिए जाने और मामले में जल्द निर्णय लेने की मांग की है। विवाद तब तेज हो गया जब दो जुलाई को ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने निर्वाचन आयोग से संपर्क कर स्वयं को 'असली' अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) बताया। गुट ने दावा किया कि 22 जून को हुई विशेष बैठक में संगठनात्मक बदलाव किए गए थे और आयोग से उन्हें मान्यता देने का अनुरोध किया। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने दोनों पक्षों से छह जुलाई तक अपना पक्ष रखने को कहा था। ममता बनर्जी गुट ने तय समय सीमा के भीतर अपना



जवाब दाखिल कर दिया, जबकि बागी गुट को 10 जुलाई तक अतिरिक्त समय दिया गया। 12 जुलाई को आयोग को भेजे पत्र में ममता बनर्जी ने कहा कि अतिरिक्त समय समाप्त होने के बाद भी उन्हें बागी गुट के जवाब की कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग के निर्देशों के अनुसार दोनों पक्षों को एक-दूसरे को अपने जवाब की जानकारी देनी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

## वारी यात्रा में ट्रक ने सात श्रद्धालुओं को रौंदा, तीन महिलाओं की मौत

**पुणे(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में सोमवार सुबह वारी शोभायात्रा के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रक ने पैदल चल रही वारकरी महिलाओं को कुचल दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब 8:30 बजे बेलसर टोल प्लाजा से जेजुरी की ओर लगभग 500 मीटर आगे हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि 70 वर्षीय ट्रक चालक बुखार और सर्दी की दवा ले रहा था। दूसरे वाहन को ओवरटेक करने के दौरान ट्रक अचानक बाईं ओर मुड़ गया और पैदल चल रही सात महिला श्रद्धालुओं को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में नंदा पवार (60), माधवी राजाराम सालगरे (55) और राजश्री शंकर भोसले (55) की मौके पर ही मौत हो गई। चार घायल महिलाओं को जेजुरी के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

## आठों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 27 जुलाई तक बढ़ी

**अयोध्या(एजेंसी)।** राम मंदिर चढ़ावा धनराशि चोरी के बहुचर्चित मामले में जेल में बंद सभी आठों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 27 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। सोमवार को सभी आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष न्यायालय (एंटी करप्शन कोर्ट) में पेश किया गया, जहां प्रभारी न्यायाधीश प्रतिभा नारायण ने उनकी न्यायिक अभिरक्षा रिमांड 14 दिन के लिए बढ़ाने का आदेश दिया। विशेष न्यायाधीश रजत वर्मा के अवकाश पर होने के कारण मामले की सुनवाई प्रभारी न्यायाधीश प्रतिभा नारायण ने की। इससे पहले मामले के विवेचक आशुतोष तिवारी ने अदालत में सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। मामले में आरोपी अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडेय, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू पहले से न्यायिक हिरासत में हैं। इस बीच, मामले के दो प्रमुख आरोपियों रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और सुभाष श्रीवास्तव को सात दिन की पुलिस कस्टडी में देने संबंधी पुलिस की अर्जी पर मंगलवार को एंटी करप्शन कोर्ट में सुनवाई होगी। विवेचक ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के लिए 10 जुलाई को यह आवेदन दाखिल किया था। अदालत के आगामी फैसले पर अब सभी की नजरें टिकी हैं।



## दुनिया का चौथा सबसे फैमिली-फ्रेंडली एयरपोर्ट बना हैदराबाद

**वैश्विक रैंकिंग में भारत को बड़ी उपलब्धि, यात्रियों की सुविधाओं के दम पर राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने हासिल किया चौथा स्थान**

**हैदराबाद(एजेंसी)।** हैदराबाद का राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दुनिया के सबसे फैमिली-फ्रेंडली हवाई अड्डों में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। यूके की संस्था AttractionTickets.com द्वारा जारी हैपिएस्ट एयरपोर्ट्स रैंकिंग में एयरपोर्ट को 20 में से 18.5 अंक मिले हैं। मई 2026 के आंकड़ों पर आधारित इस सर्वे में दुनिया के 140 से अधिक हवाई अड्डों का मूल्यांकन किया गया। रैंकिंग के लिए यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े नौ प्रमुख मानकों को आधार बनाया गया, जिनमें गूगल रिव्यू, बच्चों के लिए प्ले एरिया, फैमिली सिक्योरिटी लेन, बेबी केयर रूम, मुफ्त स्ट्रॉलर सेवा, आराम क्षेत्र, हाई-स्पीड वाई-फाई, विशाल टर्मिनल और विशेष जरूरत वाले यात्रियों के लिए सुविधाएं शामिल थीं। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार, यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए प्रत्येक टर्मिनल पर आधुनिक फैमिली रूम, प्रशिक्षित सहायक स्टाफ, थेरेपी डॉग्स, योग कक्ष तथा उत्कृष्ट खान-पान और शॉपिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस उपलब्धि पर जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीएचआईएएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कादिर कादिरवन ने कहा कि दुनिया के सबसे परिवार-अनुकूल हवाई अड्डों में शामिल होना संस्थान के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान यात्रियों को विश्वस्तरीय और सुविधाजनक यात्रा अनुभव देने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम है।



**रैंकिंग के लिए यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े नौ प्रमुख मानकों को आधार बनाया गया, जिनमें गूगल रिव्यू, बच्चों के लिए प्ले एरिया, फैमिली सिक्योरिटी लेन, बेबी केयर रूम, मुफ्त स्ट्रॉलर सेवा, आराम क्षेत्र, हाई-स्पीड वाई-फाई, विशाल टर्मिनल और विशेष जरूरत वाले यात्रियों के लिए सुविधाएं शामिल थीं।**

## यूपी के नए विधानभवन की तैयारी तेज

**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के नए विधानभवन के निर्माण की दिशा में तैयारियां तेज हो गई हैं। गोमतीनगर स्थित सहारा शहर की 245 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित नए विधानसभा परिसर के लिए सोमवार को कई कंपनियों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में अपने डिजाइन और विकास प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इससे पहले भी कई एजेंसियां अपना प्रेजेंटेशन दे चुकी हैं। प्रस्तावित परियोजना में नया विधानभवन, अत्याधुनिक सचिवालय, मुख्यमंत्री आवास, विधायक हॉस्टल तथा वीवीआईपी प्रशासनिक ब्लॉक का निर्माण शामिल है। सभी कंपनियों ने आधुनिक सुविधाओं और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी रूपरेखा प्रस्तुत की। योजना के अनुसार नया विधानभवन पूरी तरह पेपरलेस और डिजिटल होगा। इसे आगामी 100 वर्षों की आवश्यकताओं को



ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा। परिसर में आधुनिक तकनीक आधारित सुरक्षा व्यवस्था, स्मार्ट प्रशासनिक सुविधाएं और डिजिटल कार्य प्रणाली विकसित की जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए अंडरग्राउंड टनल, अलग वीवीआईपी प्रवेश एवं निकास द्वार तथा विशेष ट्रैफिक प्रबंधन की भी योजना तैयार की गई है, ताकि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान गोमतीनगर में जाम की समस्या न हो। डिजाइन में आधुनिक वास्तुकला के साथ उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की झलक भी शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया है।

# संक्षिप्त खबरें


## मुख्य दरवाजा तोड़कर घर में घुसे चोर



### नगदी समेत सोने-चांदी के आभूषण ले उड़े

**अमेठी/शुकुल बाजार।** थाना क्षेत्र शुकुल बाजार के दक्खिनगांव गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी और सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दक्खिनगांव निवासी दीपक ओझा ने शुकुल बाजार थाने में दी गई तहरीर में बताया कि अज्ञात चोर रात के समय उनके घर के मुख्य दरवाजे की सिटकनी तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा 22 हजार रुपये नगद चोरी कर फरार हो गए।पीड़ित के अनुसार, सुबह जब उनकी नींद खुली तो मुख्य दरवाजा खुला मिला और घर के अंदर रखा बक्सा, सूटकेस सहित अन्य सामान बिखरा पड़ा था। सामान की जांच करने पर नगदी और जेवरात गायब मिले, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।थानाध्यक्ष शुकुल बाजार ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है ,उन्होंने कहा कि जल्द ही चोरी की घटना का सफल अनावरण किया जाएगा।

## कप्तानगंज चौराहे पर जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत



**बस्ती।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिला अध्यक्ष कृष्णानंद उपाध्याय का बस्ती जनपद के कप्तानगंज चौराहे पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया और संगठन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। स्वागत समारोह के उपरांत जिला अध्यक्ष ने कप्तानगंज स्थित माँ दुर्गा मंदिर पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया।स्वागत में बृजेश त्रिपाठी,आदित्य पांडे, बेबी सिंह, मोहम्मद आलम, विजय मिश्रा, अश्वनी पाठक, सुनील तिवारी, परम जियावन प्रजापति, अमित ओझा, अंश तिवारी आदि रहे उपस्थित।

## विकल्प पांडेय बने एमसीएफ मेंस यूनियन के उपाध्यक्ष



**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (एमसीएफ) की प्रमुख कर्मचारी यूनियन रेल कोच फैक्ट्री मेंस यूनियन की नई केंद्रीय कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। नई कार्यकारिणी सोमवार से प्रभावी हो गई है। इसमें विकल्प पांडेय को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कर्मचारियों के हितों की रक्षा उनकी समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि यूनियन रेल कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद यूनियन कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। यूनियन के अध्यक्ष शिव गोपाल मिश्रा और महासचिव एलएन पाठक के निर्देशन में नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। कार्यकारिणी में शिव गोपाल मिश्रा को पुनः केंद्रीय अध्यक्ष और एलएन पाठक को महासचिव बनाया गया है। वहीं राकेश डी तिवारी को कार्यवाहक अध्यक्ष और रोहित मिश्रा को कार्यवाहक महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है।उपाध्यक्ष पद पर अभय कुमार सिंह, इंदर लाल मीना, अनुपम कुमार मिश्रा और विकल्प पांडेय को मनोनीत किया गया है। सहायक महासचिव के रूप में सीपी पांडेय, बलिराम यादव, अनिल कुमार यादव, धनंजय कुमार और रत्नेश गुप्ता को जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा मनोज कुमार को कोषाध्यक्ष, अग्निवेश प्रसाद को संगठन सचिव और अजय व एसपी सिंह को मीडिया समन्वयक बनाया गया है। पदाधिकारियों और सदस्यों ने संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा जताया।

# नवनिर्मित पंजीयन भवन का लोकार्पण

## अमेठी को मिली आधुनिक प्रशासनिक सुविधा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनपद अमेठी में पंजीयन एवं स्टांप विभाग की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई। नवनिर्मित कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबंधन एवं न्यायालय सहायक आयुक्त स्टांप तथा कार्यालय उप निबंधक गौरीगंज का भव्य लोकार्पण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार रवीन्द्र जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योति सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। लोकार्पण समारोह की शुरुआत राज्य मंत्री द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन एवं फीता काटकर की गई। इसके उपरांत उन्होंने नवीन भवन का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश भी दिया। लोकार्पण कार्यक्रम से पूर्व राज्य मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस, गौरीगंज में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा स्टांप विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों एवं जनसुविधाओं की समीक्षा की। अपने संबोधन में राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सक्षम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजीयन विभाग प्रदेश के राजस्व सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा विभाग को जनोन्मुखी बनाने के लिए अनेक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में वर्तमान में चार उप निबंधक कार्यालय संचालित हैं, जहां प्रतिवर्ष औसतन लगभग 16 हजार दस्तावेजों का पंजीकरण किया जाता है। इससे विभाग को लगभग 80 करोड़ 20 लाख रुपये वार्षिक राजस्व प्राप्त होता है। बीते वित्तीय वर्ष की तुलना में पंजीकृत विलेखों की संख्या में लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए पंजीयन शुल्क में विभिन्न प्रकार की रियायतें प्रदान कर रही है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं के नाम संपत्ति पंजीकरण पर मिलने वाली छूट की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति से 1 करोड़ रुपये मूल्य तक कर दिया गया है। इससे महिलाओं को अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में प्रतिवर्ष महिलाओं के नाम पंजीकृत लगभग 8700 दस्तावेजों पर करीब 8 करोड़ रुपये की स्टांप शुल्क छूट प्रदान की जाती है। इसी प्रकार दान-पत्रों पर प्रतिवर्ष लगभग 15 करोड़ रुपये, भूतपूर्व सैनिकों को लगभग 23 लाख रुपये



तथा दिव्यांगजनों को लगभग 11 लाख रुपये की छूट दी जाती है। इन व्यवस्थाओं से समाज के विभिन्न वर्गों को सीधा लाभ मिल रहा है तथा पंजीयन कार्यों को प्रोत्साहन भी प्राप्त हो रहा है। राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी क्रम में अमेठी एवं मुसाफिरखाना के निबंधन कार्यालयों के नवीन भवनों का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिससे नागरिकों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद अमेठी को मिली इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में अमेठी में आधारभूत सुविधाओं एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद प्रशासन नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। नवीन कार्यालय भवन से विभागीय कार्यों के संचालन में दक्षता बढ़ेगी तथा आमजन को बेहतर वातावरण में सेवाएं प्राप्त होंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में अमेठी में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विकास कार्यों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर सहायक महानिरीक्षक स्टांप कमलेश पाठक ने बताया कि लगभग 3 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबंधन एवं न्यायालय सहायक आयुक्त स्टांप तथा कार्यालय उप निबंधक गौरीगंज के नवीन भवन का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से विभागीय कार्यों में और अधिक दक्षता आएगी तथा आमजन को बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। कार्यक्रम में अयोध्या मण्डल के उप महानिरीक्षक निबंधन ऋषिकेश पाण्डेय, स्टांप एवं पंजीयन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे।

# पद का नहीं, दिल का रिश्ता है- जिला अध्यक्ष

## अमेठी से स्मृति ईरानी के जुड़ाव पर बोले भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी के अमेठी जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अमेठी से संबंधों को आत्मीय बताते हुए कहा कि उनका जुड़ाव किसी राजनीतिक पद या जिम्मेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिल का रिश्ता है, जिसे उन्होंने हर अवसर पर निभाया है। नवनिर्मित सहायक निरीक्षक निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्री कार्यालय) के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुधांशु शुक्ला ने कहा कि वर्ष 2023 में गौरीगंज स्थित निबंधन कार्यालय की जर्जर स्थिति को देखते हुए स्मृति ईरानी ने स्वयं नए भवन के निर्माण का प्रस्ताव रखा था। उनके सतत प्रयासों और पहल का ही परिणाम है कि आज अमेठी को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नया रजिस्ट्री कार्यालय प्राप्त हुआ है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पंजीयन विभाग द्वारा निर्मित इस भवन का उद्घाटन विभागीय मंत्री रविंद्र जायसवाल ने किया। यह भवन न केवल आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुगम और प्रभावी बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।सुधांशु शुक्ला ने कहा कि स्मृति ईरानी ने अमेठी के विकास के लिए अपने कार्यकाल में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को गति दी। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल






और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उनके प्रयासों का लाभ आज भी जनपद को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अमेठी के प्रति उनका समर्पण यह स्पष्ट करता है कि उनका रिश्ता केवल जनप्रतिनिधि का नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य जैसा आत्मीय संबंध है।उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी अमेठी के विकास की यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ती रहेगी और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता मिलती रहेगी।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद अमेठी को मिली इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में अमेठी में आधारभूत सुविधाओं एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

# दुबौलिया फीडर पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केदुबौलिया विकास खंड के विद्युत फीडर पर तैनात अवर अभियंता के खिलाफ भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाते हुए अधिवक्ता चिन्ताहरन सिंह ने अधीक्षण अभियंता को शिकायत पत्र सौंपकर उच्चस्तरीय जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र के कई किसानों को एक ही गाटा संख्या और चक नंबर पर विद्युत कनेक्शन जारी किए गए हैं, जबकि अन्य स्थानों पर नियमों के विपरीत मोटरों का संचालन कराया जा रहा है। इससे विभाग को राजस्व हानि होने के साथ सरकारी नियमों की अनदेखी की जा रही है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि अवर अभियंता किसानों से कथित रूप से अवैध



धन उगाही कर मनमाने तरीके से कनेक्शन जारी कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी लंबे समय से फीडर पर प्रभाव बनाए हुए हैं और अपने खिलाफ कार्रवाई न होने का दावा करते हैं। अधिवक्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कठोर विभागीय कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के बाद क्षेत्र में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन शुरू

### आगामी 04 अगस्त मध्य रात्रि तक कर सकते हैं आवेदन

**अम्बेडकर नगर।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विनय कुमार सिंह ने बताया कि राजकीय आई0टी0आई0 अकबरपुर, अम्बेडकर नगर के विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन की सुविधा दिनांक 11 जुलाई से 04 अगस्त 2026 की मध्य रात्रि 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। आनलाइन आवेदन करने के लिए किसी भी साइबर कैफै अथवा जन सेवा केन्द्र से कराया जा सकता है। जिसकी बेबसाइट- http//www.scvtup.in है। आवेदन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी/सुझाव के लिए कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अकबरपु अम्बेडकर नगर से किसी भी कार्यदिवस में संपर्क किया जा सकता है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रशासक बने संजय चौधरी भव्य स्वागत समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती-** जिला पंचायत बस्ती के नवनियुक्त प्रशासक संजय चौधरी के स्वागत अभिनंदन समारोह में आज भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। संजय चौधरी का फूल-मालाओं से स्वागत हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संजय चौधरी के नेतृत्व में जिला पंचायत के विकास कार्यों को गति मिलेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत को पारदर्शी और जनहितकारी तरीके से चलाने का संकल्प लिया गया। पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और विकास को आगे बढ़ाने की बात कही।

संजय चौधरी ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वर्तमान समय में केन्द्र व राज्य गरीबों व असहाय परिवारों की सरकार है वर्तमान सरकार में सभी जाति धर्म के लोग सुरक्षित है सभी को समान लाभ दिया जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, मुफ्त राशन घर- घर तक निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है और सभी पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ निष्पक्ष रूप से मिल रहा है अगामी विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत के साथ जीतेगी और यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही मुख्यमंत्री बनेंगी। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। स्वागत समारोह में




जिले के अधिकांश जिला पंचायत सदस्य व प्रतिनिधि उपस्थित रहे हैं। प्रशासक के रूप में संजय चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी कि जिला पंचायत में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाना और पारदर्शिता बरतना होगी। बस्ती की जनता को उम्मीद है कि अब फंड का सही उपयोग होगा और काम जमीन पर दिखेंगा।


# ग्रामीणों का खून से विरोध, एथेनॉल फैक्ट्री पर रोक की मांग

## जितेंद्र यादव के नेतृत्व में फैक्ट्री का विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जनपद बस्ती के भानपुर तहसील के दसिया ग्राम में प्रस्तावित जन-विरोधी एथेनॉल फैक्ट्री के निर्माण को रुकवाने के लिए आज समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी भानपुर के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन का एक अनोखा और बेहद संवेदनशील तरीका अपनाया। अपनी कृषि भूमि, पर्यावरण और बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए आक्रोशित ग्रामीणों ने अपने रक्त (खून) से पत्र लिखकर देश के प्रधानमंत्री को भेजा है।

सपा नेता जितेन्द्र यादव ने पत्र में लिखा कि इससे भूजल का संकट आ सकता है , इस प्लांट के लगने से भारी मात्रा में पानी का दोहन होगा। इससे पहले से ही नीचे जा रहा भूजल स्तर पूरी तरह तबाह हो जाएगा, जिससे किसानों की खेती और आम जनता के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा तथा बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है प्रस्तावित फैक्ट्री से मात्र 200 मीटर की दूरी पर दो सरकारी स्कूल स्थित हैं। प्लांट से निकलने वाले जहरीले धुएं, रसायनों और तीव्र दुर्गंध से मासूम बच्चों तथा आसपास के 14-15 गांवों की जनता के स्वास्थ्य पर जानलेवा असर पड़ेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और फैक्ट्री प्रबंधन ने बिना किसी स्थानीय जनसुनवाई या ग्रामवासियों की सहमति के इस संवेदनशील इलाके में जबरन निर्माण कार्य शुरू करा दिया है, जो पूरी तरह तानाशाही है। सपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन यदि



विकास की कीमत किसानों की उपजाऊ जमीन को उजाड़कर और जनता की जिंदगी दांव पर लगाकर चुकानी पड़े, तो ऐसे विनाशकारी कदम का पूरी ताकत से विरोध किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर फैक्ट्री निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है - ज्ञापन देने वालों में संजय यादव, राकेश कुमार, अरमान खान, विवेक चौधरी, विकाश यादव, शिवसहाय चौधरी, कमल यादव, रंजीत चौहान, आशीष प्रजापति, मनोज चौहान, शशि जॉन, हितेश कुमार, रजनीश, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# अभाविप ने किया इकाई पुनर्गठन, लगाए पौधे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकर नगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) अकबरपुर नगर इकाई का पुनर्गठन नगर पालिका परिषद के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी के रूप में पूर्व जिला प्रमुख आशीष मिश्र उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। नगर अध्यक्ष के रूप में डॉ. विनय यादव एवं नगर मंत्री के रूप में हर्षित पाठक को दायित्व सौंपा गया। नगर उपाध्यक्ष के रूप में सौरभ श्रीवास्तव, अनुपम त्रिपाठी एवं निधि सिंह को दायित्व मिला। वहीं नगर सह मंत्री के रूप में रितेश गौतम, शिवांश मिश्र, सरिता तिवारी एवं अनुपम शर्मा को मनोनीत किया गया। एसएफडी संयोजक संतोषी एवं सह संयोजक पायल, आरकेएम संयोजक शोली वर्मा एवं सह संयोजक आदित्यानंदन, खेलो भारत संयोजक शौर्य एवं सह संयोजक रिशु पाल, एसएफएस संयोजक विनायक एवं सह संयोजक पूर्णिमा, छात्रावास कार्य संयोजक निर्भय सिंह, नगर आंदोलन प्रमुख देव सिंह एवं सह प्रमुख आकाश पाण्डेय को दायित्व प्रदान किया गया। नगर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीपाली, समय,



साइस्ता, शिवांगी एवं अनिरुद्ध को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अभय सिंह सानू ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन हित में कार्य करने एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के उपरांत अभाविप द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, टांडा रोड में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक अंकित सिंह, जिला संगठन मंत्री शुभम तिवारी, जिला संयोजक सूर्यांश त्रिपाठी, जिला छात्रा प्रमुख अनु गौड़, तहसील संयोजक सदर शिवम राणा, विमल सिंह, जयनंदन एवं विपुल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार, छात्र हित एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## स्कूल चलो अभियान में शिक्षकों की बाइक रैली



**लालगंज (रायबरेली)।** स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण के तहत सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र से शिक्षकों ने बाइक रैली निकालकर शत-प्रतिशत नामांकन के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली को खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। करीब 50 दोपहिया वाहनों के साथ निकली रैली विभिन्न गांवों से होकर गुजरी। इस दौरान 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराने का संदेश दिया गया। अभियान 15 जुलाई तक चलेगा। रैली में अजय बाबू पांडेय, विश्वास बहादुर सिंह, सौरभ तिवारी, आशीष प्रताप सिंह, हरिओम यादव, विवेक शुक्ला, विनोद कुमार, अंकित सिंह, दिलीप निर्मल, अतुल, अरविंद शुक्ला, पवन साहू, मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# 72 घंटे में अंबेडकरनगर की पूरी एसडीएम टीम बदली

## इस तबादले में ताश के पत्ते की तरह फेंटे गए एसडीएम।

### तू चल मैं आता हूं' कि तर्ज पर PCS ट्रान्सफर की दूसरी लिस्ट से प्रशासनिक अमले में बढ़ी हलचल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकर नगर।** राजस्व से लेकर कानून व्यवस्था तक नए चेहरों से नई उम्मीदें हैं। चुनाव से पहले सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए संवेदनशील जिलों में अनुभवी अधिकारियों की तैनाती कर दी गई। योगी सरकार ने 72 घंटे के अंदर अम्बेडकर नगर जनपद के प्रशासनिक ढांचे की पूरी 'ओवरहॉलिंग' कर दिया। PCS अधिकारियों की पहली और दूसरी तबादला सूची मिलाकर जनपद से कुल 4 एसडीएम रुखसत हुए और 4 नए एसडीएम की आमद हुई जिसमें 2 महिला अधिकारी भी शामिल हैं। यह फेरबदल साफ संकेत दे रहा है कि सरकार अब 'परफॉर्मेंस' और 'जनसुनवाई' को ही तरजीह देगी। सरकार द्वारा जारी दोनों सूचियों में अम्बेडकर नगर को विशेष महत्व दिया गया है, जिले की पूरी स्क्षरूटीम को बदलकर नए सिरे से सेट किया गया है।

जनपद से रुखसत हुए 4 एसडीएम में अरविंद त्रिपाठी को अम्बेडकरनगर से वाराणसी, सुभाष सिंह को अम्बेडकरनगर




से रामपुर, शशि शेखर अम्बेडकरनगर से एटा, नीरज गौतम को अम्बेडकरनगर से कानपुर देहात का नाम शामिल है। जबकि एसडीएम मधुमिता सिंह बाराबंकी से, संजीव कुमार कासगंज से, पुष्पेंद्र पटेल गाजीपुर से और तृप्ति गुप्ता बरेली से ट्रान्सफर होकर अम्बेडकर नगर जिले आए। इस प्रकार कुल चार तहसीलों को उपजिलाधिकारी के रूप में नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं। जिले की नई टीम में एसडीएम मधुमिता सिंह और एसडीएम तृप्ति गुप्ता दो नई महिला अधिकारी शामिल हैं जोकि जिले के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है जब एक साथ 2 महिला SDM की तैनाती हुई है।

**सरकार का संदेश:** 'काम नहीं तो कुर्सी नहीं' सूत्रों एवं जन चर्चा के मुताबिक यह तबादले रूटीन नहीं हैं, चुनाव से पहले सरकार ने उन जिलों को टारगेट किया है जहां से शिकायतें ज्यादा आ रही थीं।

## ग्राम प्रधान के नेतृत्व में हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सिद्धार्थनगर।** सदर ब्लॉक नौगढ़ के ग्राम पंचायत मधुबनी में रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देना था। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के विभिन्न स्थानों पर छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। इस दौरान उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। ग्राम प्रधान अमजद अली ने इस अवसर पर कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने को सभी की जिम्मेदारी बताया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी नियमित देखभाल करे, ताकि वह भविष्य में एक विशाल वृक्ष बनकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सके।

# चन्द्रमणि पाण्डेय ने उठाए जनहित के मुद्दे, कार्रवाई की मांग

## अनियमितताओं की जांच और दोहरी टोल वसूली समाप्त करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** भाजपा नेता एवं समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने रविवार को हजारों कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ बभनान चौराहे से उपजिलाधिकारी कार्यालय, हरैया तक पैदल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री के हरैया दौरे के दौरान कथित प्रशासनिक अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, दोहरी टोल वसूली समाप्त करने तथा मनोरमा नदी के संरक्षण सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। चन्द्रमणि पाण्डेय ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान उन्हें बिना किसी वैधानिक आधार के पुलिस प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव चरण जैसवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रोली सिंह सहित कई ऐसे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम में जाने से रोका गया, जिनके नाम पार्टी की अधिकृत सूची में शामिल थे। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हरैया एवं बस्ती की ऐतिहासिक, पौराणिक और सांस्कृतिक धरोहर मनोरमा नदी वर्षों से अतिक्रमण, प्रदूषण और उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से अब तक इस विषय पर लगातार ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन और न्यायालयीन प्रयास किए गए हैं। स्थानीय युवाओं के सहयोग से नदी की सफाई कर हजारों कुंतल मलबा हटाया गया, लेकिन संबंधित विभागों ने अपेक्षित कार्रवाई नहीं की। उन्होंने मनोरमा, रामरेखा और कुवानों नदियों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए प्रभावी कार्ययोजना लागू करने की मांग की। उन्होंने गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मात्र 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित दो टोल प्लाजाओं को निर्धारित मानकों के विपरीत बताते हुए इसे जनता के साथ अन्याय करार दिया। साथ ही चौकड़ी टोल प्लाजा के तालाब की भूमि पर बिना एनओसी निर्माण का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कराने तथा स्थानीय वाहनों को टोल से छूट या न्यायसंगत लोकल पास व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय वाहनों को राहत नहीं दी जाती है तो महूघाट-विशेषरगंज मार्ग पर लगाए गए हाइट बैरियर को तत्काल हटाया जाए।



चन्द्रमणि पाण्डेय ने चेतावनी दी कि यदि जनहित के इन मुद्दों पर समयबद्ध एवं सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की जनता के साथ लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री शक्तिदीप पाठक, मंडल उपाध्यक्ष रबी पाण्डेय, विमलेंद्र सिंह, दिनेश तिवारी, चन्द्र प्रकाश तिवारी, सुरेन्द्र सोनकर, अभिषेक शर्मा, सोनू शुक्ला, विमल पाण्डेय, विजय पाण्डेय, हनुमान बर्मा, अरविंद सिंह, शिवम तिवारी, संजय निषाद, गिरीशधर द्विवेदी, अमरनाथ शुक्ल, विनोद तिवारी, विनोद चौधरी, एस.पी. चौधरी, बृजकिशोर शुक्ल, राहुल यादव, रणजीत यादव, पवन शुक्ल, पशुपतिनाथ चौबे, रजनीश शुक्ल, राजीव पाण्डेय सहित क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस-वे किनारे बनेंगे औद्योगिक हब, यूपी में 57 हजार करोड़ के निवेश की तैयारी

## 26 जिलों में 27 स्थानों पर विकसित हो रहे आईएमएलसी, 10,795 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पूरा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार एक्सप्रेस-वे के किनारे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (आईएमएलसी) विकसित कर प्रदेश को देश के प्रमुख औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे के आसपास विकसित होने वाले ये औद्योगिक केंद्र निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2020 में एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक कॉरिडोर विकसित करने की योजना शुरू की थी। इसके तहत प्रदेश के 26 जिलों में 27 स्थानों पर आईएमएलसी विकसित किए जा रहे हैं। परियोजना के लिए करीब 12,700 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जिसमें से अब तक 10,795 एकड़ (85.73 प्रतिशत) भूमि का अधिग्रहण और पुनर्ग्रहण पूरा किया जा चुका है। औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए जुलाई 2025 में सभी 27 आईएमएलसी स्थलों के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी किया गया था। इसके बाद उद्योग जगत से बेहतर प्रतिक्रिया मिली है। अब तक करीब 1,110 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनके माध्यम से लगभग 57,148 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। आईएमएलसी परियोजना के तहत उन्नाव नोड में 125.992 एकड़ भूमि का आवंटन किया जा चुका है। यहां करीब 2,068 करोड़ रुपये के निवेश से औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी, जिससे लगभग 2,160 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं मेरठ नोड में 20.64 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इस परियोजना में करीब 321.04 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है, जिससे 1,814 रोजगार मिलने की उम्मीद है। हरदोई नोड में 7.91 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, जहां 142.50 करोड़ रुपये के निवेश से करीब 326 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अब तक तीन जिलों में आठ कंपनियों को कुल 154.542 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से करीब 2,531 करोड़ रुपये का निवेश सुनिश्चित हुआ है और लगभग 4,300 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। सरकार का लक्ष्य है कि एक्सप्रेस-वे आधारित औद्योगिक विकास के जरिए प्रदेश में विनिर्माण, भंडारण और परिवहन क्षेत्र को मजबूत किया जाए, जिससे उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में उभर सके।

# बिसवां में केंद्रीय प्रभारी ने परखे विकास कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां सीतापुर।** भारत सरकार द्वारा आकांक्षात्मक विकास खंड बिसवां, जनपद सीतापुर हेतु नामित केंद्रीय प्रभारी अधिकारी उमेश कुमार सिंह (IRPS) ने सोमवार को विकास खंड बिसवां का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी (IAS) एवं खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह (PDS) सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकास खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने जीआईसी जनुवा-बिसवां आंगनबाड़ी केंद्र-बिसवां देहात द्वितीय ओपन जिम-बिसवां देहात प्राथमिक विद्यालय-मझिगवां कला ग्राम पंचायत शिवथाना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मियावाकी प्लांटेशन एवं आरआर सेंटर तथा ग्राम पंचायत कमुआ में प्राकृतिक खेती का स्थलीय निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत कमुआ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं कृषि सखियों ने केंद्रीय प्रभारी अधिकारी का स्वागत करते हुए प्राकृतिक खेती के विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया। कृषि सखियों ने जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, प्राकृतिक कीट एवं रोग प्रबंधन सहित प्राकृतिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी तथा बताया कि किस प्रकार प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की लागत में कमी तथा आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने आजीविका आधारित उद्यमों, महिला सशक्तिकरण एवं सामुदायिक सहभागिता से जुड़े अनुभव भी साझा किए। उमेश कुमार सिंह ने एनआरएलएम से जुड़ी महिलाओं एवं कृषि सखियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन के रूप में विकसित करने, अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने तथा महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुँचाया जाए तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक खेती तथा ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी (IAS) ने जनपद सीतापुर में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं आकांक्षात्मक विकास खंड बिसवां की उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की। वहीं खंड विकास अधिकारी नंजय सिंह (PDS) ने विकास खंड स्तर पर संचालित योजनाओं, नवाचारों एवं ग्रामीण विकास से जुड़े प्रमुख कार्यों से केंद्रीय प्रभारी अधिकारी को अवगत कराया।

# एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ, शिवाजी पार्क समेत विभिन्न स्थानों पर हुआ वृक्षारोपण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 13 जुलाई प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रविवार को इंदिरानगर क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंदिरानगर आवासीय महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के पार्षदों एवं मोहल्ला सुधार समितियों के पदाधिकारियों ने अपनी माताओं की स्मृति एवं सम्मान में पार्कों और घरों में पौधे लगाए तथा उनकी सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लिया। इंदिरा प्रियदर्शिनी वार्ड स्थित शिवाजी पार्क में क्षेत्रीय पार्षद कल्पना वर्मा के नेतृत्व में कॉलोनीवासियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने का संदेश भी दिया गया। वहीं पिकनिक स्पॉट रोड पर वन विभाग द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें इंदिरानगर के अनेक सामाजिक संगठनों ने सहभागिता करते हुए पौधे लगाए। कार्यक्रम में पार्षद रामकुमार वर्मा, दिनेश शुक्ला, नितिन सिंह पटेल, कैलाश जैन, सुनील त्यागी, डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. अंजु वार्ष्णेय, सुभाष शर्मा, पी.के. जैन, राकेश सिंह, देवी शरण त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ककौली में विकास सिर्फ बोर्ड तक

## जलभराव व टूटी सड़क से ग्रामीण परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ में कार्यों के बावजूद नहीं हुआ समाधान, स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक रोज झेल रहे परेशानी; ग्रामीणों ने लगाए उपेक्षा और भ्रष्टाचार के आरोप लखनऊ जनपद की बीकेटी विधानसभा क्षेत्र (169) के अंतर्गत फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड स्थित ककौली गांव के स्थानीय निवासी वर्षों से जलभराव और जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला और स्थानीय सभासद रामू कनौजिया से शिकायत करने के बावजूद आज तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों के अनुसार गांव की मुख्य सड़क लंबे समय से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। बरसात के दिनों में सड़क पर जलभराव इतना अधिक हो जाता है कि राहगीरों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का निकलना तक मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई लोग इस रास्ते पर फिसलकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि पूर्व में एक बच्चे की इस जलभराव और सड़क की बदहाली के कारण जान भी चली गई थी, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शासन द्वारा सड़क निर्माण का बोर्ड तो लगा दिया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि विकास कार्य स्वीकृत हो चुका है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क आज भी अपनी बदहाल स्थिति में है और निर्माण कार्य शुरू तक नहीं हुआ है। ऐसे में लोगों ने इसे विकास कार्यों में पारदर्शिता पर बड़ा सवाल और भ्रष्टाचार का प्रतीक बताया है। ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने कई बार संबंधित जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर सड़क निर्माण और जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अनदेखी के कारण गांव के हजारों नागरिक रोजाना कठिनाइयों का सामना करने को मजबूर हैं। ककौली गांव के निवासियों ने शासन और जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, सड़क निर्माण कार्य को तत्काल शुरू कराया जाए तथा जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को वर्षों से चली आ रही इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके। अब बड़ा सवाल यह है कि जब विकास कार्यों के बोर्ड लगाए जा चुके हैं, तो आखिर सड़क निर्माण कार्य धरातल पर क्यों दिखाई नहीं दे रहा? और कब तक ककौली गांव के लोग बदहाल सड़क और जलभराव की इस समस्या से जूझते रहेंगे?

# सरोजनीनगर को मिली बैंकिंग विकास की नई सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोमवार को सेक्टर-4, वृंदावन योजना स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने बैंकिंग व्यवस्था को देश की आर्थिक मजबूती का आधार बताते हुए कहा कि बैंक केवल वित्तीय संस्थान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के सबसे महत्वपूर्ण साझेदार हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की बचत को निवेश में परिवर्तित कर बैंक उद्योग, व्यापार और स्वरोजगार को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। अपने संबोधन में डॉ. राजेश्वर सिंह ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के लगभग 90 वर्षों के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1935 में स्थापित यह बैंक राष्ट्रीयकरण के बाद भी निरंतर प्रगति की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करता रहा है। उन्होंने बैंक की पारदर्शी कार्यप्रणाली, उत्कृष्ट सेवा और जनविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि बैंक का मात्र 0.13 प्रतिशत एनपीए (ह्र्क्क) देश में सबसे कम होना उसकी मजबूत ऋण नीति, प्रभावी निगरानी और उत्कृष्ट रिकवरी व्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए बैंक प्रबंधन और समस्त कर्मचारियों को बधाई दी। विधायक ने प्रवर्तन निदेशालय में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें बैंकिंग प्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिला, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बैंक देश की आर्थिक प्रगति और औद्योगिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के लगभग साढ़े छह लाख करोड़ रुपये के व्यवसाय को उसकी विश्वसनीयता और क्षमता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत गोविंद सिंह, दीवाकर पांडे, अजय कुमार मौर्य, ममता यादव एवं रिद्धि पाण्डेय को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। डॉ. राजेश्वर सिंह ने सभी लाभार्थियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकार की योजनाएँ युवाओं को रोजगार सृजन और उद्यमिता के लिए सशक्त बना रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बहराइच में 42.93 करोड़ की 14 सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मुख्यालय से वर्चुअल माध्यम से जनपद बहराइच में पूरी हुई 14 सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। करीब 42.93 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इन परियोजनाओं से जिले में सिंचाई व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। लोकार्पित परियोजनाओं में चौधरी चरण सिंह सरयू पंप नहर (द्वितीय एवं तृतीय चरण) नानपारा का आधुनिकीकरण प्रमुख है। वर्ष 1984-85 में निर्मित इस पंप नहर में पुराने विद्युत एवं यांत्रिक उपकरणों को बदलकर नए पंप सेट, पाइप लाइन, विद्युत उपकरण और स्काडा प्रणाली स्थापित की गई है। करीब 35.76 करोड़ रुपये की लागत से हुए इस कार्य के बाद पंप नहर की क्षमता फिर से 240 क्यूसेक हो गई है। इससे लगभग 28,976 किसान परिवारों को लाभ मिलेगा और 21,387 हेक्टेयर सिंचन क्षमता बहाल हुई है।

### आर्सेनिक-फ्लोराइड प्रभावित गांवों में 100% नल से जल सुनिश्चित करें: स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आर्सेनिक और फ्लोराइड प्रभावित सभी गांवों में शत-प्रतिशत पाइप्ड वॉटर सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रभावित गांव में नल से जल आपूर्ति बाधित होने की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने सोमवार को उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय में जल जीवन मिशन, लघु सिंचाई, भूगर्भ जल विभाग और स्वच्छ गंगा मिशन की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन की सभी परियोजनाएं तय समयसीमा के भीतर पूरी की जाएं। समीक्षा के दौरान मंत्री ने लखनऊ मंडल में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की सराहना की। उन्होंने बताया कि विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र की अधिकांश परियोजनाएं लगभग पूरी हो चुकी हैं।

# एलडीए कॉलोनी पोस्टमास्टर पर लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सरकारी कार्यालय में ड्यूटी के समय लापरवाही और अभद्र व्यवहार का मामला प्रकाश में आया है। भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहन सिंह के साथ LDA कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ स्थित डाकघर के पोस्टमास्टर संदीप मिश्रा ने अभद्रता की और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। दिनांक 10.07.2026 समय लगभग 11:30 बजे बृज मोहन सिंह 12 स्पीडपोस्ट भेजने हेतु एलडीए कॉलोनी डाकघर पहुंचे थे। काउंटर कर्मी द्वारा नकद लेने से मना कर ऑनलाइन भुगतान कराया गया तथा अस्पष्ट रसीद उपलब्ध कराई गई। शिकायत करने पर पोस्टमास्टर संदीप मिश्रा ड्यूटी के समय अपने मोबाइल पर किसी पुलिस अधिकारी से सिफारिश कर रहे थे एवं कार्यालय में AC चल रहा था। इस संबंध में अवगत कराने पर पोस्टमास्टर ने अभद्रता करते हुए कहा 'आपके जैसे बहुत लोग आते हैं, अपनी आवाज तेज मत करो '। आगे उन्होंने 2 महिलाओं को बुलाकर प्रार्थी के विरुद्ध भला-बुरा कहलवाया तथा 'यहाँ से भगाओ' कहा। साथ ही यह भी कहा 'मैं भारतीय मजदूर संघ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हूं, हमारी आवाज तुमसे तेज है '। प्रार्थी द्वारा ड्यूटी के समय निजी कार्य करने पर टोकने पर उन्होंने कहा 'जो करना है कर लो '। उक्त समस्त घटना का वीडियो साक्ष्य उपलब्ध है। शिकायत का विवरण: द्वारा दिनांक 13.07.2026 को जिलाधिकारी लखनऊ, पुलिस उपायुक्त पश्चिम, थाना प्रभारी कृष्णा नगर को रजिस्ट्री AD द्वारा प्रार्थना पत्र भेजा गया है एवं दिनांक 12.07.2026 को पोस्टमास्टर जनरल UP सर्किल, चीफ पोस्टमास्टर लखनऊ GPO एवं सचिव, डाक विभाग भारत सरकार नई दिल्ली को भी रजिस्ट्री भेजी जा चुकी है। मांग: प्रार्थी ने मांग की है कि पोस्टमास्टर संदीप मिश्रा के विरुद्ध BNS 2023 की धारा 351(2), 352, 189(2) के अंतर्गत FIR दर्ज कर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए तथा प्रार्थी एवं उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। सिंह ने कहा कि 'सरकारी कर्मचारी जनता का सेवक होता है। ड्यूटी के समय इस प्रकार का आचरण निंदनीय है। यदि 7 दिवस के अंदर कार्रवाई नहीं होती है तो न्यायालय की शरण ली जाएगी '।

# पशुधन की नस्ल सुधार और टीकाकरण पर जोर, लखनऊ में कार्यशाला आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में पशुधन की उत्पादकता बढ़ाने, नस्ल सुधार और टीकाकरण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में कृत्रिम गर्भाधान, गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण और डिजिटल अभिलेखीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने जानकारी साझा की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव, पशुधन एवं दुग्ध विकास मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि पशुधन स्वास्थ्य और प्रजनन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण के आच्छादन में गुणात्मक सुधार लाना है, जिससे पशुओं की उत्पादकता बढ़े और पशुपालकों की आय में वृद्धि हो। उन्होंने प्रतिभागियों से विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही जानकारी का उपयोग पशुधन के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल अभिलेखीकरण, टीकाकरण की माइक्रो प्लानिंग और भारत पशुधन एप के प्रभावी उपयोग से योजनाओं की निगरानी और पारदर्शिता को बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यशाला में भारत पशुधन एप पर फीडिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया। इनमें हापुड़, पीलीभीत, कौशाम्बी, हरदोई और शामली शामिल रहे। वहीं टीकाकरण लक्ष्य में बेहतर उपलब्धि हासिल करने वाले जिलों अलीगढ़, लखनऊ, गाजियाबाद, जौनपुर और पीलीभीत को भी सम्मानित किया गया। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने सेक्स्ड सीमेन के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान, सीमेन स्ट्रॉ की कोल्ड चेन व्यवस्था, पशुओं के प्रबंधन, गर्भ परीक्षण, प्रसव प्रबंधन और पशु स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

### जनसुनवाई में मंत्री ए.के. शर्मा ने सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनसुनवाई कर विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल, आवास, सफाई, बिजली बिल संशोधन, अतिक्रमण और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। गोमतीनगर में पेयजल समस्या की शिकायत पर मंत्री ने नगर आयुक्त गौरव कुमार से बात कर जल्द समाधान कराने के निर्देश दिए। लखनऊ निवासी विजय की स्वास्थ्य संबंधी समस्या पर मंत्री ने केजीएमयू में बेहतर उपचार की व्यवस्था कराने को कहा। वहीं इटावा निवासी अतुल कुमार के ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के अनुरोध पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

# अब नहीं सील होंगे कोचिंग संस्थान: एलडीए

## एलडीए ने कार्रवाई पर नरमी दिखाई, नियम पूरे करने पर मिलेगी संचालन की मंजूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी में कोचिंग संस्थानों पर चल रही सीलिंग कार्रवाई के बीच बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। उत्तर प्रदेश कोचिंग संघ और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई वार्ता में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब बिना उचित कारण किसी भी कोचिंग संस्थान को सील नहीं किया जाएगा। साथ ही पहले से सील किए गए संस्थानों को भी चरणबद्ध तरीके से खोला जा रहा है। उत्तर प्रदेश कोचिंग संघ के प्रदेश प्रवक्ता मनीष राघव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एलडीए कार्यालय पहुंचकर कोचिंग संचालकों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। एलडीए उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार ने प्रतिनिधिमंडल से विस्तृत वार्ता की। बैठक के दौरान अपर सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि यदि किसी आवासीय क्षेत्र में संचालित कोचिंग संस्थान के विरुद्ध कोई शिकायत प्राप्त नहीं होती है, तो उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिना पर्याप्त कारण किसी भी संस्थान को सील नहीं किया जाएगा और जो संस्थान पहले से सील किए गए हैं, उन्हें भी नियमानुसार खोला जा रहा है। एलडीए प्रशासन ने यह भी आश्वस्त किया कि मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संस्थानों को पर्याप्त समय दिया जाएगा तथा कोचिंग संचालकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कोचिंग संघ के प्रदेश प्रवक्ता मनीष राघव ने कहा कि संघ प्रदेश के सभी कोचिंग संचालकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी किसी भी संचालक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन निरंतर संघर्ष करता रहेगा।

### कोचिंग संस्थानों को एलडीए की बड़ी राहत

- अब कोचिंग संस्थानों को सील नहीं किया जाएगा।
- नियमों का पालन करने वाले बंद संस्थानों को दोबारा खोलने की अनुमति मिलेगी।
- एलडीए ने कोचिंग संचालकों को कार्रवाई में राहत का आश्वासन दिया।
- सुरक्षा और भवन संबंधी मानकों का पालन अनिवार्य रहेगा।
- मानक पूरे करने वाले संस्थानों के संचालन का रास्ता होगा साफ।

# बाढ़ से निपटने की तैयारी तेज, मुख्य सचिव ने 44 जिलों की समीक्षा की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर प्रदेश के 44 संभावित बाढ़ प्रभावित जिलों की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों की गुणवत्ता बेहतर रखी जाए और आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में घर-घर संपर्क अभियान चलाकर लोगों को बाढ़ से बचाव और आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक किया जाए। मुख्य सचिव ने एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के संसाधनों का स्थानीय नाविकों एवं प्रशिक्षित तैराकों के सहयोग से बेहतर इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सरकारी जर्जर भवनों को चिन्हित कर समयबद्ध मरम्मत कराने और बाढ़ प्रबंधन से जुड़े सभी जरूरी टेंडर जल्द पूरे करने को कहा। एस.पी. गोयल ने कहा कि राहत शिविरों में भोजन, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था के साथ महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने प्रभावित नागरिकों की गरिमा और सम्मान का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में मॉडल फ्लड शेल्टर विकसित करने पर भी जोर दिया, ताकि आपदा के समय लोगों को सुरक्षित और बेहतर आश्रय मिल सके।

# संपादकीय

## महत्वपूर्ण है पौधों को जीवित रखना

उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाकर 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का रिकॉर्ड बनाया है। इस अभियान में सरकारी विभागों, पंचायतों, स्कूलों, स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई। यह अभियान दर्शाता है कि पर्यावरण संरक्षण अब केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक जनआंदोलन का रूप ले रहा है। आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़, हीटवेव, वायु प्रदूषण और घटता भूजल स्तर मानव जीवन को सीधे प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे समय में वृक्ष ही प्रकृति के सबसे बड़े रक्षक हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, मिट्टी का संरक्षण करते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित रखते हैं और जैव विविधता को सुरक्षित रखते हैं। उत्तर प्रदेश का यह रिकॉर्ड निश्चित रूप से प्रेरणादायक है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि वृक्षारोपण की सफलता का वास्तविक पैमाना पौधों की संख्या नहीं, बल्कि कुछ वर्षों बाद जीवित और विकसित हुए पेड़ों की संख्या होती है। यदि लगाए गए करोड़ों पौधों में से बड़ी संख्या उचित देखभाल के अभाव में सूख जाती है, तो रिकॉर्ड केवल कागजों तक सीमित रह जाएगा। भारत में वर्षों से बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलते रहे हैं। हर वर्ष लाखों-करोड़ों पौधे लगाए जाते हैं, लेकिन अनेक स्थानों पर उनकी देखभाल नहीं हो पाती। पानी की कमी, पशुओं से सुरक्षा का अभाव, उचित निगरानी न होना और स्थानीय लोगों की भागीदारी कम होने के कारण बड़ी संख्या में पौधे कुछ ही महीनों में नष्ट हो जाते हैं। इसलिए अब आवश्यकता केवल वृक्षारोपण की नहीं, बल्कि 'वृक्ष संरक्षण' की है। एक पौधा तभी पेड़ बनता है जब उसे कम से कम तीन से पाँच वर्षों तक निरंतर देखभाल मिले। नियमित सिंचाई, समय-समय पर खाद, पौधों के चारों ओर सुरक्षा जाली, खरपतवार की सफाई और स्थानीय समुदाय की निगरानी अत्यंत आवश्यक होती है। यदि इन पहलुओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो करोड़ों पौधे लगाने का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण भूमिका स्थानीय समाज की होती है। जिस गांव, मोहल्ले या विद्यालय में पौधे लगाए जाएं, वहां के लोगों को उनकी जिम्मेदारी भी सौंपी जानी चाहिए। यदि प्रत्येक परिवार एक या दो पौधों को गोद लेकर उनकी देखभाल का संकल्प ले, तो वृक्षों की जीवित रहने की संभावना कई गुना बढ़ सकती है। विद्यालयों में विद्यार्थियों को अपने लगाए पौधों की प्रगति दर्ज करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। इससे उनमें पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित होगी। सरकार को भी केवल वृक्षारोपण के आंकड़ों पर नहीं, बल्कि पौधों की जीवित रहने की दर पर समान रूप से ध्यान देना चाहिए। नियमित सर्वेक्षण, डिजिटल निगरानी, भू-स्थानिक तकनीक और सामाजिक ऑडिट जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि लगाए गए पौधे वास्तव में पेड़ों में बदल रहे हैं। जिन क्षेत्रों में पौधों की मृत्यु अधिक हो, वहां पुनः वृक्षारोपण और विशेष संरक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए। यह भी आवश्यक है कि स्थानीय जलवायु के अनुकूल और देशी प्रजातियों के पौधों को प्राथमिकता दी जाए। पीपल, बरगद, नीम, शीशम, अर्जुन, जामुन, आम और अन्य स्थानीय प्रजातियां न केवल लंबे समय तक जीवित रहती हैं, बल्कि पक्षियों, पशुओं और जैव विविधता के लिए भी अधिक उपयोगी होती हैं। विदेशी प्रजातियों की तुलना में देशी वृक्ष स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को अधिक मजबूत बनाते हैं। वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते, बल्कि आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। फलदार वृक्ष किसानों की आय बढ़ा सकते हैं, छायादार वृक्ष शहरों में तापमान कम करने में मदद करते हैं, जबकि जंगल पर्यटन और जैव विविधता के संरक्षण का आधार बनते हैं। इसलिए वृक्षों को विकास के विरोधी नहीं, बल्कि सतत विकास के सबसे बड़े सहयोगी के रूप में देखा जाना चाहिए। आज आवश्यकता इस सोच को विकसित करने की है कि वृक्षारोपण एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षों तक चलने वाला दायित्व है। पौधे लगाना आसान है, लेकिन उन्हें पेड़ बनाना कठिन और अधिक महत्वपूर्ण कार्य है। यदि उत्तर प्रदेश अपने लगाए गए 35 करोड़ से अधिक पौधों का बड़ा हिस्सा सफलतापूर्वक पेड़ों में बदलने में सफल होता है, तो यह केवल रिकॉर्ड नहीं रहेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य पर्यावरणीय विरासत बन जाएगा। पर्यावरण संरक्षण की असली जीत पौधे लगाने में नहीं, बल्कि उन्हें जीवित रखने में है। हर नागरिक यदि एक पौधे को पेड़ बनाने का संकल्प ले, तो करोड़ों पौधों का यह अभियान वास्तव में हरित क्रांति का आधार बन सकता है। उत्तर प्रदेश का रिकॉर्ड तभी पूर्ण सफलता कहलाएगा जब आने वाले वर्षों में यही पौधे घने वृक्षों का रूप लेकर स्वच्छ हवा, हरियाली और बेहतर भविष्य का आधार बनेंगे।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष** -मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास और उत्साह से भरा रह सकता है। शुभ योगों का प्रभाव आपके कार्यों में गति ला सकता है। नौकरी करने वाले लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलने की संभावना है, जबकि नए कार्यों की शुरुआत के लिए भी समय अनुकूल रह सकता है।

**वृषभ** -वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक दृष्टि से लाभकारी रहने की संभावना है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना हो सकती है और कारोबार में विस्तार की दिशा में उठाए गए कदम सफल साबित हो सकते हैं।

**मिथुन** -मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन योजनाओं को सफल बनाने वाला रह सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावना है, जिससे भविष्य में प्रगति के मार्ग खुल सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं।

**कर्क** -कर्क राशि के जातकों के लिए आज भाग्य का अच्छा साथ मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं और लंबे समय से रुके हुए काम आगे बढ़ सकते हैं। आर्थिक मामलों में निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं।

**सिंह** -सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन उपलब्धियों से भरा रह सकता है। कार्यस्थल पर आपके कार्यों की प्रशंसा होगी और आपकी प्रतिभा लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकती है। व्यापार में नए अवसर मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत हो सकती है।

**कन्या** -कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ समाचार लेकर आ सकता है। नौकरी में पद और जिम्मेदारी दोनों बढ़ने की संभावना है। व्यापार में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला**-तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन भाग्य का पूरा साथ दिला सकता है। लंबे समय से अधूरे पड़े कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरी और व्यापार दोनों क्षेत्रों में प्रगति के संकेत दिखाई दे रहे हैं।

**वृश्चिक** -वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज परिश्रम का पूरा लाभ मिलने के योग हैं। आर्थिक मामलों में नए अवसर मिल सकते हैं और निवेश से भी लाभ मिलने की संभावना है। व्यापार में लाभदायक समझौते हो सकते हैं।

**धनु** -धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन नई संभावनाओं का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में प्रगति के अवसर मिल सकते हैं और वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर** -मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक मामलों में सकारात्मक परिणाम देने वाला रह सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरी में सम्मान और जिम्मेदारी दोनों बढ़ सकते हैं।

**कुंभ**-कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन उपलब्धियों से भरपूर रह सकता है। नई योजनाओं पर किया गया प्रयास सफल हो सकता है। व्यापार में लाभ के संकेत हैं और नौकरी में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**मीन**-मीन राशि के जातकों के लिए आज भाग्य का अच्छा सहयोग मिलने के संकेत हैं। कई महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूरे हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाएं सामने आ सकती हैं और व्यापार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। आध्यात्मिक और धार्मिक विषयों के प्रति आपकी रुचि बढ़ सकती है।

# योगी सरकार में गन्ना किसानों के आर्थिक विकास को मिली नई रफ्तार

उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है। यहां लाखों किसान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से गन्ना खेती और उससे जुड़े उद्योगों के माध्यम से अपनी आजीविका अर्जित करते हैं। प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गन्ना केवल एक फसल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आय, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख आधार है। ऐसे में गन्ना क्षेत्र की मजबूती सीधे किसानों की समृद्धि और प्रदेश के आर्थिक विकास से जुड़ी हुई है। प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान, चीनी उद्योग के आधुनिकीकरण और तकनीक आधारित कृषि को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन प्रयासों का परिणाम आज किसानों की बढ़ती आय, समयबद्ध भुगतान और ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दे रही नई खुशहाली के रूप में सामने आ रहा है।

एक समय ऐसा था जब गन्ना किसानों को अपनी मेहनत का उचित प्रतिफल पाने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था। चीनी मिलों से भुगतान में देरी, बढ़ती उत्पादन लागत, सिंचाई संबंधी कठिनाइयां, बंद पड़ी चीनी मिलें और सीमित तकनीकी संसाधन किसानों के सामने बड़ी चुनौतियां थीं। कई किसानों को अगली फसल की तैयारी के लिए कर्ज का सहारा लेना पड़ता था, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार प्रभावित होती थी। ऐसे में गन्ना खेती किसानों के लिए लाभ का नहीं, बल्कि अनिश्चितता का विषय बनती जा रही थी। प्रदेश सरकार ने किसानों को रू0 03.22 लाख करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का रिकार्ड भुगतान किया है। प्रदेश सरकार ने इस स्थिति को बदलने के लिए गन्ना क्षेत्र में व्यापक सुधारों की शुरुआत की। किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, चीनी मिलों की कार्यक्षमता बढ़ाने, आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने और एथेनॉल उत्पादन को प्रोत्साहित करने जैसे अनेक निर्णय लिए गए। वर्तमान सरकार ने 04 नई चीनी मिलों की स्थापना 06 चीनी मिलों का पुनः संचालन और 44 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार किया है। प्रदेश में अब 120 चीनी मिलें क्रियाशील है। इन नीतिगत सुधारों ने गन्ना खेती को नई ऊर्जा प्रदान की और किसानों का विश्वास मजबूत किया। प्रदेश सरकार के निरंतर प्रयासों से गन्ना किसानों का बकाया भुगतान तेजी से किया गया तथा चीनी मिलों को निर्धारित समय के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समय पर भुगतान मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया। अब किसानों को खेती के लिए महंगे ब्याज पर ऋण लेने की आवश्यकता पहले की तुलना में काफी कम हो गई है। वे समय पर उन्नत बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर पा रहे हैं, जिससे खेती की गुणवत्ता और उत्पादकता दोनों में वृद्धि हुई है।प्रदेश सरकार ने गन्ना खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया है। ट्रेंच विधि, ड्रिप सिंचाई, सहफसली खेती तथा उन्नत किस्मों के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया। गन्ना विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक खेती की नई तकनीकों से परिचित कराया गया। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में किसान पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपना रहे हैं। ड्रिप सिंचाई से जल संरक्षण हो रहा है, ट्रेंच विधि से उत्पादन में वृद्धि हुई है तथा खेती की लागत में कमी आई है। इससे किसानों की आय में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है। गन्ना क्षेत्र में एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने की नीति ने भी किसानों और चीनी उद्योग दोनों को नई दिशा दी है। पहले जहां चीनी मिलों की आय मुख्य रूप से चीनी उत्पादन पर निर्भर रहती थी, वहीं अब एथेनॉल उत्पादन ने आय के अतिरिक्त स्त्रोत उपलब्ध कराए हैं। इससे चीनी मिलों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और किसानों को समय पर भुगतान की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनी है। प्रदेश में वर्ष 2017 के पूर्व एथेनाल का उत्पादन मात्र 42 करोड़ लीटर था। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2025-26 में बढ़कर 188 करोड़ लीटर हो गया है, जो देश में सर्वाधिक है। गन्ने की बढ़ती मांग ने किसानों को उनकी फसल का बेहतर मूल्य दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों का भी विस्तार हुआ है।

**ऐसे में गन्ना क्षेत्र की मजबूती सीधे किसानों की समृद्धि और प्रदेश के आर्थिक विकास से जुड़ी हुई है। प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान, चीनी उद्योग के आधुनिकीकरण और तकनीक आधारित कृषि को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन प्रयासों का परिणाम आज किसानों की बढ़ती आय, समयबद्ध भुगतान और ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दे रही नई खुशहाली के रूप में सामने आ रहा है। एक समय ऐसा था जब गन्ना किसानों को अपनी मेहनत का उचित प्रतिफल पाने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था। चीनी मिलों से भुगतान में देरी, बढ़ती उत्पादन लागत, सिंचाई संबंधी कठिनाइयां, बंद पड़ी चीनी मिलें और सीमित तकनीकी संसाधन किसानों के सामने बड़ी चुनौतियां थीं। कई किसानों को अगली फसल की तैयारी के लिए कर्ज का सहारा लेना पड़ता था, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार प्रभावित होती थी।**

प्रदेश में वर्षों से बंद पड़ी कई चीनी मिलों के पुनरुद्धार तथा नई इकाइयों की स्थापना के प्रयासों ने भी गन्ना किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया है। अब किसानों को अपनी फसल दूर-दराज के क्षेत्रों में ले जाने की आवश्यकता कम हुई है। परिवहन लागत में कमी आने से उनकी आय में वृद्धि हुई है। वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिली है। इन सुधारों का प्रभाव किसानों के जीवन स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। आर्थिक मजबूती मिलने से ग्रामीण परिवारों की जीवन शैली में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। किसान अब अपने बच्चों की शिक्षा पर अधिक निवेश कर रहे हैं, आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग बढ़ा है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आवास और अन्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग ने भी पारदर्शिता और सुविधा दोनों को बढ़ावा दिया है। गन्ना पर्ची से लेकर भुगतान तक की ऑनलाइन व्यवस्था ने किसानों का समय बचाने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को अधिक सरल और भरोसेमंद बनाया है। महिलाओं की भागीदारी से भी गन्ना आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं खेती के साथ-साथ डेयरी, पशुपालन और छोटे उद्यमों से जुड़कर परिवार की आय में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इससे आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ ग्रामीण समाज में महिलाओं की भूमिका भी अधिक मजबूत हुई है। गन्ना

**-अमित कुमार शुक्ला**

# सुलतानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संवरी ग्रामीण महिलाओं की तकदीर

उत्तर प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों के अनुरूप जनपद सुलतानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में यह अभियान ग्रामीण क्षेत्र की निर्धन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके परिवारों की आय में निरंतर वृद्धि करने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। जनपद के विकास खण्ड कूड़वार के ग्राम उत्तरगांव की निवासी श्रीमती ललिता मौर्य की सफलता की कहानी इस सरकारी प्रयास का एक उत्कृष्ट और जीवंत उदाहरण है। कभी अत्यधिक आर्थिक तंगी, कच्चे मकान और सीमित आय के कारण गंभीर सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से जूझने वाली ललिता मौर्य के जीवन में यह बड़ा बदलाव शासन की जनहितैषी योजनाओं के कारण ही संभव हो सका है। उनके पति पूर्व में चौकीदारी का कार्य करते थे, जिससे बड़े परिवार का दैनिक खर्च चलाना भी मुश्किल होता था। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में जिला प्रशासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाओं ने उन्हें एक नया जीवन मार्ग दिखाया। ललिता मौर्य ने गाँव की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर 'लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह' की सदस्यता ग्रहण की, जो 'ठाकुर बाबा ग्राम संगठन' और 'जागृति महिला संकुल स्तरीय संघ (सी.एल.एफ.)' के अंतर्गत सक्रियता से कार्य कर रहा है। समूह से जुड़ने के उपरान्त जिला प्रशासन की देखरेख में उन्हें विधिवत प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और आवश्यक वित्तीय सहायता सुलभ कराई गई। प्रारम्भिक चरण में उन्होंने 'समूह सखी' के रूप में अपनी क्षमता का परिचय दिया, जिससे उन्हें प्रशासनिक व्यवस्था और अन्य ग्रामीण महिलाओं के बीच समन्वय स्थापित करने का गहरा अनुभव प्राप्त हुआ। इस आजीविका यात्रा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने समूह के माध्यम से ऋण प्राप्त कर अचार, पापड़, मल्टीग्रेन आटा, बेसन, सत्तू तथा मक्का आधारित विभिन्न खाद्य उत्पादों के निर्माण और बिक्री का उद्यम प्रारम्भ किया। व्यवसाय के शुरुआती दौर में उत्पाद निर्माण, विपणन, ब्रांडिंग और बाजार की कड़ी प्रतिस्पर्धा जैसी कई व्यावहारिक चुनौतियाँ सामने आईं, जिनका जिला एवं ब्लॉक स्तरीय तकनीकी टीमों ने त्वरित संज्ञान लिया। जिला प्रशासन द्वारा ललिता मौर्य के उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग सुनिश्चित कराई गई और उन्हें विभिन्न विकास प्रदर्शनियों, राजकीय मेलों तथा विशेष स्टॉलों में अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया गया। इसके साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'पीएमएफएमई' योजना और स्वयं सहायता समूह के वित्तीय कोष से उन्हें समय पर पूँजी उपलब्ध कराई गई। इन समन्वित प्रशासनिक प्रयासों के फलस्वरूप उनके उत्पादों की बाजार में मांग और बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई। वर्तमान में ललिता मौर्य का यह खाद्य प्रसंस्करण उद्यम अत्यंत सफलता के साथ संचालित हो रहा है, जिससे वह प्रतिवर्ष लगभग 2 से 3 लाख रुपये तक की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। स्वयं आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ उन्होंने

**जनपद के विकास खण्ड कूड़वार के ग्राम उत्तरगांव की निवासी श्रीमती ललिता मौर्य की सफलता की कहानी इस सरकारी प्रयास का एक उत्कृष्ट और जीवंत उदाहरण है। कभी अत्यधिक आर्थिक तंगी, कच्चे मकान और सीमित आय के कारण गंभीर सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से जूझने वाली ललिता मौर्य के जीवन में यह बड़ा बदलाव शासन की जनहितैषी योजनाओं के कारण ही संभव हो सका है। उनके पति पूर्व में चौकीदारी का कार्य करते थे, जिससे बड़े परिवार का दैनिक खर्च चलाना भी मुश्किल होता था। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में जिला प्रशासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाओं ने उन्हें एक नया जीवन मार्ग दिखाया। ललिता मौर्य ने गाँव की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर 'लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह' की सदस्यता ग्रहण की, जो 'ठाकुर बाबा ग्राम संगठन' और 'जागृति महिला संकुल स्तरीय संघ (सी.एल.एफ.)' के अंतर्गत सक्रियता से कार्य कर रहा है।**

अपने इस उद्यम में गाँव की पाँच अन्य निर्धन महिलाओं को भी नियमित रोजगार प्रदान कर उनके परिवारों को आर्थिक संबल दिया है। इसके अतिरिक्त, शासन की कल्याणकारी नीतियों के तहत ललिता के परिवार को पक्का आवास और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी स्वीकृत की गई हैं, जिससे उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार आया है। जनपद सुलतानपुर में इस मिशन की सफलता का मुख्य आधार त्रि-स्तरीय संस्थागत ढांचा है, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों की 10 से 20 महिलाओं को संगठित कर स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जाता है। इन समूहों को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार द्वारा 1500 रुपये का स्टार्ट-अप फंड और तीन माह की सफल अवधि के उपरान्त 15,000 रुपये की रिवाल्विंग फंड राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तान्तरित की जाती है, ताकि दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। समूहों के प्रभावी नियंत्रण और क्षमता संवर्धन के लिए 06 से 15 समूहों को मिलाकर 'ग्राम संगठन' का निर्माण किया जाता है, जिसके कार्यालय की स्थापना हेतु सरकार की ओर से 75,000 रुपये का वित्तीय प्रावधान है। इसी प्रकार, विकास खण्ड स्तर पर व्यापक आर्थिक परियोजनाओं के संचालन हेतु 3 से 4 क्लस्टरों को मिलाकर 'संकुल स्तरीय संघ (सी.एल.एफ.)' का गठन किया जाता है, जिसके सुदृढ़ीकरण के लिए 3,50,000 रुपये का वित्तीय सहयोग सुनिश्चित किया गया है। ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के बड़े अवसर प्रदान करने के लिए गहन विकास खण्डों में सूक्ष्म नियोजन (माइक्रो क्रेडिट प्लान) के आधार पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अधिकतम 1,10,000 रुपये की सामुदायिक निवेश निधि (सी.आई.एफ.) उपलब्ध कराई जाती है।

इसके साथ ही रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप छह माह पुराने और सफल ग्रेडिंग वाले समूहों को बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का क्रेडिट लिंकेज और प्रथम किश्त के रूप में 1 लाख रुपये का ऋण मात्र 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर स्वीकृत किया जाता है, जिसमें नियमित पुनर्भुगतान करने पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त ब्याज छूट का लाभ भी मिलता है।

जनपद सुलतानपुर के विकास खण्डों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्थापित यह सशक्त संस्थागत मंच ग्रामीण निर्धनता को समाप्त करने और वित्तीय सेवाओं तक हर गरीब की सरल पहुंच बनाने में निरंतर मील का पत्थर साबित हो रहा है। श्रीमती ललिता मौर्य जैसी कर्मठ महिलाओं का बढ़ता आत्मविश्वास और सरकार की योजनाओं का यह सफल क्रियान्वयन जनपद की समस्त ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने तथा विकास की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए निरंतर प्रेरित कर रहा है।

**जनपद-सुलतानपुर**

# स्वयं सहायता समूहों से सशक्त होंगे वरिष्ठ नागरिक

देश में जनगणना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। वर्तमान में प्रथम चरण के अंतर्गत आवासीय जनगणना की जा रही है। दूसरे चरण में प्रत्येक परिवार तथा बेघर व्यक्तियों की जनगणना होगी। इससे पहले नागरिकों को अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने का अवसर दिया जाएगा। इसके बाद जनगणना अधिकारी घर-घर जाकर विवरण का सत्यापन और आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सही आकलन करने में सहायक होते हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न वर्गों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाएं और कल्याणकारी नीतियां अधिक प्रभावी ढंग से तैयार करती है। जनगणना से जुड़ी शुरुआती चर्चाओं के बीच एक महत्वपूर्ण चिंता देश की बदलती जनसांख्यिकीय संरचना को लेकर सामने आ रही है। भारत की कुल प्रजनन दर अब प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से नीचे पहुंच चुकी है, जिससे भविष्य में युवाओं की हिस्सेदारी घटने और बुजुर्ग आबादी बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। महानगरों में विवाह की बढ़ती उम्र, कम संतान की प्रवृत्ति तथा बदलती जीवनशैली भी इस परिवर्तन के प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। वहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और बढ़ती जीवन प्रत्याशा के कारण वरिष्ठ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में जनगणना के आंकड़े देश की भावी सामाजिक,



आर्थिक और जनसंख्या संबंधी नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।चीन और जापान जैसे देशों ने वृद्ध होती आबादी की चुनौती का सामना किया है। वहां वरिष्ठ नागरिक अनुभव और कौशल के आधार पर आज भी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। भारत लंबे समय तक स्वयं को युवाओं का देश मानता रहा, लेकिन घटती प्रजनन दर और बढ़ती जीवन प्रत्याशा भविष्य में बुजुर्ग आबादी के बढ़ने का संकेत दे रही है। ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों को केवल आश्रित नहीं, बल्कि उत्पादक संसाधन के रूप में देखने की आवश्यकता है। दुर्भाग्य से देश में अनेक बुजुर्गों को पर्याप्त सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और सुविधाएं नहीं मिल पातीं। परिवारों के विघटन और उपेक्षा की बढ़ती घटनाओं के बीच सरकार और समाज दोनों को वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की होगी।इस दिशा में एक सकारात्मक पहल वर्ष 2004 में तमिलनाडु में सुनामी के बाद सामने आई। आर्थिक संकट के बावजूद अनेक वरिष्ठ नागरिकों ने हार मानने के

**भारत लंबे समय तक स्वयं को युवाओं का देश मानता रहा, लेकिन घटती प्रजनन दर और बढ़ती जीवन प्रत्याशा भविष्य में बुजुर्ग आबादी के बढ़ने का संकेत दे रही है। ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों को केवल आश्रित नहीं, बल्कि उत्पादक संसाधन के रूप में देखने की आवश्यकता है। दुर्भाग्य से देश में अनेक बुजुर्गों को पर्याप्त सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और सुविधाएं नहीं मिल पातीं। परिवारों के विघटन और उपेक्षा की बढ़ती घटनाओं के बीच सरकार और समाज दोनों को वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की होगी।इस दिशा में एक सकारात्मक पहल वर्ष 2004 में तमिलनाडु में सुनामी के बाद सामने आई। आर्थिक संकट के बावजूद अनेक वरिष्ठ नागरिकों ने हार मानने के बजाय स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) बनाकर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास शुरू किया। प्रारंभ में सरकारी स्तर पर पर्याप्त योजनाएं या प्रोत्साहन नहीं थे, फिर भी यह पहल लगातार आगे बढ़ती रही। आज यह अभियान तमिलनाडु से निकलकर कई राज्यों तक पहुंच चुका है।**

बजाय स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) बनाकर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास शुरू किया। प्रारंभ में सरकारी स्तर पर पर्याप्त योजनाएं या प्रोत्साहन नहीं थे, फिर भी यह पहल लगातार आगे बढ़ती रही। आज यह अभियान तमिलनाडु से निकलकर कई राज्यों तक पहुंच चुका है। आज हजारों वरिष्ठ नागरिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस मॉडल को विस्तार देने की आवश्यकता है, ताकि वरिष्ठ नागरिक आत्मनिर्भर बनें, एक-दूसरे का सहयोग करें और अपने अनुभव से समाज व अर्थव्यवस्था में सार्थक योगदान दे सकें। वरिष्ठ नागरिकों के स्वयं सहायता समूहों ने आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल पेश की है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इन समूहों से जुड़े लगभग 70 प्रतिशत बुजुर्ग आर्थिक रूप से सशक्त बने हैं। नियमित छोटी बचत के आधार पर उन्होंने करोड़ों रुपये का सामूहिक कोष तैयार किया, जिससे जरूरतमंद सदस्यों को ऋण उपलब्ध कराया गया और आय के नए अवसर भी विकसित हुए। बिहार के सुपौल जिले का यह मॉडल विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जहां कई बुजुर्ग आर्थिक रूप से सशक्त होकर सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। इस पहल की सफलता को देखते हुए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के स्वयं सहायता समूहों की अवधारणा को भी प्रोत्साहन देना शुरू किया है। यह मॉडल आत्मनिर्भर और सम्मानजनक वृद्धावस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वास्तविक समाधान तभी संभव है, जब प्रशासन, समाज और वरिष्ठ नागरिक मिलकर कार्य करें। बढ़ती उम्र के कारण भले ही बुजुर्ग शारीरिक रूप से पहले जैसे सक्रिय न रहें, लेकिन उनका अनुभव, ज्ञान और निर्णय क्षमता समाज की अमूल्य पूंजी है। उन्हें ऐसे कार्यों में अवसर दिए जाने चाहिए, जहां मार्गदर्शन, सलाह और अनुभव की आवश्यकता हो। युवा ऊर्जा और वरिष्ठों के अनुभव का समन्वय राष्ट्र निर्माण को नई दिशा दे सकता है। वरिष्ठ नागरिकों को केवल सहायता का पात्र नहीं, बल्कि विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाया जाना चाहिए। कुछ राज्यों में स्वयं सहायता समूहों की सफल पहल इसकी संभावना सिद्ध कर चुकी है। अब आवश्यकता है कि सरकार और समाज मिलकर इस मॉडल को व्यापक स्तर पर अपनाएं।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतर्जनपदीय मार्ग पर रेनकट से गड्ढों की भरमार,बड़ी दुर्घटना की आशंका



**रूद्रपुर, देवरिया।** देवरिया के रुद्रपुर से गोरखपुर जनपद के असवनपार को जोड़ने वाला अंतर्जनपदीय मार्ग रेनकट से बेहाल है। सड़क मार्ग पर रेनकट से अनेकों गड्ढे बन गए हैं जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। विदित हो कि रुद्रपुर से नारायणपुर होते हुए असवनपार को जोड़ने वाले अंतर्जनपदीय मार्ग में दर्जनों स्थानों पर रेनकट हो गया है। सबसे बड़ा गड्ढा डहरौली पेट्रोल पंप के पास बना हुआ है। उसके अलावा पांडे माझा में एक बड़ा रेन कट सड़क को संकरा बना रहा है। नारायणपुर से आगे बढ़ने पर बजरंग चौराहे के पास और एचपी पेट्रोल पंप से आगे तथा नगवा गांव के पास भी दोनों तरफ कई रेनकट बन गए हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग इन रेनकट से बने गड्ढों को भरने की जहमत नहीं उठा रहा है। शीतल माझा गांव के पास भी एक बड़ा रेनकट दुर्घटना को दावत दे रहा है। पांडे माझा में एसडीएम की पहल पर कुछ दिन पहले मरम्मत का कार्य कराया गया था किंतु गड्ढे में डाली गयी बलुई मिट्टी तेज बरसात में बह गयी और सड़क का लगभग आधा हिस्सा धंस गया। यदि समय रहते मार्ग की ठोस मरम्मत नहीं कराई गई तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसी मार्ग से बड़े-बड़े ट्रक और गिट्टी बालू लदे ट्रेलर भी आवागमन करते हैं। परिवहन निगम की बसों और स्कूली बसों की भी बराबर आवाजाही रहती है।

### आश्वासन के बाद भी मतदाता सूची से नहीं कटे नेपाली नागरिकों के नाम, आरोप

**रतनपुर/महाराजगंज।** नौतनवा तहसील समाधान दिवस में सोमवार को नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली निवासी जयराम पुत्र रमेसर ने शिकायती पत्र सौंपकर मतदाता सूची में करीब 50 नेपाली नागरिकों के नाम अवैध रूप से शामिल होने का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि बीते 10 जून को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नेपाली नागरिकों के नाम दर्ज किए गए हैं, जिसकी शिकायत जब उन्होंने बूथ लेवल अधिकारी से की तो जांच के बाद बीएलओ ने लगभग 50 नेपाली नागरिकों के नाम काटने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद विभागीय लापरवाही और साठगांठ के कारण अंतिम सूची से इन नामों को नहीं हटाया गया, जिससे आक्रोशित पीड़ित ने अब समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर अहिरौली गांव की मतदाता सूची से नेपाली नागरिकों के नाम तत्काल काटने और इस गंभीर लापरवाही के जिम्मेदार दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### आजमगढ़ में इलाज में लापरवाही से प्रसूता और नवजात की मौत, हिरासत में चिकित्सक

**आजमगढ़।** बिलरियागंज कस्बे के महाराजगंज रोड स्थित एक निजी अस्पताल में आपरेशन के बाद प्रसूता और उसकी नवजात बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने प्रसूता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा अस्पताल संचालक चिकित्सक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रौनापार थाना क्षेत्र के शाहडीह गांव निवासी 28 वर्षीय कौशल्या देवी पत्नी मनीष साहनी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन बिलरियागंज स्थित राजेश हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां डॉ. विनोद मौर्य ने ऑपरेशन किया, जिसके बाद एक बच्ची का जन्म हुआ। परिजनों का आरोप है कि जन्म के कुछ ही देर बाद नवजात की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद प्रसूता कौशल्या देवी की भी तबीयत लगातार खराब होती चली गई। अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किए जाने पर आजमगढ़ पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# जलभराव से डगरपुरवा मोड़ बना तालाब

**राहगीर परेशान**

**पक्की सड़क पर लगा गंदगी का अंबार, जल निकासी की सुध लेना भूले जिमेदार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महाराजगंज।** नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर स्थित नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया के टोला डगरपुरवा मोड़ पर जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से पूरी पक्की सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। आलम यह है कि सड़क पर लंबे समय से बदबूदार और कचरा युक्त पानी जमा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंदगी और कीचड़ के बीच से गुजरने को मजबूर लोगों में अब संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर सताने लगा है। स्थानीय प्रशासन की इस घोर लापरवाही को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार महदेइया टोला डगरपुरवा मोड़ से निकलने वाली यह सड़क लगभग दस किलोमीटर लंबी है, जो दर्जनों गांवों को आपस में जोड़ती है। इस महत्वपूर्ण मार्ग से रोजाना सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, राहगीर और छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। मानसून की बारिश शुरू होते ही यहां जल निकासी का संकट और गहरा जाता है। क्योंकि पानी के बहाव का कोई रास्ता नहीं है। सड़क पर लगे बदबूदार पानी और कीचड़ के कारण आए दिन राहगीर फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे लोग चोटिल भी हो रहे हैं। क्षेत्र के जागरूक नागरिक राजेश, पन्नेलाल, जितेन्द्र कुमार, संजय, कुंडल, त्रिलोकी, शमशाद खान, विजय कुमार और शैलेन्द्र कुमार समेत अन्य लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए तत्काल पक्की नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि जलभराव से मुक्ति मिल सके और क्षेत्र को महामारी की चपेट में आने से बचाया जा सके।

इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने कहा कि जल्द ही मौके पर टीम भेजकर जांच कराई जाएगी। सड़क पर जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए जल्द ही नाली निर्माण या पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### आश्वासन के बाद भी मतदाता सूची से नहीं कटे नेपाली नागरिकों के नाम, आरोप



**रतनपुर/महाराजगंज।** नौतनवा तहसील समाधान दिवस में सोमवार को नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली निवासी जयराम पुत्र रमेसर ने शिकायती पत्र सौंपकर मतदाता सूची में करीब 50 नेपाली नागरिकों के नाम अवैध रूप से शामिल होने का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि बीते 10 जून को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नेपाली नागरिकों के नाम दर्ज किए गए हैं, जिसकी शिकायत जब उन्होंने बूथ लेवल अधिकारी से की तो जांच के बाद बीएलओ ने लगभग 50 नेपाली नागरिकों के नाम काटने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद विभागीय लापरवाही और साठगांठ के कारण अंतिम सूची से इन नामों को नहीं हटाया गया, जिससे आक्रोशित पीड़ित ने अब समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर अहिरौली गांव की मतदाता सूची से नेपाली नागरिकों के नाम तत्काल काटने और इस गंभीर लापरवाही के जिम्मेदार दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# घोंघी नदी में डूबे व्यक्ति का शव मिला

**» चौबीस घंटे के बाद शव बाजारडीह के शिव मन्दिर के पास मिला**
**» पुलिस की सक्रियता से बरामद हुआ शव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोटन(सिद्धार्थनगर)।** लोटन क्षेत्र घोंघी नदी में रविवार को एक दाह संस्कार में शामिल हुए अधेड़ व्यक्ति की नहाने दौरान डूब गया था।जिसको एडीआरएफ की टीम द्वारा सोमवार को खोज लिया गया। जानकारी के अनुसार लोटन स्थित घोंघी नदी पुल के पास सिद्धार्थनगर जनपद के कुछ गांवों एवं महराजगंज जनपद के कुछ गांवों की शव अंतिम संस्कार के लिए लाई जाती है। उसी कड़ी में बीते रविवार को थाना कोल्हुई जनपद महराजगंज के ग्राम पंचायत बड़गो टोला भुडकुडहा निवासी रामजीत उर्फ मकालू पुत्र उदयराज उम्र पचपन वर्ष भी अपने एक रिश्तेदार के दाह संस्कार में शामिल होने आया था। बताया जा रहा है कि दाह संस्कार के बाद सभी लोग नदी में स्नान कर रहे थे।उसी दौरान मृतक रामजीत भी नदी में नहाने के लिए गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक का पैर फिसल गया। जिससे वह गहरे पानी में चला गया। मौके पर मौजूद लोगों ने निकालने का प्रयास किया। लेकिन नदी में काफी पानी होने के कारण लोग असफल हो गए। लोगों ने शव का भी काफी खोजबीन किया परन्तु शव भी कहीं दिखाई नहीं दी।इसकी सूचना लोगों ने कोल्हुई थाना एंव लोटन कोतवाली पर दी।जिसके बाद लोटन पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को सूचना दी। चूंकि अंधेरा हो गया था एंव बरसात भी हो रही थी। लिहाजा रविवार को शव बरामद नहीं हो। सोमवार को एनडीआरएफ की टीम आई और काफी मशक्कत के बाद शव को लोटन बाजारडीह स्थित शिव मंदिर के पास नहीं से बरामद की गई।जिसके बाद पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। जबकि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उक्त घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

# मूसलाधार बारिश से विद्यालय की बाउंड्रीवॉल ढही, कायाकल्प के दावों पर उठे सवाल

**» कायाकल्प के तहत पिछले वर्ष ही हुआ था सुदृढ़ीकरण, जलभराव के दबाव से हुआ जमींदोज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और कम्पोजिट विद्यालय की साझा बाउंड्रीवॉल रविवार रात हुई मूसलाधार बारिश और परिसर में हुए भारी जलभराव के दबाव के कारण अचानक ध्वस्त हो गई। दोनों विद्यालय एक ही प्रांगण में संचालित होते हैं और इनकी दक्षिण दिशा की करीब 50 मीटर लंबी दीवार वर्षों पुरानी थी, जिसका पिछले ही वर्ष ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सुदृढ़ीकरण व मरम्मत कार्य कराया गया था। विद्यालय परिसर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण कई दिनों से पानी जमा था, जिससे जमीन पूरी तरह दलदली हो गई और रविवार रात की तेज बारिश के बाद पानी के अत्यधिक दबाव को न झेल पाने के कारण दीवार भरभराकर जमींदोज हो गई। गनीमत रहा की हादसा रात के समय हुआ जब विद्यालय बंद था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन महज एक साल पहले मरम्मत होने के बावजूद दीवार गिरने से अब निर्माण कार्य की गुणवत्ता और कायाकल्प के दावों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## आजमगढ़ में 25 हजार का इनामी उत्तराखंड का अंतरराज्यीय ठग गिरोह

**आजमगढ़।** पुलिस ने अंतरराज्यीय ठग गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। यह गिरोह धर्म-कर्म, पूजा-पाठ और ग्रहदोष दूर करने का झांसा देकर विशेष रूप से अधेड़ और बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाता था और उनके सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो जाता था।

मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को रोडवेज प्राइवेट बस अड्डे के पास से उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर निवासी हुसैनू पुत्र नजरूद्दीन (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 400 रुपये नकद, आभूषण साफ करने वाले केमिकल से भरी एक प्लास्टिक की शीशी एवं 10 विभिन्न रंगों के नग (पत्थर) बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल लोगों को झांसे में लेने के लिए किया जाता था।

# एसएसबी जवानों ने चलाया वृहद पौधरोपण अभियान

**» पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**
**» निरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में जवानों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने उत्साह के साथ निभाई भागीदारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महाराजगंज।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय व ग्राम सभा परिसर में सोमवार को एसएसबी की 22वीं वाहिनी के जवानों द्वारा एक व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।निरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान वाहिनी के जवानों, ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया, विद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए संयुक्त रूप से विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वृक्षों की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निरीक्षक विकास कुमार ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी है, इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। एसएसबी द्वारा चलाए जा रहे इस जनकल्याणकारी अभियान की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक व्यक्ति-एक पौधा का संदेश आत्मसात करते हुए पर्यावरण रक्षा की शपथ ली।

# गोरखपुर के गोला में बच्चों के छोटे से झगड़े ने लिया हिंसक रूप

**» दो पक्षों में खूनी मारपीट! 14 पर मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला- गोरखपुर:** एक छोटे से बच्चों के खेल के विवाद ने पूरे गांव को दो खेमों में बांट दिया। गोरखपुर के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सहदोड़ाड़ में 29 जून की शाम को हुई घटना अब बड़े सांप्रदायिक तनाव और हिंसा का रूप ले चुकी है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमले, घर में घुसकर मारपीट और हत्या की धमकियों का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर कुल 14 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धर्मप्रकाश चन्द ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में बताया कि शाम करीब 5 बजे वह अपनी चाची से बात कर रहे थे। तभी जितेन्द्र चन्द ने गाली-गलौज करते हुए डंडे से उन पर हमला बोल दिया। आरोप है कि जटाशंकर सिंह समेत अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडों के साथ हमला कर दिया। धर्मप्रकाश को सिर, शरीर और आंख के पास गंभीर चोटें आईं।

जाते वक्त आरोपियों ने खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की ओर से रूबी, पत्नी विजय चन्द ने पुलिस को दी तहरीर में दावा किया कि उनके नौ वर्षीय बेटे का गांव के अन्य बच्चों से खेलते समय मामूली विवाद हो गया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और विपक्षी पक्ष के लोग लोहे की रॉड, ईंट-पत्थर लेकर उनके घर में घुस आए। उन्होंने पूरे परिवार पर हमला कर दिया। रूबी और उनके ससुर को गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 333, 125 एवं 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। दोनों पक्षों के आरोपों से साफ है




कि मामला बच्चों के झगड़े से शुरू होकर वयस्कों की दुश्मनी और हिंसा तक पहुंच गया। गांव में तनाव का माहौल है। लोग डरे हुए हैं। कई महिलाएं और बच्चे इस घटना से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सीपी पाण्डेय ने बताया,'दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। मामले की गहन जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों पक्षों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

# बीच सड़क युवती की पिटाई पर एसएसपी का बड़ा एक्शन

**» SHO-चौकी प्रभारी लाइन हाजिर; तीन पुलिसकर्मी निलंबित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखपुर में बीच सड़क एक युवती के साथ मारपीट की घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए पुलिस महकमे में सख्त संदेश दिया है। घटना के वायरल वीडियो और प्रथम दृष्टया पुलिस की लापरवाही सामने आने पर शाहपुर थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह तथा कौवाबाग चौकी प्रभारी दुर्गेश नंदिनी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया। इसके साथ ही घटना के दौरान मौके पर मौजूद पीआरवी के दो सिपाही राज मंगल सिंह और अविनाश यादव तथा उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि शहर के व्यस्त इलाके में कुछ युवकों ने एक युवती के साथ सरेआम मारपीट की थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें मौके पर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप न किए जाने को लेकर सवाल उठे। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी फैल गई और पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर टिप्पणियां होने लगीं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी




डॉ. कौस्तुभ ने तत्काल पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तलब की। प्रारंभिक जांच में ड्यूटी के प्रति लापरवाही और अपेक्षित कार्रवाई न किए जाने के संकेत मिलने पर उन्होंने बिना देर किए संबंधित अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की विस्तृत विभागीय जांच कराई जा रही है। जांच में यदि अन्य किसी अधिकारी या कर्मचारी की भूमिका सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही युवती के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई तेज कर दी गई है। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ की इस त्वरित कार्रवाई को पुलिस महकमे में जवाबदेही तय करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता की सुरक्षा से जुड़े मामलों में दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## शहर के तीन मार्गो पर 359 ओवर स्पीड चालान

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग- 34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।आज दिनांक 13.07.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 80 ट्रक, 09 बस, 102 चार पहिया /दो पहिया 191 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 3 ट्रक, 6 बस, 98 चार पहिया /दो पहिया 107 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 61 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

# आबादी की भूमि पर नाली निर्माण का विरोध, ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

**» सरयू नदी में गंदा पानी प्रवाहित होने व आबादी की भूमि के अस्तित्व पर संकट का जताया अंदेशा....**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला/गोरखपुर:** गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रकौली के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण का विरोध करते हुए उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रस्तावित नाली उनकी आबादी की भूमि से होकर बनाई जा रही है, जिससे उनकी बची हुई भूमि पर संकट उत्पन्न हो जाएगा। ग्रामीण तारा देवी, मनलावती, राजाराम, धूपमती, अशोक, इन्द्रावती, सुराती, परमिला आदि ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि सरयू नदी के कटान से उनके मकानों व भूमि का बड़ा हिस्सा पहले ही नदी में विलीन हो चुका है। वर्तमान में जिस आबादी की भूमि पर वे रह रहे हैं, उसी हिस्से से गंदे पानी की निकासी के लिए नाली बनाई जा रही है। उनका कहना है कि बरसात के दौरान इस नाली का गंदा पानी सीधे पवित्र सरयू नदी में जाएगा, जिससे नदी प्रदूषित होगी। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि नाली का निर्माण कुछ लोगों के निजी हित को ध्यान में रखकर कराया जा रहा है, जबकि इससे उनकी आबादी की शेष भूमि का अस्तित्व समाप्त होने का खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रस्तावित नाली निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा गंदे पानी की निकासी के लिए किसी वैकल्पिक स्थान अथवा पोखरे की व्यवस्था की जाए, जिससे उनकी आबादी की भूमि सुरक्षित रह सके।

## बच्चों के विवाद में दंपति व उसके बेटे को पीटा



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासिनी भगवानदेई ने गांव के ही पांच लोगों पर मारपीट का केस दर्ज कराया। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही पुत्तीलाल, मनीषा, बचोले, रामकुमारी व रामसेवक ने बच्चों के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई शुरू कर दी। बचाने पहुंचे पति श्यामलाल और बेटे अजय को भी आरोपियों ने मारा पीटा इससे उन्हें गंभीर चोटे आई हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई की गई।

# गोरखपुर :फर्जी दस्तावेज तैयार कर दोबारा बेच दी जमीन

**» झंगहा पुलिस ने आरोपी को किया गिर तार**
**» पहले से बैनामा हो चुकी भूमि का कूटरचित अभिलेखों के जरिए किया गया था दोबारा सौदा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** झंगहा थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की धोखाधड़ी करने के एक मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पहले से बैनामा हो चुकी जमीन के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसी भूमि का दोबारा बैनामा कर आर्थिक लाभ लेने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के साथ आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष झंगहा अनुप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान थाना झंगहा पर दर्ज मुकदमा संख्या 67/2026 से संबंधित आरोपी रामानन्द पुत्र स्वर्गीय फौजदार, निवासी राजधानी हाथखाल, थाना झंगहा, जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले से बैनामा की जा चुकी जमीन के कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और उसी भूमि का दोबारा वादिनी के नाम बैनामा करा दिया। इस धोखाधड़ी की जानकारी होने पर पीड़िता ने थाना झंगहा में तहरीर दी, जिसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी



को गिरफ्तार किया गया। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस फर्जीवाड़े में और कौन-कौन लोग शामिल थे। पुलिस अन्य संभावित आरोपियों की तलाश में भी जुटी हुई है।


गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अनुप कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार चौबे, उपनिरीक्षक अवधेश तिवारी, कांस्टेबल मोहित सिंह तथा कांस्टेबल ओमप्रकाश शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि भूमि संबंधी धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# चेकिंग में धरा गया बाइक चोरः चोरी की मोटरसाइकिल संग गिरफ्तार

**» कई मामलों का निकला आरोपी गोला पुलिस की कार्रवाई**

**गोला गोरखपुर।** जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गोला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नियमित वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान आर्यन यादव उर्फ सिक्की के रूप में हुई, जिसके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने नया मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गोला के नेतृत्व में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल के साथ रोका। वाहन के कागजात और अन्य दस्तावेजों की जांच में मोटरसाइकिल चोरी की निकली, जिसके बाद आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान आर्यन यादव उर्फ सिक्की पुत्र देश दीपक यादव, निवासी मंझरिया, थाना बड़हलगंज, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इस संबंध में थाना गोला में मु0अ0सं0 258/2026 के तहत धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के दौरान आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया। उसके विरुद्ध वर्ष 2022 में बड़हलगंज थाने में



मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा वर्ष 2026 में आजमगढ़ जनपद की कोतवाली थाने में चोरी से जुड़े एक अन्य मामले में भी उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत है।

# संक्षिप्त खबरें

## ऐक बृक्ष अपनी मां के नाम अभियान के तहत ग्राम प्रधान ने रोपे पौधे

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के तहत आज ग्राम पंचायत जड़ौरा में ग्राम प्रधान संध्या आशीष मिश्रा के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के दौरान पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। ग्राम प्रधान संध्या आशीष मिश्रा ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य, पंचायत सहायक वर्तिका मिश्रा, पंचायत मित्र बालक राम एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। ग्राम प्रधान संध्या आशीष मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के अंतर्गत ग्राम जड़ौरा में फलदार एवं छायादार बागवानी विकसित करने की योजना स्वीकृत हो चुकी है। जल्द ही इस परियोजना पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इससे गांव में हरियाली बढ़ेगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीणों को स्वच्छ और सुंदर वातावरण का लाभ मिलेगा।

## आओ जड़ों से जुड़े' का संदेश लेकर मैदान में उतरा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** पर्यावरण की रक्षा ही राष्ट्र की सेवा है' गुरुवर डॉ. इंद्रेश कुमार के इस आह्वान को धरातल पर उतारते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने आज जनपद में एक मिसाल कायम की प्रदेश कार्यालय लखनऊ से ठाकुर राजा रईस के दिशा-निर्देश पर मंच के 'आओ जड़ों से जुड़े' अभियान के अंतर्गत आज ,अवध प्रांत संयोजक शेर अली खान, के नेतृत्व में टीम ने ,कस्बा कुकरा, के मदरसों और कब्रिस्तानों में वृहत पौधारोपण किया। गुरुवर डॉ. इंद्रेश जी के 'एक पेड़ माँ के नाम' मिशन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि हर धार्मिक स्थल को हरियाली से सजाया जाएगा। 'एक पेड़ लगाना केवल मिट्टी में बीज बोना नहीं है, बल्कि अपने बच्चों के भविष्य में ऑक्सीजन बोना है। गुरुवर डॉ. इंद्रेश ने हमें सिखाया है कि राष्ट्र सेवा का सबसे बड़ा धर्म पर्यावरण की रक्षा करना है। आज हम मदरसों और कब्रिस्तानों से शुरुआत कर रहे हैं, कल पूरा अवध प्रांत हरा-भरा होगा।कार्यक्रम की तस्वीरें अपने आप में एक संदेश हैं।

## कोढ़ैय्या की साप्ताहिक बाजार निर्माण में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

### घटिया सामग्री से जनता के सपनों पर चोट

**लखीमपुर-खीरी।** ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत कोढ़ैय्या स्थित लीलाकुआं चौराहे पर निर्माणाधीन साप्ताहिक बाजार में सरकारी धन के दुरुपयोग और निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा ग्रामीणों को बेहतर बाजार सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जारी की गई धनराशि का सही उपयोग करने के बजाय निर्माण कार्य में खुलेआम घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों के विपरीत मौरंग की जगह डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि सीमेंट में बालू की मात्रा अत्यधिक रखी जा रही है। इतना ही नहीं, निर्माण में घटिया गुणवत्ता की ईटें लगाई जा रही हैं, और नींव में पीली ईट का रोड़ा भरकर निर्माण की मजबूती से समझौता किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो करोड़ों नहीं तो लाखों रुपये की सरकारी योजना समय से पहले ही जर्जर हो सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी के अभाव में निर्माण एजेंसी मनमानी कर रही है और सरकारी मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। लोगों ने सवाल उठाया है कि जब सरकार गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है तो फिर धरातल पर घटिया सामग्री का प्रयोग किसके संरक्षण में हो रहा है? ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए, निर्माण सामग्री के नमूनों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, यदि अनियमितताएं सही पाई जाती हैं तो सरकारी धन की क्षति के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# पुलिस हिरासत से भागा युवक, छत पर सोता मिला

## फरार हुआ युवक रातभर खोजने के बाद भमोरा सीएचसी की छत पर सोता मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली।** तालाब में कूदने जा रहे युवक को आंवला पुलिस बचाकर थाने ले गई। उसे कस्टडी में लिया और मेडिकल कराने के लिए वह आंवला की जगह भमोरा सीएचसी भेजा। वहां से युवक फरार हो गया। उसकी तलाश में दो टीम लगी। सोमवार को को युवक भमोरा सीएचसी की छत पर सोता मिला। उसे स्वजन के हवाले कर दिया है। पुलिस के अनुसार, युवक मानसिक रूप से बीमार है। पुलिस के मुताबिक, तीन दिन पहले लखीमपुर खीरी के गोला निवासी श्यामकिशोर अपने माता-पिता के साथ मनौना धाम आए थे। वहां से अचानक से लापता हो गए। रविवार देर रात डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक तालाब में कूदने का प्रयास कर रहा है। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम उसे थाने ले गई। जीडी में ब्यौरा दर्ज किया गया और मेडिकल के लिए आंवला सीएचसी भेजा गया। पुलिस का कहना है कि, वहां आंवला सीएचसी पर उस वक्त कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था। इसलिए मेडिकल कराने के लिए उसे भमोरा सीएचसी पर लेकर गए। इसी दौरान श्यामकिशोर पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया।

युवक के फरार होते ही पुलिस के हाथ पैर भूल गए। तत्काल प्रभाव से उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। रात में ही आंवला और भमोरा थाने की दो टीमों को श्यामकिशोर की तलाश जारी की गई। सोमवार को पूरा दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला है। पुलिस का कहना है कि वह मानसिक रूप से बीमार है। उसका उपचार किया जा रहा है। इधर, शाम करीब सात बजे युवक भमोरा सीएचसी की छत पर सोता हुआ मिला। पुलिस ने अब उसे स्वजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार, श्यामकिशोर के फरार होने के बाद पुलिस दो टीम उसकी तलाश में जुटी और एक टीम ने स्वजन के बारे में पता लगाया। उनके स्वजन मिल गए और उन्होंने भी इस बात को स्वीकार किया है कि, श्यामकिशोर का मानसिक अस्पताल से पिछले दो सालों से उपचार किया जा रहा है। वह कभी भी कहीं भी फरार हो जाता है।

## दो बहनों को सांप ने डंसा; मौत

**नारखी (फिरोजाबाद)।** बारिश का मौसम शुरू होते ही सांप के डसने की घटनाएं बढ़ गई हैं। कई मामलों में उपचार के बाद भी लोगों की जान जा रही है। नारखी क्षेत्र में रहने वाली दो बहनों की आगरा मेडिकल कालेज में 10 घंटे के अंतर पर मृत्यु हो गई। जिससे परिवार में चीखपुकार मच गई। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। नारखी के गांव दौलतपुर निवासी अशोक कुमार राजा का ताल स्थित एक कारखाने में काम करते हैं। उनकी छह बेटियां हैं। शुक्रवार रात पांचवें नंबर की नौ वर्षीय बेटी खुशी और छठवें नंबर की छह वर्षीय जाह्नवी बिस्तर पर एक साथ सो रहीं थीं। रात तीन बजे दोनों के पैर में सांप ने कांट लिया। चीख सुनकर स्वजन की नींद खुली। दोनों को गंभीर हालत में पांच बजे सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एसएन मेडिकल कालेज आगरा रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान रविवार रात आठ बजे खुशी की मृत्यु हो गई। वहीं सोमवार सुबह छह बजे जाह्नवी ने भी दम तोड़ दिया। स्वजन दोनों के शव लेकर घर पहुंचे तो चीखपुकार मच गई। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पिता ने बताया कि खुशी कक्षा दो और जाह्नवी नर्सरी में पढ़ती थी।

# कार ट्रक से टकराई; एक की मृत्यु

## मृतक व घायलों को मुश्किल से निकाला गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महाराजपुर हाई-वे पर आज सुबह तड़के एक कार ओवरटेक करते समय आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ विपिन ताडा व पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने हैलेट अस्पताल जाकर घायलों को देखा। अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ विपिन ताडा ने अस्पताल में घायलों का हालचाल लेने के बाद बताया कि थाना महाराजपुर क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाईवे पर एक सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है, जबकि तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं। अन्य यात्रियों की स्थिति सामान्य है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर राहत एवं बचाव कार्य कराया गया तथा घायलों को उपचार हेतु हैलेट अस्पताल भेजा गया। आज हैलेट अस्पताल पहुँचकर घायलों का हालचाल लिया गया तथा घटनास्थल का भी निरीक्षण किया गया। प्रथम दृष्टया घायलों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, रात्रि के समय वाहन ओवरटेक करने के दौरान आगे चल रहे एक ट्रक से टक्कर होने के कारण यह दुर्घटना हुई। घटना के सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। मृतक एवं घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। घायलों का समुचित उपचार कराया जा रहा है। इस संबंध में अभियोग पंजीकृत कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

# स्वर्ण जयंती बिहार चोरी कांड का आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी हिमांशु गौतम भी 2 लाख की नगदी के साथ गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले सेन पश्चिम पारा थाने की स्वर्ण जयंती विहार चौकी पुलिस को लाखों की चोरी की घटना में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। अपराधियों के खिलाफ अपनी लगातार सक्रियता के फलस्वरूप इस दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने वाले चौकी प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि उसके पास से चोरी के ?2 लाख की नकदी भी बरामद की गई है। लगातार कठोर परिश्रम और गहन छानबीन के फल स्वरुप इस दूसरे आरोपी को भी चोरी की दो लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार करने वाले चौकी प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि बीती 19 जून को स्वर्ण जयंती बिहार सेक्टर 7 के निवासी हेमलता वर्मा के बंद मकान में चोरी करने वाले टक्कल गैंग के सदस्य हिमांशु गौतम पुत्र विजय गौतम निवासी कररही रोड थाना बर्रा कानपुर नगर को 200000 (दो लाख रुपए) कैस एक तमंचा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए चर्चित चौकी प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पेशेवर अपराधी के विरुद्ध 12 मुकदमे कानपुर नगर के विभिन्न थानों में दर्ज है। याद रहे कि उसके साथी अंशु पासी बीती 3.जुलाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जिसके कब्जे से एक लाख की नकदी व लगभग 632 ग्राम जेवर भी बरामद हुए थे।

## मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहीं कई क्लिनिक

**नीमगांव खीरी-** बेहजम ब्लॉक के नीमगांव कस्बे में पेट्रोल पंप के सामने मेडिकल की आड़ में चलाया जा रहे क्लिनिक जिम्मेदार जानकर बने अनजान। जब कोई जांच पड़ताल करने आता है, तब पहले से ही फोन पर सूचना प्राप्त हो जाती है। और बंद हो जाती है शटर। अगर क्लीनिक का लाइसेंस है तो क्यों बंद हो जाती है शटर।यदि जिला के अधिकारी इस विषय का संज्ञान लें तो नीमगांव में झोलाछाप डॉक्टर जिनको इंजेक्शन तक लगाना नहीं आता वह क्लीनिक खोले बैठे हैं। आखिर यह किसकी सह पर खोले बैठे हैं क्लीनिक मेडिकल किसी दूसरे के नाम का है और चला कोई और रहा है। दवा कोई दूसरा दे रहा है। अभी कुछ महीने पहले ही एक झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा एक बच्चे की मौत का मामला प्रकाश में आया था। आखिर प्रशासन क्यों नहीं ले रहा संज्ञान। सूत्र बताते हैं कई महीनो से इसी प्रकार का चल रहा है खेल।

# बकरी चरा रहे किसान पर बाघ का हमला

## गंभीर घायल; सूचना के दो घंटे बाद पहुंचा वन विभाग, ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** महेशपुर वनरेंज क्षेत्र की आबला वन बीट में सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया जब गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने बकरी चरा रहे एक किसान पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों ने आनन-फानन में एम्बुलेंस से गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तकिया गांव, थाना हैदराबाद निवासी 40 वर्षीय जसकरन लाल पुत्र मोहन लाल अपने कुछ साथियों के साथ गांव के दक्षिण में स्थित राम सागर पुत्र मुन्सी के गन्ने के खेत में बकरी चरा रहे थे। खेत के पास नाला है। इसी दौरान गन्ने में पहले से घात लगाए बैठे बाघ ने अचानक जसकरन पर हमला बोल दिया। बाघ ने जसकरन की गर्दन, पीठ, पेट, हाथ व आंख के नीचे गहरे पंजे मारे। साथ में मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो बाघ जसकरन को लहूलुहान छोड़कर खेतों की तरफ भाग गया। साथियों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और वन विभाग, पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल जसकरन को एम्बुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी गोला ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दो घंटे बाद पहुंचा वन विभाग, ग्रामीणों में नाराजगी

सूचना मिलने पर हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक व अज़ान चौकी प्रभारी अशोक सिंह पुलिस बल के साथ सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के घंटों बाद तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। करीब दो घंटे बाद महेशपुर रेंजर निर्भय प्रताप शाही अपने वनकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। रेंजर निर्भय प्रताप शाही ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। मौके पर बाघ के पगचिन्ह स्पष्ट मिले हैं। एहतियात के तौर पर वन विभाग की टीम को इलाके में निगरानी के लिए लगाया गया है। बाद में वन विभाग की



टीम ने गोला सीएचसी पहुंचकर घायल जसकरन लाल का हालचाल भी जाना। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द बाघ को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने की फसल बड़ी होने के कारण बाघ लगातार रिहायशी इलाकों के करीब आ रहे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा बढ़ गया है। फिलहाल हैदराबाद पुलिस और वनकर्मी मौके पर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल व गन्ने के खेतों के पास अकेले न जाएं और सतर्क रहें। वही घटना के कुछ घंटो बाद प्रभागीय वनाअधिकारी लखीमपुर तापस मिहिर ने मौका मुआयना कर जल्द ही टाइगर के रेस्क्यू किये जाने की बात कही है।

# काम पूरा होने और तकनीकी परीक्षण बाद नयी मालगाड़ी लाइन संचालन को मिली मंजूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** कोंच रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन मालगोदाम (गुड्स शेड) परियोजना के तहत तैयार की गई नई मालगाड़ी लाइन पर सोमवार को पैनल इंटरलॉकिंग एवं मोटर प्वाइंट सिस्टम का कार्य पूरा हो गया। तकनीकी परीक्षण के बाद रेलवे अधिकारियों ने नई व्यवस्था को संचालन के लिए मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही नई लाइन को मुख्य रेल लाइन से जोड़ दिया गया है। अब स्टेशन पर पटरियों के प्वाइंट बदलने और सिग्नल संचालन का पूरा कार्य कंट्रोल रूम से संचालित होगा। इससे रेल संचालन अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होगा। सोमवार को सीए (जीएसयू) सोमेंद्र सिंह, एईएन (जीएसयू) शंकर प्रसाद अनुरागी, पीडब्ल्यूआई रविकांत कुमार, महेंद्र प्रताप और इंजीनियर अंशुल प्रजापति ने मौके पर पहुंचकर सभी प्वाइंट और इंटरलॉकिंग सिस्टम का परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि मालगोदाम निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। इसके पूरा होने पर कोंच से सीधे मालगाड़ियों के जरिए माल की लोडिंग और अनलोडिंग शुरू हो सकेगी, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। परियोजना के अगले चरण में मालगाड़ी लाइन के किनारे नया प्लेटफॉर्म भी बनाया जाएगा। विभाग ने कोंच-एट रेलखंड के सिंहवाहिनी श्मशान घाट, नहर पुल, ग्राम अंडा और ग्राम सतोह स्थित चारों समपार फाटकों पर गेटमैन तैनात कर दिए हैं। ट्रेन आने से पहले फाटक बंद किए जाएंगे और ट्रेन गुजरने के बाद ही खोले जाएंगे। रेलवे का कहना है कि इससे यात्रियों और राहगीरों की सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय पनगी कलां में हुआ वृक्षारोपण

**खीरी टाउन-खीरी।** एक पेड़ मां के नाम के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय पनगी कलां में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया।इस मौके पर विद्यालय के समस्त टीचर, अनुदेशक, अनुचर, रसोईया एवं बच्चों ने वृक्षारोपण किया।टीचरों के अलावा विशेष कर बच्चों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर काफी उत्साह देखा गया।इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया।पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में कुल बीस पौधे लगाए गए।परिसर के बाहर बच्चों एवं अभिभावकों ने भी वृक्षारोपण स्कूल के हेड टीचर शौकत अली ने बताया कि स्टाफ के टीचरों एवं रसोइयों के अलावा सभी बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।सबसे खास बात यह रही कि विद्यालय के बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ पौधों को लगाने में सक्रिय भूमिका निभाई।इस मौके पर हेड टीचर ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं।वे न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं बल्कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखते हैं।

# शहर का यातायात किया जा रहा है सुगम व सुरक्षित

## चेतावनी के बावजूद सड़क से वाहन न हटाने वालों के वाहन पहुंचाए गए थाने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में 'सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic congestion (RTC) Scheme' के अंतर्गत शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो पर सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई । यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा लाउड हेलर के माध्यम से वाहन स्वामियों/ चालकों को सूचित करते हुए अपने वाहनों को तत्काल नो पार्किंग क्षेत्र से हटाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बावजूद भी जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन नहीं हटाए गए, उनके वाहनों को क्रेन के माध्यम से कुल 5 चार पहिया वाहनों को सम्बन्धित थाने में भेजा गया। वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अंतिम चेतावनी देते हुए नियमानुसार उनके वाहन सुपुर्द किए गए। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। यातायात नियमों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। यातायात पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं किसी भी असुविधा की स्थिति में ट्रैफिक कण्ट्रोल/ हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

## आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने वेतन न मिलने का लगाया आरोप

**लखीमपुर खीरी।** राजापुर रोड स्थित आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज के कई शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि उन्हें मई 2026 से अब तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।शिक्षकों का कहना है कि नियमित रूप से शिक्षण कार्य करने के बावजूद पिछले कई महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई तथा दैनिक खर्चों का प्रबंधन कठिन हो गया है। उनका आरोप है कि इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन से कई बार भुगतान की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।शिक्षकों ने संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कराते हुए बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है।वहीं, इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। प्रबंधन का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज राजापुर रोड, लखीमपुर खीरी स्थित एक निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय है, जिसकी स्थापना वर्ष 2014 में हुई थी।

# मृतक आश्रित भर्ती सहित कई लंबित मांगों को लेकर अशोक सिंह ने रक्षा मंत्री को सौंपा मांगपत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आयुध निर्माणियों सहित रक्षा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों की काफी समय से लंबित पड़ी कई माँगो को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष अशोक सिंह ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात करी। इस दौरान अशोक सिंह ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पीताम्बर वस्त्र ओढ़ाकर उनका अभिवादन किया। ओईएफ फूलबाग कानपुर किला मजदूर यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई ने बताया कि महासंघ के अध्यक्ष अशोक सिंह की रक्षा मंत्री से रक्षा कर्मचारियों के हितों और सेवा संबंधी अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं विस्तृत चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु उचित विचार करने का आश्वासन दिया। महासंघ के अध्यक्ष अशोक सिंह ने रक्षा क्षेत्र में 100 प्रतिशत मृतक आश्रित भर्ती करने, एमटीएस कर्मचारियों को फोर ग्रेड स्ट्रक्चर प्रदान करने, औद्योगिक कर्मचारियों को सामान्य रूप से वर्दी भत्ता देने, सभी रिक्त पदों को नियमित सरकारी भर्ती के द्वारा भरे जाने , रक्षा क्षेत्र में ठेकेदारी प्रथा पूरी तरह से समाप्त करने और सभी विभागों में जेसीएम - 2 एवं 3 की समय से मीटिंग संपन्न किए जाने को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एक मांग पत्र भी सौंपा।

## विधायक ने रथ यात्रा मार्ग का भ्रमण कर दिए दिशा निर्देश



**कानपुर।** आज दिनांक 13 जुलाई 2026 सोमवार को विधायक सलिल विश्नोई ने अपर नगर आयुक्त एवं नगर निगम, जलकल केस्को, पुलिस, स्वास्थ्य आदि विभिन्न विभागों के अधिकारियों व उनकी पूरी टीम के साथ रथयात्रा मार्ग का भ्रमण करके चल रहे कार्यों की प्रगति देखी तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सलिल विश्नोई के साथ प्रदीप गुप्ता, विवेक अग्निहोत्री, श्रीकृष्ण गुप्ता 'बब्बू' तथा समस्त क्षेत्रीय पार्षदों के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बारिश में गिरे घर का पड़ोसी द्वारा पुनर्निर्माण नहीं करने देने की पीड़िता ने की शिकायत

**कोंच(जालौन)-** मोहल्ला गोखले नगर में गत दिनों बारिश से गिरे अपने कच्चे घर का पुनर्निर्माण काम करा रही वृद्ध और बेवा महिला ने पड़ोसी व्यक्ति पर बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत एसडीएम से की है। मोहल्ला गोखले नगर निवासी पीड़ित वृद्ध और बेवा महिला जमुना देवी पत्नी स्व.ओमप्रकाश ने सोमवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपने कच्चे घर में अकेली रहती है। बीती 9 जुलाई को बारिश के चलते उसका कच्चा घर गिर पड़ा था और गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया था जिसके बाद वह पड़ोसी केदारी के घर रहने पर मजबूर थी। महिला ने बताया कि अब वह अपने गिरे हुए कच्चे घर का पुनर्निर्माण काम करा रही है लेकिन पड़ोसी भगवती विश्वकर्मा और उसके परिजन बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, विरोध करने पर झगड़ा करने पर आमादा है। महिला का आरोप है कि भगवती पहले ही अपने हिस्से से अधिक निर्माण कार्य करा चुका है और अब उसकी जगह पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। मामले में एसडीएम हेमंत कुमार पटेल ने महिला को समुचित कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिलाया है।

# बजाज ग्रुप के अध्यक्ष कुशाग्र बजाज के नाम गन्ना भुगतान को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) एवं क्रांतिकारी किसान समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू के नेतृत्व में बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, गोला गोकर्णनाथ के वाइस प्रेसिडेंट राकेश यादव एवं केन मैनेजर पी.एस. चतुर्वेदी को बजाज ग्रुप के अध्यक्ष कुशाग्र बजाज के नाम संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों की गंभीर आर्थिक स्थिति का उल्लेख करते हुए समयबद्ध गन्ना भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही, शुगर प्रमोशन पॉलिसी के अंतर्गत लंबित बकाये का शीघ्र समाधान कराने हेतु प्रभावी पहल करने का अनुरोध किया गया, ताकि किसानों को उनके गन्ने का भुगतान समय पर प्राप्त हो सके। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि गन्ना आपूर्ति के 14 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा भुगतान में विलंब होने पर किसानों को ब्याज सहित भुगतान दिया जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू ने कहा कि किसान अपनी मेहनत का उचित और समय पर मूल्य चाहता है। सरकार और चीनी उद्योग के बीच यदि कोई वित्तीय विवाद लंबित है, तो उसका खामियाजा किसानों को नहीं भुगतना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना सभी संबंधित पक्षों की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन को शीघ्र ही कंपनी के अध्यक्ष श्री कुशाग्र बजाज तक पहुँचाया जाएगा। इस अवसर पर किसान प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा तथा युवा जिला उपाध्यक्ष उत्तम यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नवागत पुलिस उपाधीक्षक गायत्री यादव ने ग्रहण किया पदभार



**चुनार (मिर्जापुर)।** नवागत पुलिस उपाधीक्षक गायत्री यादव ने सोमवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। नवागत पुलिस उपाधीक्षक गायत्री यादव ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम हमारी प्राथमिकता होगी। 2023 बैच की गायत्री यादव का स्थानांतरण सी.ओ. यातायात मिर्जापुर से पुलिस उपाधीक्षक चुनार के पद पर हुआ है।

### संघ की पद्धति से लोगों को परिचित कराने के लिए है वन बिहार कार्यक्रम- विभाग प्रचारक



**चुनार, मीरजापुर।** संघ में कुछ बातों का विशेष महत्व है, बिना आये किसी को जानेंगे नहीं, आयेंगे तो मिलेंगे और मिलने के बाद एक सम्बन्ध स्थापित होता है, यही आरएसएस है। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विंध्याचल विभाग प्रचारक कौशल किशोर जी ने रविवार को लोवरलाइन स्थित गांधी पार्क में नगर खंड की ओर से आयोजित वन बिहार कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कहा। उन्होंने स्वयंसेवक के लिए आवश्यक बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि अनुशासित हो और सूचना का अनुपालन करने वाला होना चाहिए।उन्होंने वन बिहार कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि नये लोगों को संघ के पद्धति से परिचित कराने के लिए प्रतिवर्ष वन बिहार कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर नगर संघ चालक गोविंद, नगर प्रचारक अजय, नगर कार्यवाह विवेक, सह नगर कार्यवाह धीरज, विभाग व्यवस्था प्रमुख जगदीश, जिला कार्यवाह अमित, सुरेंद्र सिंह, नगर संपर्क प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, नगर बौद्धिक प्रमुख रितेश, नगर शारीरिक प्रमुख सुधीर, अमित, हिमांशु,अंकित, संजय आदि स्वयं सेवक सहित अन्य अतिथिगण मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव त्यागी ने की जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश



जनमानस की समस्याओं के समयबद्ध और प्रभावी समाधान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार व पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के क्रम में, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागीने कार्यालय में आए आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किए। मामलों का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही ने पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देश के क्रम में मामलों का निस्तारण केवल कागजों पर न होकर धरातल पर होना चाहिए, जिससे पीड़ित पक्ष पूरी तरह संतुष्ट हो। पुलिस थानों पर आने वाले हर पीड़ित के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाए।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित फरार अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

पूर्व में 20 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ गांजा तस्करी करते हुए एक गिरफ्तार अभियुक्त के साथी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया था जेल अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपद के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी के पूर्णतया रोकथाम एवं तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 13.07.2026 को शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में चेकिंग के दौरान मुखबिरी सूचना पर मु0अ0सं0-178/2026 धारा 8/20/29 NDPS Act से संबंधित वांछित अभियुक्त को नेशनल हाईवे ओवर ब्रिज से से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

# जेठ ने डंडे से पीटकर छोटे भाई की पत्नी की हत्या की

» सुबह बगीचे में पेड़ से लटकता हुआ मिला संदिग्ध परिस्थितियों में जेठ का शव।

» महिला की हत्या के बाद आरोपी जेठ का शव बगीचे में लटकता मिला, गांव में सनसनी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के तेंदुहनी बेलहा गांव में एक महिला और उसके जेठ की मौत से सनसनी फैल गई है। रविवार देर शाम 26 वर्षीय संगीता की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। सोमवार सुबह आरोपी जेठ छोटेलाल उर्फ कलट्टर का शव बगीचे में पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, रविवार शाम संगीता अपने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके जेठ छोटेलाल उर्फ कलट्टर से विवाद हो गया। छोटेलाल ने पास पड़ी लकड़ी से संगीता के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी जेठ मौके से फरार हो गया था।

सूचना मिलने पर रविवार को रात में ही प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और संगीता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी जेठ छोटेलाल के खिलाफ लालगंज थाने में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार सुबह गांव के बगीचे की ओर गए ग्रामीणों ने छोटेलाल उर्फ कलट्टर का शव पेड़ से रस्सी के फंदे से लटका देखा। ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय दोबारा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए।

एक ही घर में दो मौतों से परिजनों में शोक का माहौल है। संगीता अपने पीछे पांच वर्षीय पुत्र लाडो और पांच माह की पुत्री पारो को छोड़ गई हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी छोटेलाल उर्फ कलट्टर पहले भी अपनी पत्नी की गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी ठहराया जा चुका था। जिसमें सजा काट कर एक वर्ष पहले घर आया था और छोटे भाई के परिवार के साथ रहता था। छोटा भाई नन्हकू बाहर रहता है। वह घर के लिए चल दिया है।

## जिलाधिकारी ने दैनिक जनता दर्शन में सुनीं जनसामान्य की समस्याएं



» फरियादियों की शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवाापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने प्रतिदिन की भांति कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन में दूर-दराज के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी शिकायतों की मौके पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ताओं को संतुष्टिपरक समाधान उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से बैठकर आमजन की समस्याएं सुनें तथा प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा प्रत्येक अधिकारी जनता के प्रति अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। जनता दर्शन में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, पेयजल, पेंशन, आवास, भूमि विवाद सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### संघ की पद्धति से लोगों को परिचित कराने के लिए है वन बिहार कार्यक्रम- विभाग प्रचारक



**चुनार, मीरजापुर।** संघ में कुछ बातों का विशेष महत्व है,बिना आये किसी को जानेंगे नहीं, आयेंगे तो मिलेंगे और मिलने के बाद एक सम्बन्ध स्थापित होता है, यही आरएसएस है। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विंध्याचल विभाग प्रचारक कौशल किशोर जी ने रविवार को लोवरलाइन स्थित गांधी पार्क में नगर खंड की ओर से आयोजित वन बिहार कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कहा। उन्होंने स्वयंसेवक के लिए आवश्यक बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि अनुशासित हो और सूचना का अनुपालन करने वाला होना चाहिए।उन्होंने वन बिहार कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि नये लोगों को संघ के पद्धति से परिचित कराने के लिए प्रतिवर्ष वन बिहार कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर नगर संघ चालक गोविंद, नगर प्रचारक अजय, नगर कार्यवाह विवेक, सह नगर कार्यवाह धीरज, विभाग व्यवस्था प्रमुख जगदीश, नगर संपर्क प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, नगर बौद्धिक प्रमुख रितेश, नगर शारीरिक प्रमुख सुधीर, संजय आदि स्वयं सेवक सहित अन्य अतिथिगण मौजूद रहे।

### गड़बड़ा शीतला धाम में दर्शनार्थि महिला की कटी चैन

**हलिया मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में सोमवार को दर्शन करने आई दर्शनाथी महिला की गड़बड़ा शीतला धाम में कटी चैन महिला ने अपने परिजनों को चैन कटने की दिया जानकारी। स्थानिय ग्रामीणों ने बताया की महिला प्रयागराज जिले के नैनी से आई हुई थी महिला का नाम श्रद्धा तिवारी का महिला ने दर्शन पूजन करने के बाद जब गाड़ी के पास पहुंची तो देखा तो गले में चैन नहीं था महिला ने तुरंत अपने परिजनों को सूचना दिया मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आए दिन मंदिर पर इसी तरीके से लूट घसुट होता रहता है। एक भी मामले का खुलासा नहीं होता अभी पिछले 29 जून को दो महिलाओं के साथ घटना हुआ था उसका भी नहीं हुआ खुलासा स्थानिय ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन मंदिर पर इसी तरीके का घटना होता रहता है ना तो कोई फुटेज कैमरे में आता है ना तो किसी को कुछ दिखाई देता है घटना के बाद परिजन को पता लगता यहां से घर वापस चले जाते हैं कार्रवाई के नाम पर उनको सिर्फ और सिर्फ ठेगा दिखाया जाता है ग्रामीणों के मुताबिक आए दिन मेला क्षेत्र में होता रहता है लुट घसुट।

# खुदाई में मिला सोना बताकर ठगी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

» 16 नकली गुल्ली 1.37 लाख रुपए और चार मोबाइल बरामद।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मीरजापुर।** मिर्जापुर पुलिस ने खुदाई में मिला असली सोना बताकर नकली सोने की गुल्ली बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से 16 नकली सोने की गुल्ली ठगी के 1.37 लाख रुपए और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। मामला गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र के लीलापुर निवासी सुरेंद्र प्रताप सिंह की शिकायत से जुड़ा है। उन्होंने 12 जुलाई को जिगना थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने खुदाई में मिला असली सोना बताकर उन्हें नकली गुल्ली बेच दी और रुपए ठग लिए शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

जिगना पुलिस ने सोमवार को बघेड़ा खुर्द परौतीपुर गांव निवासी राम रक्षा बिन्द उर्फ छोटून्न 25 विद्यासागर बिन्द 22 और प्रशांत कुमार विश्वकर्मा 20 गिरफ्तार किया तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 16 नकली सोने की गुल्ली ठगी के 1.37 लख रुपए और चार मोबाइल फोन बरामद हुए मामले में भारतीय न्याय संगीता बीएनएस की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी राम रक्षा बिन्द के खिलाफ धोखाधड़ी के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं वही प्रशांत कुमार विश्वकर्मा के विरुद्ध भी एक आपराधिक मामला दर्ज है। गिरफ्तारी की कार्रवाई थाना जिगना प्रभारी विजय कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक चंद शेखर प्रसाद और पुलिस टीम ने की पुलिस ने लोगों से अपील की है की खुदाई में सोना मिलने या कम कीमत पर कीमती ही धातु बेचने जैसे प्रलोभनों से सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध विधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

# पंचायत चुनाव याचिका पर सुनवाई टली, छह सप्ताह बाद फिर होगी सूचीबद्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज/भदोही।** पंचायत चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण याचिका पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। माननीय उच्च न्यायालय की कोर्ट संख्या-36 में सीरियल संख्या-54 पर सूचीबद्ध इस याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि इसी विषय से संबंधित मामला पहले से ही डिवीजन बेंच के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में डिवीजन बेंच द्वारा संबंधित प्रकरण का निस्तारण होने तक वर्तमान याचिका पर सुनवाई आगे नहीं बढ़ाई जा सकती। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने मामले को 'List After Si& Weeks' करते हुए छह सप्ताह बाद पुनः सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। अब अगली सुनवाई निर्धारित अवधि के बाद होगी।

ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन की ओर से मामले की पैरवी कर रहे इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव मिश्रा एवं अधिवक्ता संदीप सिंह न्यायालय में उपस्थित रहे। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव राजमणि पांडेय भी सुनवाई के दौरान न्यायालय में मौजूद रहे। संगठन के अधिवक्ताओं ने बताया कि पंचायत चुनाव से जुड़े इस विषय पर डिवीजन बेंच में लंबित प्रकरण के निर्णय के बाद ही वर्तमान याचिका पर आगे की सुनवाई होगी। उन्होंने कहा कि संगठन पंचायत प्रतिनिधियों के हितों की रक्षा के लिए न्यायालय में प्रभावी



प्रयागराज हाईकोर्ट में ग्राम पंचायत प्रशासकों की याचिका पर सुनवाई
ग्राम पंचायत प्रशासकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन की कानूनी पहल

ढंग से अपनी पैरवी जारी रखेगा तथा आगामी सुनवाई में भी पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। गौरतलब है कि पंचायत चुनाव से जुड़े विभिन्न कानूनी पहलुओं को लेकर उच्च न्यायालय में लगातार सुनवाई चल रही है। ऐसे में इस मामले पर आने वाला निर्णय प्रदेश के पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायत चुनाव प्रक्रिया की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# व्यापक पैमाने पर अवैध शराब तस्करी में लिप्त शराब तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे






» कजे से 1005 लीटर अंग्रेजी शराब,(कीमत करीब 11 लाख) ट्रैटर और पानी के टैंकर बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपद के रास्ते मादक पदार्थों व अवैध शराब की तस्करी के पूर्णतया रोकथाम एवं तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गए निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 13.07.2026 को भोर में करीब 03:30 बजे, शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में मुखबिरी सूचना पर पुलिस टीम द्वारा जनपद के रास्ते अवैध शराब की तस्करी करने वाले गिरोह एक तस्कर को जी.टी. रोड स्थित सर्विस लेन (गेराई पावर हाउस के पास) से अभियुक्त मनोज उर्फ राहुल सैनी पुत्र रण सिंह, निवासी ग्राम आबादगढ़, थाना भवन, जनपद शामली (उम्र लगभग 28 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जें से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना गोपीगंज जनपद भदोही पर विरुद्ध मु.अ.सं. 293/2026 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्त उड़ीसा से गिरफ्तार

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक घोरावल बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को उड़ीसा से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।थाना शाहगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 01/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना घोरावल से उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल राजीव कुमार एवं कांस्टेबल योगेश मिश्रा की टीम को जनपद ढेकनाल (उड़ीसा) रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए प्रकाश माहखुड़ पुत्र बसन्त माहखुड़ एवं रश्मि रंजन सामल पुत्र अशोक सामल, निवासीगण ग्राम मंगलपुर कुसपगां, थाना कान्ता बनिया, जनपद ढेकनाल (उड़ीसा) को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय जेएमएफसी, जनपद ढेकनाल (उड़ीसा) के समक्ष प्रस्तुत कर विधिक प्रक्रिया के तहत ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त किया

# राज्य आयुक्त की अध्यक्षता में 16 जुलाई को आयोजित होगा मोबाइल कोर्ट

» जिलाधिकारी ने सभी विभागों को तैयारियां समय से पूर्ण करने एवं विभागीय स्टॉल लगाने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** भदोही में दिव्यांगजन एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से 16 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी), विकास भवन, कंसापुर, ज्ञानपुर में राज्य आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। मोबाइल कोर्ट के सफल आयोजन एवं समुचित व्यवस्थाओं के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करना सुनिश्चित करे, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग मोबाइल कोर्ट परिसर में अपने-अपने विभागीय स्टॉल अनिवार्य रूप से स्थापित करें, जहां विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आवश्यक अभिलेखों, तकनीकी संसाधनों एवं सक्षम कर्मचारियों सहित पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित रहें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में बताया गया कि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को आयोजन का नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जो पंडाल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रचार-प्रसार एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे। पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं राज्य आयुक्त के एस्कॉर्ट की व्यवस्था करेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं हेतु एम्बुलेंस उपलब्ध कराएंगे। विद्युत विभाग आयोजन अवधि के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराएगा। वहीं सभी संबंधित विभाग अपने विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए शिकायतों के त्वरित निस्तारण की व्यवस्था करेंगे।

खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर दिव्यांगजन एवं पात्र लाभार्थियों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा आयोजन की तैयारियों की समीक्षा गूगल मीट के माध्यम आयोजित की गयी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके तथा आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपदभर में चला व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जनपद सोनभद्र में व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत गांवों में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, खराब हैंडपंपों का चिन्हीकरण, नालियों की सफाई सहित विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उच्च जोखिम वाले ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें सफाईकर्मी, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधानों की सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान लोगों को संचारी एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।अभियान के अंतर्गत जनपद के विद्यालयों में संचारी रोग जागरूकता रैलियां निकाली गईं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा प्रभात फेरियां आयोजित की गईं, जबकि ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा ग्रामों में सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।



अभियान के दौरान गांवों में नालियों की सफाई, स्थानों पर झाड़ियों की कटाई, हैंडपंपों की मरम्मत, हैंडपंप चबूतरों की मरम्मत तथा शौचालयों का निर्माण कराया गया। वहीं नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थानों पर नालियों की सफाई एवं वार्डों में फॉगिंग कराई गई। इसके अतिरिक्त पशुपालकों को संचारी रोगों की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जागरूक किया गया तथा कृंतक नियंत्रण के लिए जनपद में बैठकों का आयोजन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को पूरी गंभीरता एवं प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए स्वच्छता, जनजागरूकता एवं रोगों की रोकथाम संबंधी गतिविधियों को निरंतर जारी रखा जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

### हरियाली आंदोलन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे डॉ. बृजेश महादेव

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से हरियाली आंदोलन के संयोजक एवं पर्यावरण प्रेमी शिक्षक डॉ. बृजेश महादेव लगातार जन-जागरूकता अभियान चला रहे हैं। उनके नेतृत्व में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय, पल्हारी (नगवां) में विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। डॉ. महादेव ने बताया कि उनका अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि वनों के संरक्षण, वृक्षों की सुरक्षा तथा वर्षा ऋतु में विभिन्न प्रजातियों के बीजों की बुवाई कर प्राकृतिक वन संपदा का विस्तार करना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व लगाए गए अनेक पौधे आज विशाल वृक्ष बन चुके हैं, जो इस अभियान की सफलता का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि 'एक वृक्ष पंद्रह पुत्रों से भी अधिक उपयोगी होता है।' वृक्ष मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन, फल, फूल, औषधियाँ, ईंधन, लकड़ी तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों का आधार हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम-से-कम एक वृक्ष लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

# ऑपरेशन कन्विक्शन में सोनभद्र पुलिस की बड़ी कार्रवाई

» 24 वारंटी अभियुत गिरतार, न्यायालयी वारंटों के प्रभावी निस्तारण में बड़ी सफलता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जनपद सोनभद्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में दिनांक 12.07.2026 से 13.07.2026 तक ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत गैंगस्टर एक्ट, स्थायी वारंटों एवं न्यायालय से निर्गत अन्य वारंटों के प्रभावी निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष गिरफ्तारी अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थाना पुलिस टीमों द्वारा न्यायालय से निर्गत वारंटों का प्रभावी तामील कराते हुए तथा विभिन्न अभियोगों में वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 24 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में एनडीपीएस एक्ट, पॉक्सो एक्ट, वन अधिनियम, आर्म्स एक्ट, बीएनएस, एनआई एक्ट तथा अन्य गंभीर आपराधिक प्रकरणों* में वारंटी अभियुक्त शामिल हैं।अभियान के दौरान थाना रॉबर्ट्सगंज से 04, करमा से 01, घोरावल से 02, शाहगंज से 03, पन्नूगंज से 01, ओबरा से 01, कोन से 04, दुद्धी से 03, बभनी से 01, पिपरी से 01 तथा अनपरा से 03 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई।गिरफ्तार वारंटी/वांछित अभियुक्तों का थानावार विवरण क्रमश :थाना रॉबर्ट्सगंज (04 अभियुक्त)शहनवाज खां उर्फ भोदू खां पुत्र मसूर खां, निवासी उरमौरा, थाना रॉबर्ट्सगंज।, सुनील दास पुत्र स्व. देवरंजन दास, निवासी मिल्लत नगर ओबरा, वर्तमान पता- छपका पावर हाउस के पीछे, थाना रॉबर्ट्सगंज, रानू बेगम पत्नी राजू, निवासी पूरब मोहाल हंस नगर वार्ड नं.-18, रॉबर्ट्सगंज वर्तमान पता- 5/57 कांशीराम आवास, थाना रॉबर्ट्सगंज।, शिव कुमार गौड़ पुत्र स्व. विश्वनाथ, निवासी बहुआर चरघसा टोला, थाना रॉबर्ट्सगंज। इसी क्रम में थाना करमा (01 अभियुक्त)कमलेश कोल पुत्र स्व. छग्गन, निवासी चिलौली, थाना करमा। थाना घोरावल (02 अभियुक्त)देव कुमार पुत्र इन्द्रमणि, निवासी बैद्यनाथ, थाना घोरावल, तौलन पुत्र रामकरन, निवासी गुठेर, थाना घोरावल। थाना शाहगंज (03 अभियुक्त) जनार्दन पुत्र रामप्यारे, निवासी मोराही, थाना शाहगंज, बबलू पुत्र भुवर, निवासी शिल्पी, थाना शाहगंज, बबुन्दर पुत्र सुन्दर राम, निवासी शिल्पी, थानाशाहगंज। थाना पन्नूगंज (01 अभियुक्त)(बाल अपचारी, उम्र 16 वर्ष) थाना ओबरा (01 अभियुक्त)राहुल दुबे पुत्र देवेन्द्र नाथ दुबे, निवासी दुर्गा मंदिर, थाना ओबरा।थाना कोन (04 अभियुक्त). शिवनाथ पुत्र लक्ष्मण राम, निवासी वागेसोती थाना कोन, रामलखन पुत्र हलकन राम, निवासी वागेसोती थाना कोन, बुधई राम पुत्र महंगू राम, निवासी वागेसोती थाना कोन, कैलाश राम पुत्र मंगरू राम, निवासी वागेसोती थाना कोन।थाना दुद्धी (03 अभियुक्त) शिवप्रसाद पुत्र स्व. विंदेश्वरी, निवासी गुलालझरिया, उमेश पुत्र रामप्रसाद, निवासी गुलालझरिया, सुनील पुत्र रामप्रसाद, निवासी गुलालझरिया। थाना बभनी (01 अभियुक्त)बृज किशोर उर्फ फणेन्द्र ओझा पुत्र विषेश्वर ओझा, निवासी सागोबांध। थाना पिपरी (01 अभियुक्त) पिंटू उर्फ संजय पुत्र मुनदेव उर्फ जमुना, निवासी मकरा टोला बिजली झरिया, थाना अनपरा (03 अभियुक्त) आनन्द कुमार पुत्र राम लल्लू पनिका, निवासी कुड़िया मोहल्ला, औड़ी, सुनील कुमार गुर्जर पुत्र स्व. अच्छेलाल गुर्जर, निवासी रणहोर, राजभोग पुत्र चन्द्रमा, निवासी औड़ी। सोनभद्र पुलिस अपराधियों एवं वारंटियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार प्रभावी एवं सतत कार्रवाई करती रहेगी। जनपद में अपराध नियंत्रण, न्यायालयों से निर्गत वारंटों के समयबद्ध निस्तारण तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु ऐसे विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## 01 अभियुक्ता को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना कुण्डा के उ0नि0 चरन सिंह मय हमराह द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था, जुर्म जरायम की रोकथाम एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पूरे खिचर मजरे सरियावा के पास से 01 अभियुक्ता सुशीला देवी पत्नी स्व0 कल्लू सरोज निवासी ग्राम पूरे खिचर मजरे सरियावा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को कुल 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।उक्त बरामदगी के आधार पर थाना कुण्डा पर धारा- 60 आबकारी अधिनियम अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया और अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

## जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक आज होगी

**प्रतापगढ़।** जनपदीय सिंचाई बन्धु प्रतापगढ़ की बैठक आज 14 जुलाई 2026 (द्वितीय मंगलवार) को पूर्वान्ह 11 बजे अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड कार्यालय में आहूत की गयी है। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियन्ता/सचिव सिंचाई बन्धु अरविन्द वर्मा द्वारा की जायेगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण आमंत्रित है।

## वैवाहिक वर्षगांठ पर 51 हेलमेट बांटकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**हेलमेट भेंटकर सुरक्षित यातायात के नियमों का पालन करने का संकल्प भी दिलाया गया**



**सिद्धार्थनगर।** नेशनल हाइवे 730 के तुलसियापुर चौराहे पर सोमवार शाम को डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद जगदंबिका पाल एवं उनकी धर्मपत्नी स्नेहलता पाल की 51वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर भाजपा युवा नेता अनिल अग्रहरि के नेतृत्व में 51 हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। हेलमेट भेंटकर सुरक्षित यातायात के नियमों का पालन करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम आयोजक भाजपा नेता अनिल अग्रहरि ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना रहा। कहा कि हेलमेट केवल यातायात नियमों का पालन करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी सुरक्षा कवच है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हमेशा हेलमेट पहनकर ही यात्रा करने की अपील की। अतिथियों ने समाजसेवी अनिल अग्रहरि की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जनजागरूकता अभियान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ लोगों में सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करते हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय, अनिल अग्रहरि, पद्माकर शुक्ला, विराट उपाध्याय, अशोक अग्रहरी, उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर से दिवाल में ठोकर लगने से दो पक्षों में विवाद, कुल्हाड़ी के प्रहार से महिला घायल, केस दर्ज



**सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के डड़वाघाट गांव में ट्रैक्टर से दिवाल में ठोकर लगने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें एक महिला को कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया गया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी डड़वाघाट निवासी रुखमिणी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि घटना बीते रविवार के सुबह की है। आरोप है कि पीड़िता का ट्रेक्टर घर से बाहर निकल रहा था कि आरोपी के दीवाल से ट्रैक्टर लगने के बात को लेकर गांव के निवासी कृष्ण कुमार, गणेश और स्तुति आग-बबूला हो गए। ओर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे पीड़िता के सर में गंभीर चोटें आई हैं पीड़िता की सूचना पर गोल्हौरा थाना पुलिस ने देर रात्रि मुकदमा अपराध संख्या 0061/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 115(2), 352, 351(3), 118(1) के तहत पंजीकृत किया । इस संबंध में गोल्हौरा थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम आवास योजना से मिला नया आशियाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं। प्रदेश सरकार की पारदर्शी कार्यप्रणाली,सुशासन और विकासोन्मुखी नीतियों के परिणामस्वरूप प्रतापगढ़ जनपद के विकास खण्ड मंगरौरा की ग्राम पंचायत कंधई मधुपुर निवासी शाहनाज बेगम पत्नी मोहम्मद फारूख का परिवार इसका प्रेरणादायी उदाहरण है। कभी आर्थिक तंगी और सीमित संसाधनों के कारण शाहनाज बेगम का पूरा परिवार एक कच्चे एवं जर्जर मकान में रहने को विवश था। बरसात के दिनों में छत टपकती थी, गर्मी में असहनीय तापमान और सर्दी में ठिठुरन उनके परिवार के लिए बड़ी चुनौती बन जाती थी। परिवार के आठ सदस्यों के साथ सुरक्षित जीवन बिताना उनके लिए किसी संघर्ष से कम नहीं था। अपने सीमित संसाधनों के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए केवल एक सपना था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन ने शाहनाज बेगम के इस सपने को साकार करने का मार्ग प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत पात्रता के आधार पर चयनित होने के बाद उन्हें तीन किस्तों में 1.20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई। इस सहायता से उन्होंने परिवार के सहयोग से एक मजबूत सुरक्षित पक्का मकान तैयार कराया। आज उनका परिवार निश्चिंत होकर अपने नए घर में रह रहा है। इसी क्रम में साहनाज बेगम के परिवार को बिजली कनेक्शन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, राशन कार्ड के माध्यम से खाद्यान्न, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ भी प्राप्त हुआ।

इन सभी योजनाओं ने उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाया और परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से अधिक सशक्त बनाया। शाहनाज बेगम भावुक होकर बताती हैं कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि उनका अपना पक्का घर होगा। आज उनका सपना साकार हो चुका है। पारदर्शी व्यवस्था, तकनीक आधारित चयन प्रक्रिया और भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे। शाहनाज बेगम का परिवार इसी परिवर्तन की सशक्त मिसाल है।

## जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई में आज

**प्रतापगढ़।** जिला समन्वयक/नोडल प्रधानाचार्य उ0प्र0 कौशल विकास मिशन आलोक कुमार ने बताया है कि 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आज 14 जुलाई को उ0प्र0 कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर टाटा टेक्नोलाजी वर्कशाप, प्रतापगढ़ में पूर्वान्ह 10 बजे से किया जायेगा। जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला में देश व प्रदेश की प्रतिष्ठित नियोक्ता कम्पनियां ब्लिंकिट कामर्स प्रा0लि0, स्प्रेक्ट्रम, ओमनी हवाई, डी0डी0 फूड प्रोडक्ट, ग्रो, शुभमसाला, याजाकी इण्डिया प्रा0लि0, केयर हेल्थ प्रा0लि0 इत्यादि द्वारा प्रतिभाग करते हुए लगभग 1000 से अधिक जनपद के 18 से 35 आयु वर्ग के अल्प शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार, स्वरोजगार में सेवायोजित कराया जायेगा।

## साइबर अपराध में लिप्त 34 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में साइबर अपराधियों के विरुद्ध पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, द्वारा चलाये जा रहे देशव्यापी अभियान के अन्तर्गत पुलिस पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में जनपद प्रतापगढ़ में साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी)/ नोडल साइबर अपराध, जनपद प्रतापगढ़ के निकट पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल प्रतापगढ़ व जनपद प्रतापगढ़ के थानों पर संचालित साइबर हेल्प-डेस्क के साथ की टीमों का गठन किया गया। उक्त टीमों के द्वारा रणनीति व योजनाबद्ध तरीके से दबिश व कार्यवाही करते हुए वर्तमान में प्रचलित साइबर अपराध - विशेष रूप से टेलीग्राम इंस्टाग्राम व्हाट्सऐप आदि सोशल मीडिया से संचालित होने वाले इन्वेस्टमेंट स्कैम डिजिटल अरेस्ट पार्ट-टाइम जॉब क्रिप्टो-ट्रेडिंग फ्रॉड आदि में प्रयुक्त होने वाले बैंक खाते तथा मोबाइल नंबर धारकों के विरुद्ध देश भर के कुल 19 राज्यों में दर्ज 89 एनसीआरपी शिकायतों में शामिल 17 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी और सत्यापन के उपरान्त कुल 14 मुकदमे जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न थानों पर पंजीकृत किये गये। इन बैंक खातों व मोबाइल नंबर का दुरुपयोग देश भिन्न-भिन्न राज्यों से लगभग रकम 12 करोड़ 18 लाख रुपये( 12,18,08742.27 रुपए) के साइबर फ्रॉड में संलिप्तता पायी गयी। पूछताछ के बाद प्राप्त साक्ष्यों व अन्य इनपुट पर साइबर सेल द्वारा गहनता से जांच की जा रही है।

# पर्यावरण को बनाएं रखने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है- विधायक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सामाजिक वानिकी वन प्रभाग सिद्धार्थनगर के बांसी रेंज द्वारा प्राथमिक विद्यालय महुआ कला परिसर में एक पेड़ मां के नाम ,आम भंडारा,आप के द्वार,वन महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत आम बहार आपके द्वार व ग्रीन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जय प्रताप सिंह पूर्व मंत्री/विधायक बांसी के मुख्य अतिथि व शंशाक राय उप जिलाधिकारी बांसी के अध्यक्षता में किया गया। पूर्व मंत्री/विधायक जय प्रताप सिंह व कार्यक्रम मे खंड विकास अधिकारी बांसी कृतका अवस्थी समेत प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा पदाधिकारी व स्कूली बच्चों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में वन महोत्सव पर आयोजित जागरुकता गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री/विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण बहुत आवश्यक है ।हम सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने पर बल देना चाहिए। आज पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। असंतुलित पर्यावरण को संतुलित करने में वृक्षों का परम योगदान है। हम सभी को वृक्षो के महत्व को ध्यान में रखकर खाली पड़ी जमीनों पर वृक्ष लगाकर उसके संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शशांक राय ने कहा कि पेड़ पौधे हम सभी के जीवन में सहायक हैं। आज लोगों में पेड़ पौधों के प्रति जागरूकता आवश्यक है। तभी हमारा जीवन खुशहाल होगा। कार्यक्रम में अतिथिगण द्वारा स्कूली बच्चों व जनममानस को वृक्ष भंडारा आम बाहर आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के पौध भी वितरित किए गए। क्षेत्रीय वन अधिकारी शिव कुमार सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों के प्रति



आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को पूर्व प्राचार्य प्रो.के. पी. त्रिपाठी, कृतिका अवस्थी खंड विकास अधिकारी बांसी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जोगी बाबा मंडल अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख प्रत्याशी जितेन्द्र मिश्र, दिनेश पांडेय, नीरज बाबा, वन दरोगा संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, व वनरक्षक अरुणेश समेत तमाम लोग व क्षेत्रीय नागरिक व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय पाण्डेय ने किया।

## महराजगंज तहसील में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज, रायबरेली।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी के नेतृत्व में सोमवार को महराजगंज तहसील परिसर में भाजपा सरकार की जनविरोधी एवं संविधान विरोधी नीतियों के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने भारत के राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, किसानों, उपभोक्ताओं और आम जनता से जुड़े विभिन्न मामलों में सरकार का रवैया अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कई मुद्दों को उठाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मेरठ के एसएसपी पर कार्रवाई, ललिता गौतम हत्याकांड के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने, प्रदर्शनकारियों एवं अधिवक्ता रवि गौतम पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, बिना सूचना बिजली बिलों में कथित मनमानी बढ़ोतरी रोकने, सलोन थाना क्षेत्र के खमरिया पूरे कुशल में प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, किसानों को तत्काल खाद उपलब्ध कराने तथा उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो महराजगंज में व्यापक धरना-प्रदर्शन और घेराव आंदोलन किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उप जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम को सौंपा गया।

## जोनल कार्यालय के जीर्णोद्धार किए सभागार का उद्घाटन



**कानपुर।** अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जोनल कार्यालय में स्थित जीर्णोद्धार किए गए सभागार कक्ष का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यालय की आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं कार्यस्थल को अधिक सुव्यवस्थित, आधुनिक तथा कर्मचारी-अनुकूल बनाए जाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य वातावरण से न केवल प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता एवं दक्षता में वृद्धि होती है, बल्कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल भी सुदृढ़ होता है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान जोनल कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ से गायब चार लड़कियां दिल्ली में ट्रेन से मिलीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरला (अलीगढ़)।** बरला से 14 से 20 साल की चार छात्राओं ने भी ऐसा प्लान बनाया, जिसने पुलिस के भी होश उड़ा दिए। सातवीं, आठवीं, नौवीं और बीए की इन छात्राओं ने चोरी छुपे मोबाइल भी रखना शुरू कर दिया था। एक युवती ने घर पर पिता के नाम एक पत्र भी लिखकर छोड़कर गई थी। शनिवार की शाम चारों लड़कियां बिना बताए घर से गायब हो गईं। स्वजन ने पहले तो खुद ही तलाशा। कुछ भी जानकारी न मिलने पर रविवार की चारों लड़कियों के स्वजन बरला थाने पहुंचे। इंस्पेक्टर ने यह जानकारी उच्चाधिकारियों को दी तो एसपी सिटी व सीओ बरला थाने पहुंचे। बरामदगी के लिए पांच टीमें गठित कीं। दोपहर को एक दो टीम पंजाब व दिल्ली रवाना किया। सीओ बरला ने टीमों की मॉनिटरिंग खुद की। रात नौ बजे पुलिस ने पंजाब से दिल्ली आ रही एक ट्रेन को दिल्ली में स्टेशन पर रुकवाया और चारों लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं पुलिस लड़कियों को लेकर थाना बरला के लिए रवाना हो गई है।

**शुक्रवार को घर से लापता हुई चार लड़कियां पंजाब पहुंचीं**

बरला निवासी एक युवती छर्रा के एक महाविद्यालय में बीए की छात्रा है और बरला



के एक स्कूल में पांचवीं तक के बच्चों को पढ़ाती भी है। उसकी छोटी बहन 9वीं व दूसरी किशोरी क्लास 7 व 8वीं में पढ़ती हैं। आरोप है कि युवती के पास चोरी छिपे एक मोबाइल भी था। जिस पर यूट्यूब देखती थी। चारों के पिता मजदूरी करते हैं। आपस में चारों दोस्त भी थीं। इनके थोड़ी दूरी पर ही एक दूसरे के घर हैं।

## 500 पीपल के पौधों के रोपण में शामिल होंगे ग्रीन बालक रितिक



**प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील अंतर्गत ग्राम गधियावा निवासी एवं 'ग्रीन बालक' के नाम से प्रसिद्ध रितिक पांडे को चिलबिला वन विभाग ने 500 पीपल के पौधों के वृक्षारोपण अभियान में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। सोमवार को वह अपने सहयोगियों के साथ अभियान को सफल बनाने के लिए रवाना हुए।रितिक पांडे लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय हैं। वह अपने साथियों के सहयोग से क्षेत्र में बड़ी संख्या में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते रहे हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि 'हरा-भरा गांव, हरा-भरा जिला' का संकल्प जनसहभागिता से ही साकार होगा।

# घोंघी नदी में डूबे व्यक्ति का शव मिला

**» चौबीस घंटे के बाद शव बाजारडीह के शिव मन्दिर के पास मिला**

**» पुलिस की सक्रियता से बरामद हुआ शव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोटन(सिद्धार्थनगर)।** लोटन क्षेत्र घोंघी नदी में रविवार को एक दाह संस्कार में शामिल हुए अधेड़ व्यक्ति की नहाने दौरान डूब गया था।जिसको एडडीआरएफ की टीम द्वारा सोमवार को खोज लिया गया। जानकारी के अनुसार लोटन स्थित घोंघी नदी पुल के पास सिद्धार्थनगर जनपद के कुछ गांवों एवं महराजगंज जनपद के कुछ गांवों की शव अंतिम संस्कार के लिए लाई जाती है। उसी कड़ी में बीते रविवार को थाना कोल्हुई जनपद महराजगंज के ग्राम पंचायत बड़गो टोला भुडकुड़ा निवासी रामजीत उर्फ मकालू पुत्र उदयराज उम्र पचपन वर्ष भी अपने एक रिश्तेदार के दाह संस्कार में शामिल होने आया था। बताया जा रहा है कि दाह संस्कार के बाद सभी लोग नदी में स्नान कर रहे थे।उसी दौरान मृतक रामजीत भी नदी में नहाने के लिए गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक का पैर फिसल गया। जिससे वह गहरे पानी में चला गया। मौके पर मौजूद लोगों ने निकालने का प्रयास किया। लेकिन नदी में काफी पानी होने के कारण लोग असफल हो गए। लोगों ने शव का भी काफी खोजबीन किया परन्तु शव भी कहीं दिखाई नहीं दी।इसकी सूचना लोगों ने कोल्हुई थाना एंव लोटन कोतवाली पर दी।जिसके बाद लोटन पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को सूचना दी। चूंकि अंधेरा हो गया था एंव बरसात भी हो रही थी। लिहाजा रविवार को शव बरामद नहीं हो। सोमवार को एनडीआरएफ की टीम आई और काफी मशक्कत के बाद शव को लोटन बाजारडीह स्थित शिव मंदिर के पास नहीं से बरामद की गई।जिसके बाद पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। जबकि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उक्त घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## शिक्षक रविन्द्र गुर्जर ने पास किया अंतरराष्ट्रीय खो- खो टेक्निकल ऑफिसियल कोर्स, दी बधाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के दिशा निर्देशन में खो-खो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा पिछले माह में एसजीटी यूनिवर्सिटी हरियाणा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खो - खो को टेक्निकल ऑफिसियल कोर्स में जनपद सिद्धार्थनगर से बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत शिक्षक रविंद्र गुर्जर ने भी प्रतिभाग कर कोर्स को पास कर खो-खो के अंतरराष्ट्रीय ऑफिशियल का दर्जा प्राप्त कर लिया। उनकी इस उपलब्धि पर लोगों को काफ़ी खुशी हैं। पूरे उत्तर प्रदेश से बेसिक शिक्षा विभाग से इस परीक्षा को पास करने वाले अकेले ऑफिसियल के इस विशिष्ट उपलब्धि से जनपद का बेसिक शिक्षा विभाग गौरवान्वित महसूस कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय खो - खो को टेक्निकल ऑफिसियल कोर्स पास करने वाले शिक्षक रविन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि कोर्स में भारत सहित नेपाल मलेशिया ऑस्ट्रेलिया नीदरलैंड अफ्रीका इंग्लैंड सहित अन्य देशों के लगभग 80 ऑफिशल्स में प्रतिभा किया था।

खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि रविंद्र गुर्जर जनपद में आयोजित होने वाले बेसिक शिक्षा विभाग की प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अन्य विभाग द्वारा आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता में भी अपनी अग्रणी भूमिका अदा करते रहे हैं। जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्र नाथ उपाध्याय ने बताया कि इससे पूर्व रविंद्र गुर्जर ने विगत वर्ष जनवरी 2025 में खो-खो के प्रथम विश्व कप में भी टेक्निकल ऑफिशियल की भूमिका अदा की और जनपद में आयोजित होने वाले प्रत्येक आयोजनों में व्यवस्थापक एवं तकनीकी रूप से आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं उनकी इस उपलब्धि से समस्त बेसिक शिक्षा विभाग गौरव की अनुभूति कर रहा है। सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने कार्यालय में उन्हें प्रमाण पत्र के साथ



सम्मानित कर बधाई व शुभकामनाएं दी। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रसाद, खंड शिक्षा अधिकारी सदर रामकुमार सिंह, जिला समन्वयक बालिका सुरेंद्र श्रीवास्तव, जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्र नाथ उपाध्याय, जिला व्यायाम शिक्षिका सीमा द्विवेदी ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह, अजय बरनवाल, साधुशरण, सुखबीर सिंह, रामविलास यादव, अवधेश भारती, रामशंकर पांडेय, सत्येंद्र गुप्ता, केसरी नन्दन, राजेन्द्र, राजकुमार, अनिल पांडेय व जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार एवं गाइड मास्टर अर्चना ने बधाई दी।

## कम्पोजिट विद्यालय लेदवा में इको क्लब टीम ने रोपे पौधे

**» विद्यालय परिवार ने मिलकर पर्यावरण सुरक्षा का लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** वृहद वृक्षारोपण महा अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम थीम अंतर्गत रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक शोहरतगढ़ के कम्पोजिट विद्यालय लेदवा में उत्साहपूर्वक किया गया। जिसमें एसएमसी अध्यक्ष ,अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यालय के इको क्लब टीम ने बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर में आम, अमरुद, सहित क़ई फलदार व छायादार पौधों का रोपण कर पौधे के देखभाल, पर्यावरण सुरक्षा व विद्यालय तथा गावं को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

ब्लॉक संसाधन केंद्र अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय लेदवा, नहरी, कुटवा, बेलगड़ा, धिमरौली, चेतरा शेख, बैदौली, मेहनौली, चिल्हिया, गौरा बाजार, गनेशपुर, मलगवा आदि में भी बच्चों और शिक्षकों ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में सहभागिता निभाते हुए विद्यालय परिसर में पौधों को लगा कर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का हिस्सा बने। पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय में गठित इको क्लब के बच्चों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में रोपित पौधों का हरितिमा एप्प पर जियो टैगिंग भी किया और पौध वितरण भी किया गया। इस दौरान राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह, अमरेश कुमार, पवन कुमार, मनमोहन, रेनू मद्देशिया, सरोज श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, सिद्धार्थ कुमार, राकेश राज, दीनदयाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## दिव्यांगजन 17 जुलाई को मोबाइल कोर्ट में अपनी शिकायतोंका निराकरण करायें



**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कमलेश कुमार वर्मा ने समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि 17 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से अफीम कोठी विकास भवन प्रतापगढ़ में न्यायालय राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ मोबाइल कोर्ट (दिव्यांग न्यायालय) का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में जनपद के समस्त विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में दिव्यांगजन उपस्थित होकर अपनी शिकायतों समस्याओं का निराकरण करा सकते है।

## लघु सिंचाई विभाग की संचालित योजनाओं का उठाये लाभ, करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) ने बताया है लघु सिंचाई विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग व मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना योजना तथा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित नलकूपों पर 7.5एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना संचालित की जा रही है। उन्होने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप के सम्बन्ध में बताया है कि लघु एवं सीमान्त सामान्य/अनुसूचित जाति लाभार्थियों को निजी लघु सिंचाई साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा उथले बोरिंग का कार्य कराया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत 30 मीटर गहराई तक की 110 एम0एम0 (4 इंच) व्यास की बोरिंग/नलकूप निर्मित किये जाने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसान सेवा पोर्टल पर पंजीकृत कृषक पात्र हैं एवं प्रधानमंत्री कुसुम योजना में पंजीकृत कृषकों को योजना में प्राथमिकता दी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि मध्यम गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 31 से 60 मीटर की गहराई तक की (7 इंच) व्यास की बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 61 से 90 मीटर की गहराई तक की (8 इंच) बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। बोरिंग हेतु विभाग से प्राप्त सामग्री की ढुलाई व गड्ढा की खुदाई, पानी भराई का कार्य कृषकों द्वारा स्वयं कराना होगा। योजना हेतु विभागीय पोर्टल https://miuponline.in पर आनलाइन आवेदन करना होगा। यह कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना के सम्बन्ध में बताया है कि चेकडैम/तालाबों पर भूस्तरीय सिंचाई सुविधा के रूप में ट्राली माउन्टेड 02 एचपी के सोलर पम्पसेट (ए0सी0/डी0सी0) स्थापना का कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित नलकूपों पर 7.5एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना हेतु इस वित्तीय वर्ष में पूर्व निर्मित मध्यम गहरे नलकूप/गहरे नलकूप पर 7.5 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना का कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।

## अलीगढ़ में अगवा कर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, पीड़िता गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**अलीगढ़।** थाना क्षेत्र में दरिंदगी का एक वीभत्स मामला सामने आया है, जहां एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने के बाद उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने पीड़िता के साथ बर्बरता भी की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को छर्रा थाना क्षेत्र के की रहने वाली किशोरी सब्जी लेने के लिए घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान क्षेत्र के ग्राम रूखाला निवासी किशन गोपाल पुत्र राजपाल उर्फ राजू एवं संजू पुत्र विजयपाल ने उसे रास्ते में रोक लिया और बातों में उलझाकर उसे अपने साथ ले गए। आरोपी किशोरी को ग्राम रूखाला में एक मकान में ले गए। पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने मकान के अंदर ले जाकर किशोरी को जबरन शराब पिलाई और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जब किशोरी ने इसका विरोध किया, तो हैवानों ने उसे बेरहमी से पीटा। पीड़िता के शरीर पर चोटों के कई गहरे निशान मौजूद हैं। दरिंदगी के बाद किशोरी अचेत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई और आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी। पुलिस को देखते ही एक आरोपी ने भागने की फिराक में मकान की छत से छलांग लगा दी, जिससे वह घायल हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नारायणपुर में दिव्यांग विद्यार्थियों को मिले उपकरण

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** सोमवार को प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) भवन, नारायणपुर में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाना है। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग विद्यार्थियों को चिन्हित कर सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि कुल 64 विद्यार्थियों को सहायक उपकरण ट्राइ साइकिल, कैलीपर, कान का मशीन, रोलेटर, ब्रैल कीट, टीएलएम कीट आदि उपलब्ध कराए गए है। पिछले 25 जून को स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर दिव्यांग विद्यार्थियों की पहचान की गई थी, जिन्हें उपकरण दिए जा रहें हैं। सरकार की इस पहल से दिव्यांग विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ दैनिक गतिविधियों में भी सुविधा मिलेगी।मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि सरकार दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। सहायक उपकरण मिलने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे बेहतर ढंग से अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। इस अवसर पर बीडीओ अनामिका हांसदा, डाक्टर धनंजय मंडल, रवि कुमार, हर्ष कटिहार, दिनेश कुमार, मो सुल्तान अख्तर, मोनिका माला, मुमताज अंसारी के अलावे शिविर में शिक्षकों, अभिभावकों एवं शिक्षा विभाग के कर्मियों की भी उपस्थिति रही।

### मुखिया सरिता देवी ने छात्र-छात्राओं के बीच किया निशुल्क कॉपी का वितरण

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने और गरीब बच्चों को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से एक सराहनीय कार्य किया गया। स्थानीय मुखिया सरिता देवी द्वारा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय केदारुत में पढ़ रहे 81 छात्र-छात्राओं के बीच निशुल्क कॉपियों (नोटबुक) का वितरण किया गया। मुखिया की इस सोच से न सिर्फ छात्र-छात्राएं बेहद उत्साहित दिखे, बल्कि अभिभावकों ने भी राहत की सांस ली है। मुखिया द्वारा बांटी गई कॉपियों से बच्चों को अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रखने में बड़ी मदद मिलेगी। झारखंडी संस्कृति और शिक्षा पर जोरः कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय परंपरा के अनुसार की गई। इस मौके पर मुखिया जी ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों और ग्रामीणों ने जताया आभारः स्कूल के प्रधानाध्यापक और स्थानीय ग्रामीणों ने मुखिया की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी और पढ़ाई के प्रति उनका रुझान और मजबूत होगा।

### भूमि विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या, घर में सोते समय वारदात

**समस्तीपुर।** उजियारपुर थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर ब्रहंडा पंचायत के वार्ड संख्या-7 स्थित पचपैका गांव में रविवार देर रात घर में सो रहे एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर उजियारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान गांव निवासी शंकर महतो के 38 वर्षीय पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई है। राजू कुमार खेती-बाड़ी कर अपना जीवनयापन करते थे। ग्रामीण उन्हें महात्मा के नाम से भी जानते थे। उन्होंने विवाह नहीं किया था। बताया गया कि रविवार रात वह अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान रात करीब तीन बजे अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर स्वजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो राजू कुमार गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### 'जनता का विश्वास बनाए रखना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी', सतीश महाना

**गयाजी।** उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की परीक्षा हर दिन होती है। हमें जनता का विश्वास मिला है तभी हम उनके द्वारा चुने गए हैं, इस विश्वास को बनाए रखने के लिए हमें जनता की निरंतर सेवा करनी होगी। आज भी उपस्थित सदस्यों ने वक्ताओं से गहन प्रश्नोत्तर किया। मुझे पूरी उम्मीद है कि इससे उनकी विधायी क्षमता में निश्चित रूप से उल्लेखनीय वृद्धि हुई होगी। यह बात गयाजी के बिपार्ड में विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा। उन्होंने कहा कि संसदीय प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए यह प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। सदस्यों को विधानसभा में बदलते परिवेश में हमेशा अपडेट रहना चाहिए। जन सरोकार से जुड़े विषयों पर सदन के अंदर चर्चा करना चाहिए। समापन कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा प्रेम कुमार ने यह अत्यंत संतोष और प्रसन्नता का विषय है कि इस कार्यक्रम में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों के सदस्यों ने समान उत्साह, गंभीरता और सकारात्मक भावना के साथ भागीदारी की।

# दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

## स्वच्छ पेयजल के अभाव में ग्रामीण जर्जर कुएं का दूषित पानी पीने की विवश

### झारखंड में वोट, पानी के लिए बंगाल का सहाराः जामसोल की महिलाओं का फूटा आक्रोश '

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** झारखंड राज्य गठन के 26 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत लागडुम पंचायत के तालवा ग्राम के तोड़े टोला में स्वच्छ पेयजल का अभाव बना हुआ है। यहां टोलावासियों को जर्जर एवं पुराने कुएं का दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। 13 जुलाई को पानी भर रही एक युवती ने बताया कि इस टोले में लगभग 22 से 25 परिवार वर्षों से निवास कर रहे हैं, लेकिन आज तक लोगों को इसी पुराने और ध्वस्त कुएं के पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उसने बताया कि कुछ समय पहले पीसीसी सड़क के निकट एक सरकारी नलकूप लगाया गया था, लेकिन वह खराब होकर पड़ा है और अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। युवती ने बताया कि यह कुआं बहुत पुराना है तथा वर्षों से इसकी साफ-सफाई नहीं होने के कारण उसमें घास उग आई है। खुले में होने से पेड़ों की पत्तियां, धूल और अन्य गंदगी लगातार कुएं में गिरती रहती है, जिससे पानी दूषित हो गया है। वहीं टोले के अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यहां पेयजल की भारी समस्या है। खराब पड़ा नलकूप लोगों के किसी काम का नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस पुराने कुएं की समुचित मरम्मत कर उसे सुरक्षित बना दिया जाए तो पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उनका कहना है कि इस कुएं का पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा और स्वादिष्ट है, लेकिन लंबे समय से मरम्मत एवं रखरखाव नहीं होने के कारण यह दूषित हो चुका है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि काफी इंतजार के बाद लगाया गया नलकूप भी कुछ ही दिनों में खराब हो गया। उनका कहना है कि वर्षा ऋतु के बावजूद प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सरकारी नलकूप खराब पड़े हैं। यदि इन सभी नलकूपों की शीघ्र मरम्मत करा दी जाए तो ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकती है।

## विद्यालय में साइकिल और पोशाक का हुआ वितरण



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखण्डः-** सोमवार को नारायणपुर प्रखंड के यूएमएस मधुबन में विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया मुनीलाल सोरेन व प्रधानाध्यापक रंजीत सिंह ने विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि सरकार के द्वारा साइकिल मिली है, विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और प्रतिदिन विद्यालय आएं। वहीं क्षेत्र के यूएमएस जंगलपुर में विद्यार्थियों के बीच पुस्तक का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परेशनाथ दुबे ने विद्यार्थियों को पुस्तक प्रदान की और मन लगाकर पढ़ाई करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा अनमोल धन है इसे जतन से प्राप्त करना होता है। सरकार के द्वारा शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। विद्यालय में मुफ्त में पुस्तक, छात्रवृत्ति साइकिल, पोशाक आदि दी जाती है ताकि शिक्षा में गुणात्मक सुधार हो। एमडीए व्यवस्था भी निरंतर लागू है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को हो रहा है।

## वित्त आयोग की राशि का; दुरुपयोग

### अनावश्यक स्थल पर पक्की नाली निर्माण कर किया जा रहा है दुरुपयोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में उपयुक्त स्थलों का चयन अत्यावश्यक माना जाता है। इसके बावजूद पाकुड़िया प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में आए दिन गैर-जरूरी स्थलों पर सरकारी योजनाओं, विशेष रूप से पक्की नालियों, गार्ड वॉल तथा विधायक एवं सांसद निधि के अलावा वित्त आयोग की राशि से कार्य कराए जाने के मामले सामने आते रहे हैं। सही स्थलों का चयन नहीं होने के कारण इन योजनाओं की उपयोगिता पर भी प्रश्न उठ रहे हैं। सरकार जनहित में छोटी-छोटी योजनाओं जैसे पुलिया, पक्की नाली और गार्ड वॉल के निर्माण के लिए विभिन्न मदों से पर्याप्त राशि उपलब्ध कराती है, ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। लेकिन अधिक लाभ की लालसा में बिचौलियों द्वारा कई बार गैर-जरूरी स्थलों का चयन कर योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर कार्य प्रारंभ करा दिया जाता है। परिणामस्वरूप अनुपयोगी स्थानों पर बनी योजनाएं जनहित में अपेक्षित लाभ नहीं दे पाती हैं। इससे ग्रामीणों में कई बार गहरा रोष भी देखा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे सरकारी योजनाओं का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि उनका मानना है कि योजनाओं के चयन से पूर्व ग्रामीणों की राय भी ली जानी चाहिए, ताकि अधिकांश लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। उदाहरण के तौर पर पाकुड़िया प्रखंड की डोमनगड़िया पंचायत के नावाडीह स्थित जामसोल पीडब्ल्यूडी पथ के निकट तालाब के समीप निर्मित पक्की नाली को देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि उक्त नाली का जनहित में कितना उपयोग है। ग्रामीणों का कहना है कि कनीय अभियंता को योजनाओं के लिए ऐसे स्थलों का चयन करना चाहिए, जहां उनका वास्तविक उपयोग हो और ग्रामीणों को अधिकतम लाभ मिल सके।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

### 10 अवैध शराब भट्ठियां ध्वस्त, 11,500 किलोग्राम जावा महुआ विनष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन में सोमवार को चौपारण थाना क्षेत्र के भगहर गांव एवं बिहार राज्य से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उत्पाद विभाग एवं चौपारण थाना की संयुक्त टीम ने सुदूर जंगलों तथा पहाड़ी क्षेत्रों में छिपाकर संचालित की जा रही करीब 10 अवैध चुलाई शराब निर्माण भट्ठियों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया। मौके से शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री एवं उपकरण भी जब्त किए गए। छापेमारी के दौरान लगभग 11,500 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन एवं अन्य सामग्री के साथ लगभग 1,100 लीटर अवैध चुलाई शराब भी जब्त की गई। उत्पाद विभाग द्वारा इस अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। सभी दोषियों के विरुद्ध झारखंड उत्पाद अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए अभियोग दर्ज किया जाएगा। इस संयुक्त छापेमारी अभियान में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सय्यद बसिरुद्दीन, सहायक अवर निरीक्षक एंटोनी बागे, सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान तथा चौपारण थाना की पुलिस टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## नन्हा सा दिल अभियान के तहत 479 बच्चों की हुई हृदय जांच, 3 बच्चे संदिग्ध पाए गए

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीसीएल, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'नन्हा सा दिल अभियान' के अंतर्गत आज बरही प्रखंड में बच्चों के जन्मजात हृदय रोग की जांच हेतु विशेष स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 479 बच्चों की हृदय जांच की गई, जिसमें 3 बच्चे संदिग्ध पाए गए। संदिग्ध बच्चों को आगे इको जांच एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के लिए चिन्हित किया गया है, ताकि समय पर उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। इस स्क्रीनिंग अभियान का सफल संचालन प्रतिमा, अंजू एवं लक्ष्मी द्वारा किया गया। टीम ने विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की जांच के साथ-साथ अभिभावकों को जन्मजात हृदय रोग के लक्षण, समय पर पहचान एवं उपचार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।

## राँची में पहली बार सजेगा फुटबॉल का महाकुंभ, डूरंड कप 2026 को लेकर तैयारियां तेज

### 26 जुलाई से 16 अगस्त तक बिरसा मुण्डा स्टेडियम में मुकाबले, ट्रॉफी टूर 18 जुलाई को, उच्चस्तरीय बैठक में तैयारियों की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**राँची, झारखंडः-** राजधानी राँची में डूरंड कप के 135वें संस्करण को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। 26 जुलाई से 16 अगस्त 2026 तक बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी में आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को धुर्वा स्थित एफएफपी बिल्डिंग में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आयोजन में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने फायर सेफ्टी, स्टेडियम ब्रांडिंग, खिलाड़ियों एवं अतिथियों के ठहराव, आमंत्रण पत्र वितरण तथा सुरक्षा व्यवस्था को उच्च मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने को कहा। सचिव ने मैच शेड्यूल के अनुसार विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति का भी निर्देश दिया। नगर निगम को खेल स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की सुनियोजित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए, जबकि पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने पर जोर दिया गया। इधर, टूर्नामेंट के प्रति आमजन में उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय थल सेना द्वारा 18 जुलाई 2026 को राँची में ट्रॉफी टूर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ट्रॉफी को शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से ले जाया जाएगा, जिससे लोगों को इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य, विद्युत, खेल प्राधिकरण, पर्यटन, संस्कृति एवं सूचना-जनसंपर्क विभाग सहित सभी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। राँची में होने वाला यह आयोजन राज्य में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देने के साथ-साथ फुटबॉल के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में मुख्यरूप से नगर आयुक्त, रांची नगर निगम सुशांत गौरव, निदेशक खेल छवि रंजन, कर्नल हेम चंद्रा सेना के नोडल पदाधिकारी, मेजर आनंद, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ऊर्जा विभाग जयकांत कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, कार्यपालक अभियंता झारखंड खेल प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों व जिला प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लॉन्च की हेली टूरिज्म योजना

### देवानंद-हेमा मालिनी का जिक्र कर बोले- गंगा पर बनाएं रोपवे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** बिहार में पर्यटन को नई रफ्तार देने की दिशा में सोमवार को एक अहम पहल हुई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री बिहार हेली टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना-2026 का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत अब आम लोग भी हेलीकॉप्टर के जरिए बिहार के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों की यात्रा कर सकेंगे। पर्यटन विभाग के अनुसार योजना का व्यावसायिक संचालन 18 जुलाई से शुरू होगा, जबकि ऑनलाइन बुकिंग तत्काल प्रभाव से विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है। उद्घाटन समारोह में दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिजेंद्र प्रसाद यादव, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा पर्यटन उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की पहचान केवल उसके गौरवशाली इतिहास से नहीं, बल्कि बदलती तस्वीर से भी बन रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर बिहारी को राज्य का ब्रांड एंबेसडर बनना होगा। तभी बिहार अपनी प्राचीन प्रतिष्ठा को देश और दुनिया में दोबारा स्थापित कर सकेगा। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले लोग अब बिहार को बदलते हुए देखकर आश्चर्य व्यक्त करते हैं। पहले राजधानी में आने वाले पर्यटक गांधी मैदान और मौर्य होटल तक ही सीमित रह जाते थे, लेकिन अब पटना में ताज होटल आ चुका है और दो बड़े होटल समूह भी निवेश करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि बांकीपुर में विकसित हो रही होटल परियोजना से सरकार को हर वर्ष लगभग 17 करोड़ रुपये की रॉयल्टी प्राप्त होगी। जबकि अशोका होटल से करीब 8.5 करोड़ रुपये सालाना आय होगी। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि पर्यटन केवल सांस्कृतिक पहचान ही नहीं, बल्कि राजस्व का भी बड़ा स्रोत बन सकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अभी सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारी अनुदान दे रही है, लेकिन ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए कि आने वाले समय में पर्यटन विभाग स्वयं सरकार के लिए आय का बड़ा स्रोत बने। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पटना स्काईलाइन जॉय राइड के लिए यात्री 2,100 रुपये देते हैं, जबकि सरकार प्रति टिकट लगभग 15 हजार रुपये तक का अनुदान वहन कर रही है। भविष्य में इस मॉडल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि



हेलीकॉप्टर सेवा केवल सप्ताह में दो दिन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसे प्रतिदिन संचालित करने की व्यवस्था की जाए। जरूरत पड़ने पर एक की जगह पांच हेलीकॉप्टर तक संचालित किए जाएं और निजी कंपनियों को भी इसमें भागीदारी दी जाए।मुख्यमंत्री ने पर्यटन के विस्तार के लिए रोपवे परियोजनाओं पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक समय फिल्म अभिनेता देवानंद और अभिनेत्री हेमा मालिनी के राजगीर रोपवे पर घूमने की तस्वीरों ने पूरे देश का ध्यान बिहार की ओर खींचा था। उसके बाद राज्य में सीमित संख्या में ही रोपवे विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि अब पूरे दक्षिण बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों और गंगा नदी के ऊपर भी रोपवे विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि पटना से हरिहरनाथ मंदिर तक गंगा के ऊपर रोपवे बन जाए तो यह देश का बड़ा पर्यटन आकर्षण बन सकता है।

# हिरासत मौत मामले में कार्रवाई

### कामजी गोंड़ की मौत के बाद परिजनों का सड़क जाम, पुलिस पर मारपीट का आरोप; एसपी ने की बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** रेवती थाना क्षेत्र में कामजी गोंड़ की हिरासत के बाद हुई मौत के मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने रेवती थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि सब-इंस्पेक्टर सचिन सरोज और कांस्टेबल अंकित सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, मृतक के पुत्र विशाल गोंड़ की तहरीर पर ग्राम प्रधान आशुतोष शंकर सिंह उर्फ लालू, उनके ड्राइवर मनीष यादव, दो पुलिसकर्मियों समेत छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की शुरुआत 7 जुलाई को हुई, जब विशाल गोंड़ का खेदन चौराहे पर मुर्गा खरीदने के दौरान सूरज कनौजिया से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद ग्राम प्रधान और अन्य लोगों के दबाव में पुलिस अगले दिन विशाल के घर पहुंची और उसके पिता कामजी गोंड़ को थाने ले गई। परिजनों का आरोप है कि थाने में कामजी गोंड़ के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। इसके बाद उन्हें ग्राम प्रधान और उनके ड्राइवर की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया, जहां ईंट भट्ठे पर भी उनकी पिटाई की गई। शाम को वह गंभीर हालत में बेहोश मिले, जिसके बाद उन्हें सीएचसी रेवती, जिला अस्पताल बलिया और फिर बीएचयू ट्रॉमा सेंटर, वाराणसी रेफर किया गया। इलाज के दौरान 10 जुलाई की रात उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। उन्होंने रेवती-बलिया मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने करीब आधे घंटे बाद जाम समाप्त कराया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल विभागीय कार्रवाई करते हुए रेवती थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर, दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया तथा अनिल कुमार सिंह को रेवती थाना का नया प्रभारी नियुक्त किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, भाई गंभीर


**औरंगाबाद।** अलग-अलग सड़क हादसे में औरंगाबाद में दो युवकों की मौत हो गई। पहली घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र में दाउदनगर-पटना मुख्य मार्ग एनएच-139 पर पसवा मोड़ के समीप हुई। मृतक की पहचान नौडीहा गांव निवासी रामचंद्र पासवान के 29 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार और झारखंड के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कोसडिहरा गांव के कृष्णा पासवान के पुत्र बिट्टू कुमार (24) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार गोलू कुमार हिमाचल प्रदेश की एक फैक्ट्री में कार्यरत था। वह कुछ दिन पहले छुट्टी पर अपने गांव आया था। सोमवार की सुबह वह काम पर लौअने के लिए अपने बड़े भाई के साथ बाइक से अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार सब्जी लदे एक पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई सड़क पर गिर पड़े। गोलू और उसके बड़े भाई पिंटू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल दाउदनगर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद गोलू कुमार को मृत घोषित कर दिया। घायल पिंटू कुमार का इलाज चल रहा है।

# नेपाल ने पानी छोड़कर बिहार में बढ़ाई परेशानी

### अररिया के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिकटी (अररिया)।** नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र से पानी छोड़े जाने के कारण प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी भाग होकर बहने वाली नूना व पश्चिमी क्षेत्र के बकरा नदी के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। ये नदियां अपने दोनों किनारे से ऊपर बह रही है, जिससे निचले क्षेत्रों में तीन से चार फीट पानी बह रही है। साथ ही खोरागाछ पंचायत के औलाबाडी गांव में कटाव का खतरा बढ गया है। वार्ड संख्या 15 स्थित प्राथमिक विद्यालय मलदहिया टोला औलाबाडी कटान के मुहाने पर खड़ा है। पिछले साल बाढ में इस विद्यालय के पूर्वी भाग का विद्यालय भवन कट कर ध्वस्त हो गया था। विद्यालय के अलावे औलाबाडी गांव के दर्जनों परिवार का घर कटान के कगार पर है। प्रावि मलदहिया टोला को नदी कभी भी अपने आगोश में समेट सकती है। वहीं, मध्य



विद्यालय सिंघिया में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। नूना के जलस्तर में एकाएक वृद्धि होने से कालू चौक से उत्तर पूर्वी भाग के सिंघिया, खोरागाछ वार्ड संख्या 12, कचना, छपनिया, औलाबाड़ी, बच्चा खाड़ी, पिपरा बिजवार, भट्टा बाड़ी गांव के निचले हिस्से में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।

**बकरा नदी के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी**

साथ हीं बकरा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से तीरा, नेमुआ, पड़रिया, डैनिया के लोग बाढ़ को लेकर सशंकित हैं। पूर्वी क्षेत्र के स्थानीय निवासी जाबुन ऋषिदेव, इस्लामुद्दीन, एकरामुल हक, मुर्तज़ा, हातिम सहित दर्जनों लोगों का कहना है कि नूना में पानी बढ़ने से यहां के लोग दहशत में है।

# बांकीपुर उपचुनावः नीरज सिन्हा, प्रशांत किशोर और वीणा मानवी ने भरा नामांकन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन राजधानी पटना में चुनावी माहौल पूरे शबाब पर दिखा। भाजपा, जन सुराज पार्टी और जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) के प्रमुख उम्मीदवारों ने शक्ति प्रदर्शन के बीच नामांकन दाखिल किया। सुबह से ही पटना समाहरणालय परिसर और आसपास के इलाकों में समर्थकों की भीड़, जुलूस और नारेबाजी से चुनावी सरगर्मी चरम पर रही। भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा, जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर और जेजेडी प्रत्याशी वीणा मानवी ने अपने-अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में सीएम सम्राट चौधरी समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। हालांकि दिन का सबसे नाटकीय घटनाक्रम वीणा मानवी की नामांकन के तुरंत बाद गिरफ्तारी रही, जिसने चुनावी माहौल को और गर्मा दिया।



**हरिहरनाथ मंदिर में पूजा के बाद नामांकन के लिए निकले प्रशांत किशोर**

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने नामांकन से पहले सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद पटना के स्काउट एंड गाइड मैदान में आयोजित सभा को संबोधित किया। सभा के बाद प्रशांत किशोर समर्थकों के साथ रोड शो करते हुए समाहरणालय पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। उनके रोड शो में भोजपुर के कथित पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी के पोस्टर भी नजर आए, जिसने राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज कर दी। नामांकन के



बाद प्रशांत किशोर ने कहा, यह मेरा नामांकन नहीं, बल्कि बिहार में बदलती हुई तस्वीर और बेहतर भविष्य का नामांकन है।

**रथ पर सवार होकर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी**

भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा ने नामांकन से पहले राजवंशी नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने दिवंगत भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री नितिन नवीन के पिता नवीन किशोर सिन्हा की स्मृति स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय से उनका भव्य नामांकन जुलूस निकला। नीरज कुमार सिन्हा रथ पर सवार होकर समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुंचे। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, पूर्व मंत्री मंगल पांडेय सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**नामांकन के बाद गिरफ्तार हुई वीणा मानवी**

दिन की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना जेजेडी प्रत्याशी वीणा मानवी की गिरफ्तारी रही। उन्होंने सुबह सबसे पहले अपना नामांकन दाखिल किया।

इसके कुछ ही देर बाद पुलिस ने धोखाधड़ी से जुड़े एक पुराने मामले में जारी वारंट के आधार पर उन्हें समाहरणालय परिसर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने विरोध-प्रदर्शन किया, जबकि वीणा मानवी ने इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए भाजपा पर निशाना साधा। बांकीपुर उपचुनाव के नामांकन के अंतिम दिन हुए शक्ति प्रदर्शन, रोड शो और गिरफ्तारी की घटना ने चुनावी मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। अब सभी की नजरें नामांकन पत्रों की जांच और आगे के चुनाव प्रचार पर टिकी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### PM के पंजाब दौरे से पहले लुधियाना के स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**लुधियाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित पंजाब दौरे की तैयारियों के बीच लुधियाना से एक गंभीर सुरक्षा मामला सामने आया है। शहर के कुंदन विद्या मंदिर सिटी कैंपस स्कूल को ईमेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पूरे परिसर में हड़कंप मच गया। स्कूल प्रबंधन ने बिना देर किए इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। एहतियात के तौर पर पूरे स्कूल परिसर को खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। जानकारी के अनुसार स्कूल को सोमवार सुबह धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। ईमेल मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन को सूचना दी। पुलिस टीम, सुरक्षा कर्मी और अन्य संबंधित एजेंसियां तत्काल स्कूल पहुंचीं और पूरे परिसर की गहन जांच शुरू कर दी।

### हत्याकांड के 3 साल बाद भी नहीं मिली इंसाफ

**लुधियाना।** तीन वर्ष पुराने फतेहवीर सिंह हत्याकांड में आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज निहंग सिंह सोमवार को सड़कों पर उतर आए। लुधियाना में डीसी कार्यालय के बाहर फिरोजपुर रोड पर धरना देकर प्रदर्शनकारियों ने चक्का जाम कर दिया। सुबह करीब दस बजे शुरू हुए प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई घंटों तक यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, विद्यार्थी और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन में शामिल निहंग सिंहों का आरोप है कि करीब तीन वर्ष पहले फतेहवीर सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, लेकिन आज तक मामले के आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। उनका कहना है कि पुलिस ने कई बार कार्रवाई का भरोसा दिया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। इससे पीड़ित परिवार और समाज में लगातार रोष बढ़ता गया।धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से वे पुलिस और प्रशासन के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। न्याय की उम्मीद में कई बार अधिकारियों से मुलाकात भी की गई, लेकिन मामले में कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दी। उनका कहना है कि आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

### जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिये त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** सोमवार दिनांक 13.07.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### फिरोजपुर में भारत-पाकिस्तान सरहद के पास खुदाई में निकला शेल

**फिरोजपुर।** फिरोजपुर जिले के भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे गांव झुगे हजारा सिंह वाला में सोमवार को खेत की खुदाई के दौरान पुराना शेल मिलने से कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। खेत में जेसीबी मशीन से खुदाई का कार्य चल रहा था, तभी मजदूरों को मिट्टी के भीतर बम जैसी संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना तुरंत खेत मालिक को दी गई, जिसके बाद सेना और पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही सेना का बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आसपास के इलाके की जांच की गई। इसके बाद बरामद शेल को सुरक्षित तरीके से अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

# पंजाब में राहुल होंगे कांग्रेस का चेहरा; भूपेश बघेल

## कांग्रेस ने राहुल गांधी को 2027 पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए अपना प्रमुख चेहरा घोषित किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अपनी रणनीति स्पष्ट करते हुए राहुल गांधी को राज्य में पार्टी का प्रमुख चेहरा घोषित किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पंजाब प्रभारी और महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस आगामी चुनाव में सत्ता में वापसी करेगी और उसकी सीधी टक्कर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) से होगी। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी पंजाब में मुकाबले में ही नहीं है। बघेल ने कहा कि पंजाब कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनावी मैदान में उतरेगी। हालांकि, उन्होंने राहुल गांधी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के चेहरे पर फैसला उचित समय पर होगा, जबकि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पार्टी के राष्ट्रीय चेहरे हैं। पंजाब कांग्रेस में चल रही अंदरूनी खींचतान पर बघेल ने कहा कि फिलहाल प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को बदलने का कोई फैसला नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी समर्थक नेताओं की ओर से नेतृत्व परिवर्तन की मांग उठाई गई है, लेकिन पार्टी आलाकमान ने वड़िंग पर भरोसा जताया है। बघेल ने हाल ही में असंतुष्ट हुनेताओं से मुलाकात भी की, लेकिन तत्काल किसी बदलाव की संभावना से इनकार किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार पर हमला बोलते हुए बघेल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब जैसे महत्वपूर्ण राज्य के साथ राज्य सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार दोनों ने न्याय नहीं किया। कांग्रेस आगामी चुनाव में किसी भी तरह का गठबंधन किए बिना अकेले चुनाव लड़ेगी। बघेल ने कहा कि किसानों के मुद्दे पंजाब चुनाव का सबसे बड़ा विषय होंगे। उन्होंने कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले करीब 700 किसानों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा को इस मुद्दे पर जनता के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने भाजपा पर धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि धर्म परिवर्तन और बांग्लादेश जैसे मुद्दों से पंजाब की जनता प्रभावित नहीं होगी। उनका कहना था कि भाजपा का पंजाब की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों से कभी गहरा जुड़ाव नहीं रहा। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के संबंध में पूछे गए सवाल पर बघेल ने कहा कि उनकी कैप्टन से कोई मुलाकात नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पक्ष में बयान देने के बाद अमरिंदर सिंह को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का समन भेजा गया। कांग्रेस पहले भी इस कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध बता चुकी है।

# पर्यटकों के लिए बंद रहेगा लाल किला

## 15 जुलाई से 15 अगस्त तक बंद रहेगा लाल किला ,एएसआइ ने जारी किया आदेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** लाल किला में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समारोह के मद्देनजर लाल किले में सुरक्षा व्यवस्था, सुंदरीकरण, मरम्मत कार्य, मंच निर्माण और अन्य तैयारियां तेज हैं। तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एक माह के लिए लाल किला में आम पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) ने जारी सूचना में बताया कि 15 जुलाई से 15 अगस्त तक लाल किला आम पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। एएसआइ ने ये फैसला सुरक्षा व्यवस्था और स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए लिया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह संपन्न होने के बाद 15 अगस्त को दोपहर बाद यह प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे। हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हैं, जिसके लिए पहले से ही अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा एजेंसियों के नियंत्रण में रखा जाता है। हर साल की तरह इस बार भी पूरे परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। साथ ही तैयारियों के मद्देनजर लाल किले में आम पर्यटकों के आवाजाही पर रोक लगाया जा रहा है।

# ब्लॉक अध्यक्षों संग स्पीकर की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोटकपूरा।** पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान ने सोमवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती और विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गांवों में विकास कार्यों में तेजी लाने और जनहित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। संधवान ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार बिना किसी भेदभाव के जनता की सेवा और विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य राजनीति से ऊपर उठकर किए जा रहे हैं। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्षों से जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों, पारदर्शी प्रशासन और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सरकार की कार्रवाई की सही जानकारी जनता तक पहुंचाकर पार्टी का विश्वास और मजबूत किया जा सकता है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्षों ने भी अपने सुझाव रखे तथा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के अध्यक्ष गुरमीत सिंह अरेवाल, रेडक्रॉस सचिव मंदीप सिंह मोंगा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एम्पवोहर-2026 : महिला मूत्र रोग विशेषज्ञों को सशक्त बनाने की अनूठी पहल

## सफदरजंग अस्पताल में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न, रोबोटिक, लेप्रोस्कोपिक और एंडोयूरोलॉजी शल्य चिकित्सा की लाइव कार्यशालाओं के साथ आधुनिक उपचार तकनीकों पर हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** देश में महिला मूत्र रोग विशेषज्ञों यूरोलॉजिस्ट को प्रोत्साहित करने, उनके पेशेवर कौशल को निखारने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित एम्पवोहर-2026 का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार को संपन्न हो गया। 11 और 12 जुलाई को वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल के मूत्र रोग एवं गुर्दा प्रत्यारोपण विभाग में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से करीब 100 महिला मूत्र रोग विशेषज्ञों के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भाग लिया।सम्मेलन का आयोजन यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के वूमेन ऑफ यूरोलॉजी प्रकोष्ठ की ओर से किया गया। इसकी मेजबानी वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल के मूत्र रोग एवं गुर्दा प्रत्यारोपण विभाग ने की। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन वासुदेवा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की परिकल्पना वूमेन ऑफ यूरोलॉजी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. एन. राजामहेश्वरी ने की। सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार तथा आयोजन सचिव डॉ. सौम्या अय्यर रहे।दो दिवसीय सम्मेलन में आधुनिक मूत्र रोग चिकित्सा से जुड़े अनेक वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए गए। इसमें रोबोटिक, लेप्रोस्कोपिक तथा एंडोयूरोलॉजी शल्य चिकित्सा की लाइव कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा शल्य चिकित्सा के रिकॉर्डेड वीडियो प्रदर्शन, शोध पत्र प्रस्तुतियां, व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुति, वाद-विवाद तथा विभिन्न शैक्षणिक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को नवीनतम तकनीकों और शोध से अवगत कराया गया।मूत्र रोग एवं गुर्दा प्रत्यारोपण विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन वासुदेवा ने कहा कि एम्पवोहर केवल एक वैज्ञानिक सम्मेलन नहीं, बल्कि महिला मूत्र रोग विशेषज्ञों को प्रेरित करने, उन्हें सशक्त बनाने और नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करने का एक सशक्त मंच है। ऐसे आयोजन चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ उन्हें नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।सम्मेलन की मुख्य अतिथि वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता रानी शर्मा ने कहा कि देश में मूत्र रोग विशेषज्ञों के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अभी भी बेहद कम है। वर्तमान में देश के कुल मूत्र रोग विशेषज्ञों में महिलाओं की संख्या लगभग एक प्रतिशत है। ऐसे में यह सम्मेलन महिला चिकित्सकों को आगे बढ़ने, विशेषज्ञता हासिल करने और चिकित्सा जगत में अपनी अलग पहचान बनाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चारू बांबा तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीतिका खन्ना भी मौजूद रहीं। उन्होंने महिला चिकित्सकों की बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और अत्याधुनिक उपचार तकनीकों में महिलाओं की सक्रिय भूमिका स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बना रही है।सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने मूत्र रोग चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीकों, अनुसंधान, नवाचार और भविष्य की चुनौतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। आयोजकों ने विश्वास जताया कि एम्पवोहर-2026 देश की युवा महिला मूत्र रोग विशेषज्ञों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की नई दिशा देगा।

# महिला बंदियों को स्वावलंबी बनाने के लिए PHDCCI ने शुरू किया 'प्रोजेक्ट उड़ान'

## पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय कारागार, अमृतसर में कौशल विकास केंद्र का किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमृतसर।** कौशल विकास के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI) के पंजाब राज्य प्रकोष्ठ तथा क्षेत्रीय फैशन, वस्त्र एवं प्रौद्योगिकी मंच ने स्टूडियो बाय हिमानी अरोड़ा के सहयोग से अमृतसर के केंद्रीय कारागार में स्थापित कौशल विकास केंद्र में 'प्रोजेक्ट उड़ान' का शुभारंभ किया। यह पहल 'क्राफ्ट फॉरवर्ड' अभियान के अंतर्गत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य महिला बंदियों को आत्मनिर्भर एवं उद्यमी बनाना है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए PHDCCI के पंजाब राज्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष करण गिल्होत्रा ने कहा कि यह कौशल विकास केंद्र महिला बंदियों के पुनर्वास के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महिला बंदियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाना तथा समाज की मुख्यधारा से दोबारा जोड़ने के लिए स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए PHDCCI के क्षेत्रीय फैशन, वस्त्र एवं प्रौद्योगिकी मंच की अध्यक्ष तथा प्रोजेक्ट उड़ान की संयोजक हिमानी अरोड़ा ने बताया कि स्टूडियो बाय हिमानी अरोड़ा के माध्यम से महिला बंदियों को सिलाई, कढ़ाई, वस्त्र शिल्प और आधुनिक परिधान तकनीकों का व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वास्तविक सशक्तिकरण केवल कौशल सिखाने से नहीं, बल्कि महिलाओं को रचनात्मकता और उद्यमिता के माध्यम से सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराने से संभव है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट उड़ान के अंतर्गत तैयार होने वाला प्रत्येक हस्तनिर्मित उत्पाद संघर्ष, आशा और परिवर्तन की कहानी बयां करेगा। यह पहल महिला बंदियों का आत्मविश्वास बढ़ाने, उनकी प्रतिभा को निखारने तथा रिहाई के बाद उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने महिला बंदियों के कौशल विकास एवं सशक्तिकरण की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और श्रम की गरिमा के माध्यम से पुनर्वास एक समावेशी समाज के निर्माण की आधारशिला है।

उन्होंने उद्योग एवं सरकार के बीच मजबूत सहयोग पर बल देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास सामाजिक परिवर्तन के स्थायी अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने PHDCCI कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया, केंद्र की सिलाई मशीनें प्रदान कीं तथा महिला बंदियों से संवाद कर उन्हें प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाकर आत्मनिर्भर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव विवेक प्रताप सिंह (आईएएस), केंद्रीय कारागार अमृतसर के अधीक्षक राजीव कुमार अरोड़ा, अजनाला की उपजिलाधिकारी चारुमिता, PHDCCI अमृतसर क्षेत्र के संयोजक सीए जयदीप सिंह, सह-संयोजक निपुण अग्रवाल तथा सहायक सचिव सुमित कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में अमृतसर परिक्षेत्र के कारागार उपमहानिरीक्षक एस.एस. मान (आईपीएस) ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कौशल विकास और पुनर्वास के माध्यम से महिला बंदियों को सशक्त बनाने की दिशा में PHDCCI और उसके सहयोगियों का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोजेक्ट उड़ान महिला बंदियों को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर लगभग 200 महिला बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस पहल को नई कौशल सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का प्रभावी माध्यम बताया।

# बस अड्डा पार्किंग से बाइक चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना।** शहर के मुख्य बस अड्डे की सशुल्क पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले ने पार्किंग की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने करीब डेढ़ माह तक मामला दर्ज नहीं किया और उसे चौकी के 25 चक्कर लगवाए। दुर्गा पुरी, हैबोवाल निवासी प्रभजोत सिंह ने बताया कि 27 अप्रैल 2026 को वह अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बस अड्डे की सशुल्क पार्किंग में खड़ी कर चंडीगढ़ गया था। उसने वाहन को लॉक कर पार्किंग की रसीद भी ली थी, लेकिन लौटने पर मोटरसाइकिल गायब मिली। पीड़ित के अनुसार, उसने अगले दिन बस अड्डा पुलिस चौकी में शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने समय पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इस दौरान उसे बार-बार चौकी बुलाया जाता रहा और कार्रवाई के बजाय पार्किंग ठेकेदार से समझौता करने का दबाव बनाया गया। मामले ने उस समय नया मोड़ लिया, जब 15 जून को पीड़ित के मोबाइल पर चोरी हुई मोटरसाइकिल का यातायात चालान का संदेश आया। जांच में पता चला कि चालान मोहाली के बैरका चौक के पास काटा गया था। इससे स्पष्ट हुआ कि चोरी के बाद भी मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किया जा रहा था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि यदि घटना के तुरंत बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालती और जांच शुरू करती तो मोटरसाइकिल बरामद की जा सकती थी। वहीं पार्किंग प्रबंधन ने भी रसीद होने के बावजूद अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। मामला सामने आने के बाद थाना डिवीजन नंबर-5 पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी हरपाल सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। साथ ही यह भी जांच होगी कि शिकायत मिलने के बावजूद मामला दर्ज करने में देरी क्यों हुई। उधर, पार्किंग ठेकेदार प्रीत इंदर सिंह ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मोटरसाइकिल मुख्य द्वार से बाहर नहीं निकली और संभवतः पीछे के रास्ते से चोरी हुई। वहीं बस अड्डा प्रशासन का कहना है कि पार्किंग में खड़े वाहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ठेकेदार की है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज, पार्किंग रसीद, कर्मचारियों के बयान, मोहाली में कटे चालान और यातायात कैमरों के रिकॉर्ड के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# जंडियाला में नाले निर्माण की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमृतसर।** पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने मंगलवार को जंडियाला गुरु में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बन रहे साइड ड्रेन (जल निकासी नाले) के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि जंडियाला गुरु फ्लाईओवर के साथ साइड ड्रेन निर्माण परियोजना को 5 मार्च 2026 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से 9.31 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। उन्होंने कहा कि 9.31 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को छह माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके पूरा होने से मानसून के दौरान जीटी रोड पर जलभराव की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि साइड ड्रेन बनने से वर्षा का पानी आसानी से निकल सकेगा, जिससे अड्डा सरां क्षेत्र के निवासियों, राहगीरों, दुकानदारों और आसपास के लोगों को भारी बारिश के दौरान जलभराव से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार प्रदेशभर में जन सुविधाओं और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

सभी विकास परियोजनाओं की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि उन्हें समय पर पूरा कर जनता को लाभ पहुंचाया जा सके।

## हज आवेदन भरने में दिखा उत्साह

**मालेरकोटला।** पंजाब से हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों के आवेदन भरने का कार्य पूरे उत्साह के साथ जारी है। मालेरकोटला में विभिन्न केंद्रों पर हज यात्रियों का मार्गदर्शन करने और आवेदन पत्र भरवाने की व्यवस्था की गई है। पिछले कई वर्षों से हज आवेदन भरवाने में सहयोग कर रहे समाजसेवी मास्टर अब्दुल अज़ीज़ ने बताया कि पंजाब का हज कोटा 378 है। अब तक करीब 290 आवेदन पत्र भरे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि हज आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई है। मास्टर अब्दुल अज़ीज़ ने बताया कि इस कार्य में उनकी टीम के सदस्य तनवीर अहमद खालिक चिश्ती, शाहबाज अहमद ज़हूर और मुहम्मद शफ़ीक राणा भी सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हज यात्रा को लेकर लोगों में विशेष उत्साह है। पंजाब के विभिन्न शहरों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र यात्रा पर जाने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि हज इस्लाम के प्रमुख स्तंभों में से एक है और जो लोग इसकी सामर्थ्य रखते हैं, उन्हें इस पवित्र यात्रा का अवसर अवश्य प्राप्त करना चाहिए।

# दर्दनाक हादसा; ट्रक के नीचे आने से साइकिल सवार की मौत; चालक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जालंधर।** जालंधर के अंबेडकर चौक पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर के बाद व्यक्ति सड़क पर गिर पड़ा और ट्रक का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया।

हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग भी सन्न रह गए। दुर्घटना के तुरंत बाद चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने फुर्ती दिखाते हुए ट्रक चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और बाद में उसे संबंधित थाना पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक की पहचान बस्ती दानिशमंदा निवासी रतन सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रतन सिंह सोमवार सुबह साइकिल पर सवार होकर नकोदर चौक की ओर से अंबेडकर चौक की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और इससे पहले कि वह संभल पाते, ट्रक का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया। गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**थाना डिवीजन 4 ने जांच की शुरू**

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। कुछ ही देर में थाना डिवीजन नंबर चार की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के शवगृह में भिजवा दिया। जांच अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक हीरा लाल ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही साक्ष्य जुटाए गए हैं। मृतक के स्वजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है और उनके पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है।

**पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला किया दर्ज**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ट्रैफिक




पुलिस ने चालक को घटनास्थल से ही हिरासत में ले लिया था, जिससे वह मौके से फरार नहीं हो सका। बाद में चालक को थाना डिवीजन नंबर चार की पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। स्वजनों के बयान दर्ज होने के बाद चालक के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि हादसा तेज रफ्तार, लापरवाही या किसी अन्य कारण से हुआ। साथ ही आसपास लगे निगरानी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है ताकि दुर्घटना के पूरे घटनाक्रम की पुष्टि की जा सके।

# पनकी धाम रेलवे स्टेशन : आस्था, आधुनिकता और सुगम रेल यात्रा का नया प्रवेशद्वार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी।

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक नगर कानपुर का पनकी धाम रेलवे स्टेशन अब केवल एक रेलवे स्टेशन नहीं, बल्कि आधुनिक रेल अवसंरचना और धार्मिक आस्था के संगम का नया प्रतीक बन चुका है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लगभग ?25 करोड़ की लागत से इसका व्यापक पुनर्विकास किया गया है, जिससे यात्रियों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और सुगम यात्रा अनुभव मिल रहा है। वर्ष 1981 में स्थापित पनकी धाम रेलवे स्टेशन का निर्माण कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर बढ़ते यात्री दबाव को कम करने तथा शहर के पश्चिमी एवं उपनगरीय क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था। समय के साथ



कानपुर के औद्योगिक विस्तार, नई आवासीय बस्तियों के विकास तथा प्रसिद्ध पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर, पनकी धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या ने इस स्टेशन को शहर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में शामिल कर दिया। पुनर्विकास के बाद स्टेशन का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। यहां द्वि-मंजिला आधुनिक स्टेशन भवन, विशाल प्रतीक्षालय, एक्जीक्यूटिव लाउंज, रिटायरिंग रूम, आधुनिक टिकटिंग क्षेत्र, विस्तारित एवं नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, आधुनिक शौचालय, बेहतर पेयजल व्यवस्था तथा उन्नत यात्री सूचना प्रणाली विकसित की गई है। स्टेशन पर स्पष्ट साइनेज, डिजिटल सूचना डिस्प्ले और बेहतर प्रकाश व्यवस्था यात्रियों की सुविधा को और बढ़ाते हैं। यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज तथा 6 मीटर चौड़ा अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज बनाया गया है, जिसमें रैंप और लिफ्ट जैसी दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। स्टेशन परिसर के लगभग 4,500 वर्गमीटर क्षेत्र को सुव्यवस्थित सर्कुलेटिंग एरिया के रूप में विकसित किया गया है, जहां अलग-अलग प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग, हरित क्षेत्र और बाधारहित आवागमन की व्यवस्था की गई है। इस स्टेशन की सबसे बड़ी विशेषता इसका धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप है। स्टेशन की वास्तुकला में पनकी धाम की आध्यात्मिक पहचान को प्रमुखता दी गई है। भवन के रंग, डिजाइन और कलात्मक तत्व स्थानीय संस्कृति तथा भगवान हनुमान की भक्ति परंपरा को दर्शाते हैं, जिससे यहां पहुंचने वाला प्रत्येक यात्री कानपुर की सांस्कृतिक विरासत का अनुभव कर सके। पनकी धाम स्थित प्रसिद्ध पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। यहां प्रत्येक मंगलवार, शनिवार और विशेष रूप से हनुमान जयंती के अवसर पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके साथ ही पनकी क्षेत्र पनकी तापीय विद्युत परियोजना, औद्योगिक इकाइयों, चमड़ा, वस्त्र एवं होजरी उद्योग तथा आसपास के व्यापारिक क्षेत्रों के कारण भी महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। ऐसे में आधुनिक स्टेशन स्थानीय उद्योग, व्यापार, रोजगार और धार्मिक पर्यटन—सभी को नई गति प्रदान करेगा।

# पूर्वांचल में संगठन को मजबूती देगा राष्ट्रीय लोक दल, रालोद की मजबूती ही एनडीए की मजबूती : डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के प्रयागराज क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पूर्वांचल में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी और समाज के सभी वर्गों की आवाज बनकर कार्य कर रहा है। संगठन जितना मजबूत होगा, एनडीए गठबंधन भी उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा तथा बूथ, सेक्टर और मंडल स्तर पर संगठन का विस्तार किया जाएगा। कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनें और



उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने भी संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने विचार रखे तथा क्षेत्र में पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया।

## मॉडल वाइन शॉप के बाहर शराबियों के दो गुटों में मारपीट, बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के खान चौराहा स्थित वैष्णवी हॉस्पिटल के समीप मॉडल वाइन शॉप के बाहर रविवार देर रात करीब 10 बजे शराबियों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के लोग बीच सड़क पर एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटने लगे। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों व स्थानीय दुकानदारों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी बात को लेकर दोनों गुटों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो कुछ ही देर में हाथापाई और मारपीट में बदल गया। नशे की हालत में युवक सरेआम लात-घूंसे चलाते रहे, जिससे सड़क पर यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलते ही एग्रीकल्चर चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए उपद्रव कर रहे लोगों को खदेड़ा और मौके पर शांति व्यवस्था बहाल कराई।

# 'भगवा रंग...' फेसबुक पोस्ट मामले में आरोपी की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फेसबुक पर कथित रूप से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट साझा करने के आरोपी एक व्यक्ति की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई। आरोपी का दावा है कि संबंधित पोस्ट उसने नहीं की थी, बल्कि उसका सोशल मीडिया खाता हैक कर लिया गया था। जस्टिस अजय भनोट और जस्टिस दिवेश चंद्र सामंत की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता मुशाहिद गड़ा को अंतरिम राहत देते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया। मामला सहारनपुर में पिछले वर्ष जुलाई में दर्ज FIR से जुड़ा है। याचिकाकर्ता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 353(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। FIR के अनुसार फेसबुक पर कथित रूप से एक पोस्ट साझा की गई, जिसमें लिखा गया कि 'आतंकवादियों को भोले भी कह सकते हैं। भगवा रंग में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त आतंकियों ने चारों तरफ हाहाकार मचा रखा है। अल्लाहु अकबर की तो अंधभक्ति की।' पुलिस का आरोप है कि इस पोस्ट से दो समुदायों के बीच तनाव और टकराव की आशंका पैदा हो गई। याचिकाकर्ता की ओर से हाईकोर्ट में कहा गया कि विवादित पोस्ट उसने अपलोड नहीं की थी। उसका सोशल मीडिया खाता हैक हो गया था और वह पुलिस जांच में पूरा सहयोग करने को तैयार है।वहीं, राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि यह पोस्ट सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने वाली है और इससे कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। मामले पर विचार की

**जस्टिस अजय भनोट और जस्टिस दिवेश चंद्र सामंत की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता मुशाहिद गड़ा को अंतरिम राहत देते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया। मामला सहारनपुर में पिछले वर्ष जुलाई में दर्ज FIR से जुड़ा है। याचिकाकर्ता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 353(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। FIR के अनुसार फेसबुक पर कथित रूप से एक पोस्ट साझा की गई, जिसमें लिखा गया कि 'आतंकवादियों को भोले भी कह सकते हैं।**

आवश्यकता मानते हुए हाईकोर्ट ने निजी पक्षकार को नोटिस जारी किया और राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक या पुलिस द्वारा अंतिम रिपोर्ट दाखिल किए जाने तक, जो भी पहले हो, याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी पर रोक रहेगी।

## समेकित विद्यालय में दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री ने किया वृक्षारोपण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, गेदुराही मेजा मेंएक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण, निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 की पाठ्य पुस्तक, स्टेशनरी, लंच बॉक्स आदि वितरित किया गया। विभाग के उपनिदेशक, अभय कुमार श्रीवास्तव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम, विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार, शिक्षिका अनिता सरन, वरिष्ठ सहायक संजय कुमार यादव अन्य बहुद्देशीय कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया।

## सांसद एवं विधायकगण के द्वारा किया गया पौधरोपण।

**ब्यूरो प्रयागराज।** इस अवसर पर सांसद फूलपुर श्री प्रवीण पटेल व विधायक फूलपुर दीपक पटेल ने फूलपुर परिक्षेत्र में,



विधायक कोरांव राजमणि कोल कोरांव रेंज के अन्तर्गत बसहरा वन ब्लाक क्षेत्र में, विधायक पीयूष रंजन निषाद करछना के डीहाउपरहार में, म विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति के द्वारा बारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत पौधरोपण कर लोगो को अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया।

# महिला कल्याण मंत्री ने योजनाओं की समीक्षा कर शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एव्ं गहन समीक्षा बैठक की एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय योजनाओं को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से शत प्रतिशत क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें एवं समीक्षा में महिला कल्याण एवं बाल विकास द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति के सापेक्ष संतोष व्यक्त करते हुए विशेषकर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण के साथ साथ केंद्र पंजीकृत लाभार्थियों में अनौपचारिक शिक्षा के साथ साथ उनमें श्रेष्ठ आचरण एवं संस्कार को भी धारण कराए जाने हेतु प्रयास



किए जाने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक से पूर्व संभव अभियान के अंतर्गत जागरूकता लाने हेतु *पोषण रैली* को हरी झंडी देकर रवाना किया गया, जिसमें लगभग 300 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने प्रतिभाग किया। साथ ही प्रदेश में लागू नवीन पोषाहार रेसिपी के क्रम में आंगनवाड़ी केंद्र के 2 गर्भवती, 2 धात्री महिलाओं तथा 6 माह से 6 वर्ष तक के 4 लाभार्थियों को अपने हाथों से नवीन पोषाहार के पैकेट दिया बैठक में महिला कल्याण विभाग के उपनिदेशक सहित सभी जिलों के जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों के साथ जनपद प्रयागराज के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी भी उपस्थित रहे ।

## दिव्यांगजनों को मिली नई सौगात

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद ने नगर के समग्र विकास और जन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए वार्ड नंबर-18 स्थित मां कर्मा बाई पार्क में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से विकसित दिव्यांगजन पार्क का भव्य लोकार्पण किया।

अवस्थापना निधि से लगभग 14 लाख 95 हजार रुपये की लागत से तैयार इस पार्क का उद्घाटन नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने नगर के पार्षदों एवं पालिका अधिकारियों की उपस्थिति में किया। तदुपरांत नपाध्यक्ष ने पार्क का निरीक्षण कर वहां दिव्यांगजनों के लिए विकसित की गई सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को पार्क की नियमित साफ-सफाई, हरियाली, सुरक्षा तथा रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## अमरपुर मंडी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर भड़के फल-सब्जी व्यापारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नवीन गल्ला एवं फल-सब्जी मंडी अमरपुर में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर फल एवं सब्जी व्यापारियों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आया। फल एवं सब्जी व्यापारी कल्याण समिति के बैनर तले व्यापारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मंडी परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर कराने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी नहीं की गईं तो 15 जुलाई से प्रस्तावित व्यापार संचालन प्रभावित हो सकता है। इस दौरान सब्जी, फल-फ्रूट व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मो.करीम पप्पू राईन, समिति अध्यक्ष मोहम्मद जमा राईन एवं महामंत्री रघुवीर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से बताया कि मंडी परिसर के बी ब्लॉक की दुकान संख्या 1 से 26 तथा बी एवं सी ब्लॉक के नीलामी चबूतरों पर वर्तमान में गल्ले का भंडारण किया जा रहा है। इससे फल एवं सब्जी व्यापारियों के लिए व्यापार करना कठिन हो गया है। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर सी ब्लॉक के नीलामी स्थल को तत्काल खाली कराया जाए, जिससे व्यापार सुचारु रूप से संचालित हो सके। व्यापारियों ने ज्ञापन में कहा कि दुकानों तक बिजली कनेक्शन तो उपलब्ध करा दिए गए हैं, लेकिन अभी भी विद्युत व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित नहीं है।

## मुख्य न्यायमूर्ति ने हाईकोर्ट परिसर में किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**ब्यूरो प्रयागराज।** वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के तहत ''एक पेड़ मां



के नाम'' के अन्तर्गत रविवार को माननीय मुख्य न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय श्री अरूण भंसाली जी ने अन्य माननीय न्यायमूर्तिगणों के साथ माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद परिसर में पौधरोपण किया।

## समेकित विद्यालय मेजा में 100 उपयोगी पौधों का रोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग व हरितिमा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, गेदुराही मेजा में *एक पेड़ माँ के नाम 100 विभिन्न प्रजातियों के उपयोगी एवं पर्यावरण हितैषी पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के महत्व का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार, शिक्षिका अनिता सरन तथा विद्यालय के अन्य बहुद्देशीय कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी




ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया।

# 29वीं अंतर्जनपदीय बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में सोमवार से तीन दिवसीय 29वीं अंतर्जनपदीय बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने किया। प्रतियोगिता 13 जुलाई से 15 जुलाई तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कानपुर जोन के नौ जनपदों की महिला एवं पुरुष टीमें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक का बैज लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की अनुमति प्रदान की।



प्रतियोगिता में कानपुर देहात, कन्नौज, औरैया, फतेहगढ़, इटावा, झांसी, जालौन, ललितपुर तथा कानपुर नगर की कुल नौ टीमें भाग ले रही हैं। शुभारंभ समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी टीमों के कोच एवं खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद प्रतिभागी खिलाडियों ने पुलिस बैंड द्वारा बजाई गई राष्ट्रीय धुन के साथ मुख्य अतिथि को सलामी दी, जिस पर एसपी ने परेड का मान-प्रणाम ग्रहण किया। एसपी मो. मुश्ताक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माध्यम हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया और प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने बैडमिंटन कोर्ट पहुंचकर शटल खेलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं विजेता टीमों को समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## लायंस क्लब ग्रेटर ललितपुर के सचिव बने सुधीर कुमार मिश्रा 'बंटी'

**ललितपुर।** लायंस क्लब ग्रेटर ललितपुर की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। क्लब की बैठक में आगामी सत्र के लिए मनोज जैन '56' को अध्यक्ष, सुधीर कुमार मिश्रा 'बंटी' को सचिव, रछपाल सिंह को कोषाध्यक्ष तथा मानवेंद्र कौर को जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) चुना गया। बैठक में सभी सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्लब की आगामी सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों पर भी चर्चा की गई तथा समाजहित में अधिक से अधिक जनसेवा कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# वृक्षारोपण महाअभियान के तहत जिले में हुआ वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम के तहत रविवार को जनपद में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे जनपद में लोग पूरे उत्साह के साथ वृक्षारोपण महाअभियान में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। वृहद वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम के तहत मुख्य कार्यक्रम शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नन्द गोपाल गुप्ता नंदी जी ने सर्वप्रथम शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया, मंत्री जी शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, जिलाधिकारी म नीष कुमार वर्मा, मुख्य वन संरक्षक अधि मनोज कुमार सोनकर एवं प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद



कुमार यादव के साथ विधिवत पूजा-पाठ व मंत्रोच्चार के साथ पीपल, बरगद, पाकर, हरिशंकरी के पौधे का रोपण किया। इस अवसर प मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान चलाया गया। इस अभियान के पीछे गहन चिंतन व भावनात्मक संदेश छिपा है, जिस प्रकार मां अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है, ठीक उसी प्रकार मां की तरह ही पेड भी हमें ईश्वर द्वारा प्राप्त वरदान है। पेड से मिलने वाली प्राणवायु ऑक्सीजन मानव जीवन का आधार है। पेड की छाया में हमें सुकुन महसूस होता है, औषधीय गुण वाले पेडो से अनेको जीवन रक्षक दवाएं बनती है। पेड की उपयोगिता व उनका महत्व असीमित है। पेड कई पीढ़ियों के गवाह होते है। कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के दौर में वृक्षारोपण उम्मीद की किरण है। यह आने वाली पीढ़ियो को हमारे द्वारा सौपी गयी सबसे बहुमूल्य विरासत है। पेड, कुआ, तालाब संरक्षित हो, इससे हमारी आने वाली पीढ़िया संरक्षित रहेगी। प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी ने वृक्षारोपण अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया है। वृक्षारोपण अभियान के तहत बड़ी-बड़ी कम्पनियां, विभिन्न संगठनों के लोग वृक्षारोपण अभियान में प्रतिभाग कर रहे है। उन्होंने लोगो से पेड लगाने तथा उन पेडो को संरक्षित किए जाने के लिए कहा। मंत्री जी ने कहा कि वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाये। सभी लोग एक पेड मां के नाम अवश्य रोपित करें। भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त करायी गयी जमीन पर मातृ-पितृ छाया के नाम पर पेड लगाये जाने के लिए कहा है। अपने माता-पिता के नाम पर पेड लगाये, जिससे कि उनकी याद व आर्शीवाद हमेशा आपके साथ रहे। उन्होंने सभी से अभियान को उत्साह, ऊर्जा के साथ पूरा करने का संकल्प लेने तथा देश व समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने का आग्रह किया। विधायक फाफामऊ ने कहा कि धरती मां के कोख से ही हम सब को भोजन, पानी सहित अन्य चीजे प्राप्त होती है। एक पेड़ मां के नाम के तहत हम एक पेड़ लगाएंगे, तो राष्ट्र के नाम एक संदेश जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण महाअभियान के तहत आज विभिन्न क्षेत्रों/संगठनों के लोग जनआंदोलन के रूप में बढ़-चढ़कर इस महाअभियान के भागीदार बन रहे है। उन्होंने कहा कि आज जो पौधे रोपित किये गये है, उन्हें सुरक्षित रखना सबसे बड़ी हमारी जिम्मेदारी होगी। इसलिए एक पेड मां के नाम पर पौधरोपण किया जा रहा है,। प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार यादव ने बताया कि जनपद में पौधरोपण का कुल लक्ष्य 82,68,300 था, जिसके सापेक्ष कुल लगभग 85,12,000 पौधो का रोपण किया गया, इसमें 5 जून को किया गया पौधरोपण भी शामिल है तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों, एनजीओ, व्यापारिक संगठनों, लेबर यूनियन सहित अन्य संगठनों के द्वारा किया गया पौधरोपण भी शामिल है।

## शीतला माता धाम में दर्दनाक हादसाः यमुना में डूबने से 12 वर्षीय छात्र की मौत।

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के डांडी गांव निवासी 12 वर्षीय छात्र की शीतला माता धाम के समीप यमुना नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डांडी निवासी पुनवासी भारतीय का 12 वर्षीय पुत्र ऋतिक भारतीय अपने परिवार के साथ घुरपुर स्थित सारीपुर शीतला माता के दर्शन के लिए गया था। मेले में परिवार के सदस्य पूजा-अर्चना और दर्शन में व्यस्त थे। इसी दौरान ऋतिक पास स्थित यमुना नदी में नहाने चला गया। नदी की अधिक गहराई और तेज बहाव के कारण वह संतुलन खो बैठा और गहरे पानी में डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।ऋतिक अपने परिवार का इकलौता बेटा और तीन बड़ी बहनों का सबसे छोटा भाई था।

# ईरान पर अमेरिकी हमले, सैन्य अभियान का पहला चरण पूरा

## 140 सैन्य ठिकाने बने निशाना, होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को लेकर अमेरिका-ईरान आमने-सामने



**अमेरिका ने रविवार को होर्मुज क्षेत्र में एक कंटेनर जहाज पर हुए हमले के जवाब में ईरान के करीब 140 सैन्य ठिकानों पर कई चरणों में हवाई हमले किए। इनमें मिसाइल एवं ड्रोन प्रक्षेपण स्थल, गोला-बारूद के भंडार, संचार केंद्र और अन्य सैन्य प्रतिष्ठान शामिल रहे। इसके जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया के कई देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। बहरीन, कुवैत, कतर, जॉर्डन और ओमान में मिसाइल हमलों की चेतावनी के बीच सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया।**

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका ने ईरान के खिलाफ हालिया सैन्य अभियान का पहला चरण पूरा होने की घोषणा की है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोमवार को बताया कि ईरान के सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों में वायु रक्षा प्रणाली, रडार केंद्र, मिसाइल और ड्रोन लॉन्चिंग ठिकानों तथा छोटी सैन्य नौकाओं को निशाना बनाया गया। इस अभियान में पहली बार लड़ाकू विमान, युद्धपोत, हवाई ड्रोन और नौसैनिक ड्रोन का संयुक्त रूप से इस्तेमाल किया गया। सेंटकॉम ने स्पष्ट किया कि वैश्विक व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण नहीं है और अमेरिकी सेना व्यावसायिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अमेरिका ने रविवार को होर्मुज क्षेत्र में एक कंटेनर जहाज पर हुए हमले के जवाब में ईरान के करीब 140 सैन्य ठिकानों पर कई चरणों में हवाई हमले किए। इनमें मिसाइल एवं ड्रोन प्रक्षेपण स्थल, गोला-बारूद के भंडार, संचार केंद्र और अन्य सैन्य प्रतिष्ठान शामिल रहे। इसके जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया के कई देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। बहरीन, कुवैत, कतर, जॉर्डन और ओमान में मिसाइल हमलों की चेतावनी के बीच सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया। बहरीन में सोमवार तड़के सायरन भी बजे, हालांकि तत्काल किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं मिली। ईरान के सरकारी मीडिया ने देश के कई हिस्सों में ताजा हवाई हमलों की पुष्टि करते हुए कम से कम एक व्यक्ति की मौत की जानकारी दी। वहीं, ईरान ने दावा किया कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, जबकि अमेरिका ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि समुद्री मार्ग अब भी खुला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान पर 'जबरदस्त बमबारी' की है। दूसरी ओर, ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर कलीबाफ ने चेतावनी देते हुए कहा कि 'एकतरफा समझौतों का दौर खत्म हो चुका है।' इस बढ़ते तनाव पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि क्षेत्र में व्यापक युद्ध दोबारा शुरू हुआ तो इसके परिणाम पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी हो सकते हैं।

# कैलाश पर्वत आज भी अजेय, रहस्य और आस्था का अनोखा संगम

## एवरेस्ट पर हजारों ने चढ़ाई की, लेकिन कैलाश की चोटी आज तक मानव के लिए अछूती



**बताया जाता है कि वर्ष 2001 में चीन ने हेलीकॉप्टर से पर्वत के ऊपर पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन अचानक मौसम बिगड़ने के कारण उसे लौटना पड़ा। इसके बाद चीन सरकार ने कैलाश पर्वत पर चढ़ाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। कैलाश पर्वत के समीप स्थित मानसरोवर झील का मीठा जल और राक्षसताल का खारा पानी भी लोगों के लिए आकर्षण और शोध का विषय हैं। कई लोग कैलाश को 'एक्सिस मुंडी' (ब्रह्मांड का केंद्र) भी मानते हैं।**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर अब तक हजारों पर्वतारोही सफलतापूर्वक पहुंच चुके हैं, लेकिन 6,638 मीटर ऊंचा कैलाश पर्वत आज भी मानव के कदमों से अछूता है। हिंदू धर्म में भगवान शिव और माता पार्वती का निवास स्थान माने जाने वाले इस पर्वत को लेकर आस्था और रहस्य दोनों जुड़े हुए हैं। शोधार्थी रजत रमन दीक्षित के अनुसार, कैलाश से अधिक ऊंचे 100 से ज्यादा पर्वतों पर चढ़ाई हो चुकी है, लेकिन कैलाश पर्वत की चोटी पर आज तक किसी ने विजय हासिल नहीं की। वर्ष 1985 में प्रसिद्ध पर्वतारोही रेनहोल्ड मेसनर को चीन सरकार ने कैलाश पर चढ़ाई का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने इसकी पवित्रता का सम्मान करते हुए इसे ठुकरा दिया। बताया जाता है कि वर्ष 2001 में चीन ने हेलीकॉप्टर से पर्वत के ऊपर पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन अचानक मौसम बिगड़ने के कारण उसे लौटना पड़ा। इसके बाद चीन सरकार ने कैलाश पर्वत पर चढ़ाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। कैलाश पर्वत के समीप स्थित मानसरोवर झील का मीठा जल और राक्षसताल का खारा पानी भी लोगों के लिए आकर्षण और शोध का विषय हैं। कई लोग कैलाश को 'एक्सिस मुंडी' (ब्रह्मांड का केंद्र) भी मानते हैं। हालांकि, कैलाश पर्वत से जुड़े कई दावे और भौगोलिक तथ्यों की स्वतंत्र वैज्ञानिक पुष्टि नहीं हुई है। इसके बावजूद यह पर्वत आस्था, अध्यात्म और रहस्य का अद्भुत प्रतीक बना हुआ है।

# मुंह के छालों से राहत देंगे ये आसान घरेलू उपाय



नई दिल्ली। मुंह के छाले भले ही छोटे होते हैं, लेकिन इनके कारण खाने, पीने और बोलने में काफी दर्द और जलन होती है। अधिकांश मामलों में ये कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाते हैं, लेकिन इस दौरान कुछ घरेलू उपाय असहजता कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मुंह के छाले विटामिन बी-12, आयरन या फोलिक एसिड की कमी, तनाव, हार्मोनल बदलाव, मुंह में चोट या कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण हो सकते हैं। छालों में नमक के गुनगुने पानी से कुल्ला करना सबसे सामान्य उपाय माना जाता है। नमक के एंटीमाइक्रोबियल गुण बैक्टीरिया को कम करने और सूजन घटाने में सहायक हो सकते हैं। वहीं शहद के एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण जलन कम करने और प्रभावित हिस्से पर सुरक्षात्मक परत बनाने में मदद करते हैं। नारियल तेल में मौजूद लॉरिक एसिड बैक्टीरिया और सूजन से लड़ने में सहायक माना जाता है तथा प्रभावित हिस्से में नमी बनाए रखकर दर्द कम कर सकता है। इसके अलावा बेकिंग सोडा मुंह के पीएच स्तर को संतुलित कर जलन कम करने में मदद कर सकता है। दर्द से तत्काल राहत के लिए ठंडा पानी या बर्फ की सिकाई भी लाभदायक हो सकती है, हालांकि बर्फ को सीधे लंबे समय तक छाले पर नहीं रखना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मुंह के छाले दो सप्ताह से अधिक समय तक बने रहें, बार-बार हों या अत्यधिक दर्द व बुखार जैसी समस्या के साथ दिखाई दें, तो घरेलू उपचार पर निर्भर रहने के बजाय चिकित्सक से जांच और उचित उपचार कराना चाहिए।

**विशेषज्ञों के अनुसार, मुंह के छाले विटामिन बी-12, आयरन या फोलिक एसिड की कमी, तनाव, हार्मोनल बदलाव, मुंह में चोट या कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण हो सकते हैं। छालों में नमक के गुनगुने पानी से कुल्ला करना सबसे सामान्य उपाय माना जाता है। नमक के एंटीमाइक्रोबियल गुण बैक्टीरिया को कम करने और सूजन घटाने में सहायक हो सकते हैं। वहीं शहद के एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण जलन कम करने और प्रभावित हिस्से पर सुरक्षात्मक परत बनाने में मदद करते हैं।**

# नियमित कॉफी से लिवर रोगों का खतरा घट सकता है: अध्ययन



**रिसर्च में सिरोसिस और लिवर कैंसर का जोखिम कम मिलने के संकेत, विशेषज्ञ बोले- केवल कॉफी पर न रहें निर्भर**

कॉफी पीने वालों के लिए एक नई रिसर्च राहत भरी खबर लेकर आई है। अमेरिका के सीडर्स-सिनाई के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि नियमित रूप से कॉफी पीने वाले लोगों में लिवर सिरोसिस, लिवर कैंसर और लिवर संबंधी बीमारियों से मृत्यु का जोखिम कम हो सकता है। यह अध्ययन मेडिकल जर्नल क्लिनिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। शोध में ब्रिटेन के यूके बायोबैंक से जुड़े करीब 3.55 लाख लोगों के स्वास्थ्य आंकड़ों का लगभग 13 वर्षों तक विश्लेषण किया गया। अध्ययन के अनुसार, रोजाना पांच या उससे अधिक कप कॉफी पीने वालों में सिरोसिस का खतरा 32 प्रतिशत, लिवर कैंसर का खतरा 47 प्रतिशत और लिवर संबंधी बीमारियों से मृत्यु का जोखिम 42 प्रतिशत तक कम पाया गया। हालांकि शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि सभी लोग अधिक मात्रा में कॉफी पीना शुरू कर दें। अध्ययन में एक से चार कप प्रतिदिन कॉफी पीने वालों में भी सकारात्मक संबंध देखने को मिला, जबकि तीन से चार कप पीने वालों में लाभ सबसे अधिक दिखाई दिया। अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉ. जू डोंग यांग के अनुसार, जो लोग कॉफी आसानी से पचा लेते हैं, उनके लिए सामान्य मात्रा में इसका सेवन लाभकारी हो सकता है। लेकिन केवल लिवर की सुरक्षा के उद्देश्य से कॉफी पीना शुरू करने की सलाह नहीं दी जा सकती। शोध में यह भी पाया गया कि कॉफी पीने वालों के लिवर में फैट, सूजन और फाइब्रोसिस के संकेत अपेक्षाकृत कम थे। दिलचस्प बात यह रही कि कैफीनयुक्त और डिकैफ (बिना कैफीन) दोनों प्रकार की कॉफी से समान लाभ जुड़े पाए गए, जिससे संकेत मिलता है कि कॉफी में मौजूद अन्य जैविक तत्व भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि लिवर को स्वस्थ रखने के लिए केवल कॉफी पर्याप्त नहीं है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मधुमेह पर नियंत्रण और हेपेटाइटिस जैसे संक्रमणों से बचाव भी उतना ही आवश्यक है।

**यह अध्ययन मेडिकल जर्नल क्लिनिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। शोध में ब्रिटेन के यूके बायोबैंक से जुड़े करीब 3.55 लाख लोगों के स्वास्थ्य आंकड़ों का लगभग 13 वर्षों तक विश्लेषण किया गया। अध्ययन के अनुसार, रोजाना पांच या उससे अधिक कप कॉफी पीने वालों में सिरोसिस का खतरा 32 प्रतिशत, लिवर कैंसर का खतरा 47 प्रतिशत और लिवर संबंधी बीमारियों से मृत्यु का जोखिम 42 प्रतिशत तक कम पाया गया। हालांकि शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि सभी लोग अधिक मात्रा में कॉफी पीना शुरू कर दें।**

शोधकर्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अध्ययन केवल कॉफी सेवन और बेहतर लिवर स्वास्थ्य के बीच संबंध दर्शाता है, इससे यह साबित नहीं होता कि कॉफी ही इन लाभों का प्रत्यक्ष कारण है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने टाटा प्रोजेक्ट्स का 940 करोड़ का हाईवे कॉन्ट्रैक्ट बहाल किया, कहा- NHAI का कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने का फैसला 'पहले से तय'

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को राहत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (NHAI), जो संविधान के आर्टिकल 12 के तहत 'राज्य' (State) है, मनमाने ढंग से हाईवे बनाने का कॉन्ट्रैक्ट बीच में ही खत्म नहीं कर सकती और न ही देरी के लिए कॉन्ट्रैक्टर को जिम्मेदार ठहरा सकती है, जब देरी खुद अथॉरिटी की गलती से हुई हो—जैसे कि कॉन्ट्रैक्ट के तहत बिना किसी रुकावट वाली ज़मीन और साफ़ रास्ता न सौंप पाना। जस्टिस अजीत कुमार और जस्टिस स्वरूपमा चतुर्वेदी ने कहा, 'इस मामले में आर्टिकल 12 के तहत 'राज्य' मानी जाने वाली पार्टी का काम जनहित के काम को प्रभावित करने वाला और मनमाना पाया गया। इसलिए यह कोर्ट व्यापक जनहित में न्याय के साथ किसी भी तरह के खिलवाड़ को रोकने की अपनी ज़िम्मेदारी से पीछे नहीं हटेगी। अगर नेशनल हाईवे बनाने के प्रोजेक्ट में देरी 'राज्य' (जो कॉन्ट्रैक्ट की एक पार्टी है) की लापरवाही, असावधानी और मनमानी के कारण होती है तो कोर्ट के लिए इस याचिका में उठाए गए ऐसे कदमों के असली कारणों को समझने के लिए 'कॉर्पोरेट आवरण' (corporate veil) को हटाकर देखना पूरी तरह सही है।' NHAI ने दिसंबर 2018 में गढ़मुक्तेश्वर और मेरठ के बीच NH-709 के 50.254 km हिस्से को चौड़ा और अपग्रेड करने के लिए प्रस्ताव मंगाए, जिसकी लागत ?940.68 करोड़ थी। टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को चुना गया और मार्च 2021 में एक्सेप्टेंस लेटर (स्वीकृति पत्र) जारी किया गया। काम शुरू करने की तारीख 10 अक्टूबर 2021 तय की गई थी और काम पूरा करने की समय-सीमा 10 अक्टूबर 2023 थी। 21 सितंबर 2021 के हैंडओवर मेमोरेंडम में कुल लंबाई के 47.620 km, यानी 94.76% हिस्से के सौंपे जाने की बात दर्ज थी। याचिका को मंज़ूरी देते हुए कोर्ट ने 14 जनवरी 2025 के कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने के आदेश उसके बाद बैंक गारंटी ज़ब्त करने की कार्रवाई और 3 फरवरी 2025 को जारी नए टेंडर रद्द किया। कॉन्ट्रैक्टर के 14 महीनों में काम पूरा करने के वादे को रिकॉर्ड करते हुए और यह देखते हुए कि किसी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं बने थे और कब्ज़ा कॉन्ट्रैक्टर के पास ही था, कोर्ट ने दोनों पक्षों को निर्देश दिया कि वे एक महीने के भीतर साइट का नया संयुक्त निरीक्षण करें और EPC एग्रीमेंट के तहत बड़े जनहित में प्रोजेक्ट का नया शेड्यूल बनाकर उसे पूरा करें।

**जस्टिस अजीत कुमार और जस्टिस स्वरूपमा चतुर्वेदी ने कहा, 'इस मामले में आर्टिकल 12 के तहत 'राज्य' मानी जाने वाली पार्टी का काम जनहित के काम को प्रभावित करने वाला और मनमाना पाया गया। इसलिए यह कोर्ट व्यापक जनहित में न्याय के साथ किसी भी तरह के खिलवाड़ को रोकने की अपनी ज़िम्मेदारी से पीछे नहीं हटेगी।**

# पति-पत्नी की तरह साथ रहने पर वैध विवाह का कड़ा सबूत मांगकर भरण-पोषण से इनकार नहीं किया जा सकता: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि कोई पुरुष और महिला लंबे समय तक पति-पत्नी की तरह साथ रहे हों और उनका वैवाहिक संबंध अन्य परिस्थितियों से स्थापित होता हो, तो भरण-पोषण के दावे को केवल इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता कि वैध विवाह का सख्त दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है। जस्टिस अचल सचदेव ने यह टिप्पणी महाराजगंज फैमिली कोर्ट के उस आदेश को आंशिक रूप से रद्द करते हुए की, जिसमें महिला की भरण-पोषण याचिका केवल इसलिए खारिज कर दी गई थी क्योंकि वह स्वयं को विधिक रूप से विवाहित पत्नी साबित करने वाले दस्तावेज पेश नहीं कर सकी थी। महिला ने अपनी याचिका में कहा था कि वर्ष 2017 में दोनों ने कोर्ट मैरिज के लिए आवेदन किया था। इसके बाद वह पति के साथ रहने लगी और उनके संबंध से एक पुत्र का जन्म हुआ। महिला का आरोप था कि विवाह के बाद उससे अतिरिक्त दहेज, विशेषकर चार पहिया वाहन की मांग की गई, उसके साथ मारपीट की गई और अंततः उसे उसके नाबालिग बेटे के साथ घर से निकाल दिया गया। उसने अपने लिए 25,000 प्रति माह तथा बेटे के लिए 15,000 प्रति माह भरण-पोषण की मांग की थी। दूसरी ओर, पुरुष ने यह स्वीकार किया कि दोनों ने कोर्ट मैरिज के लिए आवेदन किया था, वह महिला के साथ अपने सरकारी आवास में रहा और उनके संबंध से एक पुत्र का जन्म हुआ। हालांकि, उसने दहेज मांगने और प्रताड़ना के आरोपों से इनकार किया। हाईकोर्ट ने पाया कि फैमिली कोर्ट ने पुरुष की इन स्वीकारोक्तियों की अनदेखी करते हुए केवल तकनीकी आधार पर महिला की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि जब दोनों के पति-पत्नी की तरह साथ रहने और उनके संबंध से संतान होने के तथ्य स्वीकार हैं, तब केवल वैध विवाह के कठोर प्रमाण के अभाव में भरण-पोषण से इनकार करना उचित नहीं है। हालांकि, हाईकोर्ट ने नाबालिग बच्चे को ?5,000 प्रतिमाह भरण-पोषण देने के फैमिली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा और कहा कि धारा 125 सीआरपीसी के तहत पिता का दायित्व वैध और अवैध, दोनों प्रकार की संतान का भरण-पोषण करना है।

# मंदिर चंदा घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच टीम आईएएस अधिकारी धोखाधड़ी जाल साजी का है मुकदमा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** राम मंदिर चंदा घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) का नेतृत्व कर रहे 2004 बैच के आईएएस अधिकारी विजय विश्वास पंत को कथित धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़े एक आपराधिक मामले में आरोपी बनाया गया है। उनके खिलाफ मामला 2013 से 2015 तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बिजली वितरण विभाग के शीर्ष अधिकारी के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान हुई घटनाओं से संबंधित है । फरवरी 2019 में, पंत उन 14 अधिकारियों में शामिल थे, जो पश्चिमी विद्युत वितरण निगम (डब्ल्यूईडीसी) से संबंधित थे और जिनके खिलाफ मेरठ के परिक्षितगढ़ पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 465 (जालसाजी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) एक श्रम ठेकेदार की शिकायत के बाद दर्ज की गई, जिसने विभाग के अधिकारियों पर अपने भुगतान रोकने के लिए सरकारी रिकॉर्ड में हेरफेर करने का आरोप लगाया था। हालांकि पंत का नाम एफआईआर में डब्ल्यूईडीसी के प्रबंध निदेशक के रूप में दर्ज है - यह पद उन्होंने 7 फरवरी, 2013 से 3 दिसंबर, 2015 तक संभाला था - लेकिन मुख्य आरोप सीधे तौर पर उन्हें लक्षित नहीं करते प्रतीत होते हैं। पंत वर्तमान में लखनऊ के संभागीय आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं। जब 2019 में श्रम ठेकेदार शिवकुमार शर्मा की शिकायत पर यह मामला मूल रूप से दर्ज किया गया था, तब वे कानपुर के जिला मजिस्ट्रेट थे। एसआईटी प्रमुख और लंबित धोखाधड़ी मामले के बीच संबंध की खबर सबसे पहले हिंदी भाषा के पत्रकार अभिषेक उपाध्याय ने अपने सोशल मीडिया चैनल ' टॉप सीक्रेट' पर दी थी । 'जो व्यक्ति स्वयं धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपों में जांच के दायरे में है, वही राम मंदिर में हुए गबन, धोखाधड़ी और जालसाजी की जांच कर रहा है! तो राम मंदिर की जांच निष्पक्ष कैसे होगी? यह ठीक वैसे ही होगी जैसे सरकार निर्देश देगी,' उपाध्याय ने 8 जुलाई को ङ्क पर लिखा। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने राम मंदिर चंदा घोटाले के बारे में बात करते हुए इस मामले का जिक्र किया। उन्होंने पंत का नाम लेते हुए कहा, 'भाजपा सरकार ने मंदिर के चढ़ावे की चोरी की जांच कर रही एसआईटी के प्रमुख के रूप में उसी व्यक्ति को नियुक्त किया है जिस पर लूट और गबन का आरोप है।' 'एसआईटी एक लीपापोती है। और मैंने सुना है कि एसआईटी पर ही सवाल उठ रहे हैं। इसके एक सदस्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत एफआईआर दर्ज है। अब बताइए, क्या ऐसा व्यक्ति एसआईटी में बना रहेगा?' समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए यह बात कही।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बदली 8वीं की किताब ज्यूडिशियरी, नेताजी और बंटवारे वाले चैप्टर में बड़े बदलाव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद कक्षा 8 की सोशल साइंस की संशोधित किताब जारी कर दी है। नई पुस्तक में सिर्फ न्यायपालिका (ज्यूडिशियरी) वाले अध्याय में ही नहीं, बल्कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भारत के बंटवारे और विनायक दामोदर सावरकर से जुड़े हिस्सों में भी कई अहम बदलाव किए गए हैं। यह संशोधन सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद किया गया, जिसमें पुराने संस्करण को वापस लेने और उसकी जगह नया संस्करण प्रकाशित करने को कहा गया था। संशोधित पुस्तक 'समाज का अध्ययनः भारत और उसके आगे' में आजाद हिंद फौज के गठन से जुड़े नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संदर्भों में बदलाव किया गया है। पहले किताब में लिखा था कि नेताजी ने 'हिटलर' से मदद मांगी थी और हिटलर को उसकी 'नस्लवादी नाजी विचारधारा और विस्तारवादी लक्ष्यों' के कारण दूसरा विश्व युद्ध शुरू होने से जोड़ा गया था। नए संस्करण में हिटलर और नाजी विचारधारा से जुड़े ये सभी संदर्भ हटा दिए गए हैं। अब केवल यह कहा गया है कि नेताजी ने सेना खड़ी करने के लिए ब्रिटिश विरोधी ताकतों से समर्थन मांगा था। इतिहास के अध्याय India's Long Road to Independence में भारत के बंटवारे को लेकर भी बदलाव किया गया है। अब किताब में लिखा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने विभाजन का व्यापक विरोध किया था और इसे स्वीकार करना ही एकमात्र रास्ता था या नहीं, यह आज भी बहस का विषय है। वहीं, पुरानी किताब में मौजूद वह पंक्ति हटा दी गई है, जिसमें कहा गया था कि विभाजन के दौरान जब उपमहाद्वीप में सांप्रदायिक कत्लेआम हो रहा था, तब कांग्रेस नेता बेबस थे। इसके अलावा संशोधित पुस्तक में यह भी जोड़ा गया है कि 1925 में विनायक दामोदर सावरकर ने भी स्वराज की मांग की थी, जबकि पिछले संस्करण में इसका उल्लेख नहीं था। विवाद के बाद ज्यूडिशियरी वाले अध्याय को पूरी तरह दोबारा लिखा गया है। अब इसमें न्यायपालिका की आलोचना से हटकर उसकी संवैधानिक भूमिका और कार्यों को समझाने पर जोर दिया गया है। पहले जहां न्यायपालिका में भ्रष्टाचार, न्यायिक देरी और न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों जैसे मुद्दों का जिक्र था, उन्हें हटाकर अब भारतीय न्यायपालिका की संरचना, संविधान के अनुच्छेद 32 और 226 के तहत उपलब्ध संवैधानिक उपाय, पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (PIL), ट्रिब्यूनल, आर्बिट्रेशन और मीडिएशन जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान के तरीकों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही ई-फाइलिंग, हाइब्रिड कोर्ट हियरिंग और अदालत की कार्यवाही की लाइव-स्ट्रीमिंग जैसी हालिया तकनीकी पहलों की जानकारी भी दी गई है। संशोधित किताब के एक्नॉलेजमेंट सेक्शन में कहा गया है कि यह संस्करण एक समीक्षा प्रक्रिया के बाद प्रकाशित किया गया, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार एक स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) रिट याचिका में की गई थी। इसमें यह भी बताया गया है कि ज्यूडिशियरी वाले अध्याय को शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप दोबारा तैयार किया। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पुराने कंटेंट का स्वतः संज्ञान लेते हुए ज्यूडिशियरी अध्याय के कुछ हिस्सों को आपत्तिजनक बताया था। अदालत ने NCERT को किताब की सभी प्रिंट और डिजिटल प्रतियां वापस लेने, उनके प्रसार पर रोक लगाने और संशोधित संस्करण प्रकाशित करने का निर्देश दिया था।